• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 24 | अंक 99 | पृष्ठ : 24
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 18 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-पंचमी
विक्रम संवत-2083


साहस | पिस्टल भी नहीं उठती थी, अब राही के निशाने पर एशियाड स्वर्ण...स्पोर्ट्स | दिल्ली-एनसीआर





GAURS
your own world
RERA NO.: UPRERAPRJ622344/11/2025
https://up-rera.in/projects
COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: GAURSONS PROMOTERS PVT LTD
COLLECTION A/C FOR GAUR CHRYSALIS (Phase 1)
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 9150397619
BANK NAME: KOTAK MAHINDRA BANK | IFSC CODE: KKBK0005028
BANK ADDRESS: FIRST FLOOR, SHOP NO. 104 & 105 & 106, HARSHA MALL, ALFA-1, COMM. BELT, GR. NOIDA | LAUNCH DATE: 04-11-2025
WHERE LIFE'S FINEST MOMENTS FIND THEIR WINGS
Every residence here is designed to enrich the way you live, with world-class amenities and lush green landscapes that elevate everyday living.
Image used for representation purpose only | T & C Apply
ANOTHER IDEA
THEMED LUXURY RESIDENCES
NOW AT A BSP OF ₹8499*
MINUTES FROM NOIDA INTERNATIONAL AIRPORT
Beautiful Central Landscaped Greens in 3.23 Hectares (8 Acres)*
Approx. 9290 sqm / 1 Lakh Sq.Ft. Clubhouse*
(85,000 sq.ft. Built-up area + 15,000 sq.ft. Terrace area)
60+ Lifestyle Amenities* for Every Generation
83739 44460
Scan for Location
A PROJECT BY GAURS GROUP
Corp. Office: Gaur Biz Park, Plot No. 1, Abhay Khand II, Indirapuram, Ghaziabad, (U.P.) 201014 India
Member of CREDAI
3 Decades of Unfaltering Commitment | 75+ Successfully Delivered Projects | 75,000+ Successfully Delivered Units | 3,00,000+ Happy Customers

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

वर्ष 24 | अंक 98

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

**महंगाई** गेहूं एक महीने में 8 फीसदी महंगा, बढ़ सकती हैं खाद्य तेल की कीमतें...कारोबार

दिल्ली-एनसीआर

सत्यमेव जयते
Government of India



## विकसित भारत
## के लिए आधुनिक रेल, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर

# ₹5,500 करोड़
की लागत की रेल एवं सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

### देश भर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों

* सिटी सेंटर के तौर पर विकसित हो रहे हैं स्टेशन
* क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा
* यात्री अनुकूल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
* स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला से प्रेरित बिल्डिंग डिजाइन
* बेहतर पार्किंग और प्रतीक्षालय से युक्त
* जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और हरित क्षेत्र का प्रबंध

जालंधर कैंट


मुक्तसर



### दौलतपुर चौक – करतोली पंजाब रेल लाइन

* बेहतर यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी
* पर्यटन, व्यापार और स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहन

### 4 लेन एक्सेस-नियंत्रित दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज 6, NE-5)
(लंबाई - 30.91 किमी)

* दिल्ली से कटरा (जम्मू-कश्मीर) तक 667 किमी के मेगा कॉरिडोर का हिस्सा
* श्री माता वैष्णो देवी कटरा और स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) तक हाई-स्पीड कनेक्टिविटी
* हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहन
* एक्सेस-नियंत्रित डिज़ाइन से रिबन डेवलपमेंट और मिश्रित-यातायात की समस्याएं समाप्त होती हैं।

**का उद्घाटन**



* अमृतसर (छेहरटा) – वाराणसी एक्सप्रेस
* करतोली पंजाब – अम्बाला एक्सप्रेस

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**



### 6 लेन वाला ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास (लंबाई - 25.24 किमी)

* NH-44 को दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे और प्रस्तावित लुधियाना-भटिंडा राजमार्ग से जोड़ता है - एक महत्वपूर्ण त्रि-मार्गीय जंक्शन
* लुधियाना से भटिंडा और दक्षिण-पश्चिमी पंजाब तक का सबसे छोटा और सबसे द्रुतगामी मार्ग
* भारी वाणिज्यिक वाहनों सहित सभी वाहनों को लुधियाना के भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्र से पूरी तरह से बचने की सुविधा
* पूरे लुधियाना में औद्योगिक उत्पाद, कृषि उपज और माल ढुलाई को सुगम बनाता है।

**का शिलान्यास**

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के द्वारा

17 जुलाई 2026 | अपराह्न 3:30 बजे | जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन

**गरिमामयी उपस्थिति:**

**गुलाब चंद कटारिया**
राज्यपाल, पंजाब

**भगवंत मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रवनीत सिंह**
रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**चरणजीत सिंह चन्नी**
संसद, सदस्य

## भारतीय रेल

डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailminIndia

# आम या खास प्रभु का रथ खींचने को सबने बढ़ाए हाथ

## महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा पाने को खींचे आस्था के रथ, पुरी की परंपरा के अनुरूप तीन अलग-अलग रथों का पहली बार राजधानी में हुआ संचालन

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। बृहस्पतिवार को त्यागराज नगर, हौज खास, वसंत कुंज, रोहिणी और पूर्वी दिल्ली के झिलमिल स्थित श्री जगन्नाथ मंदिरों से निकली पारंपरिक रथ यात्राओं में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यात्रा मार्ग पर इस दौरान भजन-कीर्तन, पुष्पवर्षा हुई। सेवा शिविर भी लगे।

त्यागराज नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित 59वीं रथ यात्रा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की परंपरा मानवता, सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व का संदेश देती है। वहीं, इस रथ यात्रा में दक्षिण दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज और विधायक नीरज बसोया भी मौजूद रहे।

**देवी सुभद्रा के रथ को केवल महिला श्रद्धालुओं ने खींचा :** इस साल की रथयात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के लिए पुरी की परंपरा के अनुरूप नंदीघोष, तलध्वज और देवदलन नाम के तीन अलग-अलग रथों का पहली बार दिल्ली-एनसीआर में संचालन रहा। महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए देवी सुभद्रा के देवदलन रथ को केवल महिला श्रद्धालुओं ने खींचा।

**50 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था :** पारंपरिक पाहंडी बीजे और छेरा पहंरा अनुष्ठान के बाद रथ यात्रा त्यागराज स्टेडियम से शुरू होकर निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए गुंडिचा मंदिर पहुंची, जहां भगवान नौ दिनों तक विराजमान रहेंगे। 50 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि ठाकुर जी को भोग लगाने के लिए कोलकाता से माटी के बर्तन मंगाए गए हैं। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, जल छिड़काव और निःशुल्क अन्न प्रसाद की व्यापक व्यवस्था की गई थी। ओडिशा के सांस्कृतिक दलों ने घोड़ा नाच, बाघ नाच और पाइका युद्ध नृत्य की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।



नई दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से निकाली गई रथयात्रा में हजारों की संख्या में लोग उमड़े। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के साथ गूंजते जयघोषों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। देवी सुभद्रा का रथ केवल महिलाओं ने खींचा। भूपिंदर सिंह


उत्साह देखते ही बना। संवाद


महिलाओं में दिखा उत्साह। संवाद


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज ने खींचा रथ। संवाद


रोहिणी में रथ के रास्ते में झाड़ू लगातीं सीएम रेखा गुप्ता। जी पाल


झाड़ू लगाकर परंपरा निभाते उपराज्यपाल। अमर उजाला

### सीएम ने निभाई छेरा पहरा की परंपरा

**नई दिल्ली।** सीएम ने रोहिणी के भगवान जगन्नाथ मंदिर की रथयात्रा में हिस्सा लिया और पारंपरिक छेरा पहरा अनुष्ठान निभाते हुए महाप्रभु के रथ के आगे झाड़ू लगाई। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने कहा कि यह परंपरा बताती है कि जनसेवा और विनम्रता ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। मुख्यमंत्री ने रथयात्रा को सेवा, समर्पण, सामाजिक समरसता और लोककल्याण का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना भी की। इसके बाद उन्होंने छेरा पहरा की परंपरा निभाते हुए रथ के समक्ष झाड़ू लगाई। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग स्थित शिव मंदिर जगन्नाथ दरबार में सैनी धर्मशाला समिति की ओर से आयोजित रथयात्रा में भी हिस्सा लिया। ब्यूरो

### रथयात्रा सभ्यता, समरसता का प्रतीक : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन सभ्यतागत विरासत, आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने रोहिणी सेक्टर-11 स्थित जगन्नाथ मंदिर में ओड़िया समाज की ओर से आयोजित गुंडिचा एवं बहुदा रथयात्रा-2026 में भाग लिया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना की।अध्यक्ष ने भगवान जगन्नाथ की परंपराओं के संरक्षण के लिए ओड़िया समाज के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसा आयोजन नई पीढ़ी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और साझा सभ्यतागत मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते रहेंगे। ब्यूरो

### 11 हजार किलो आम बांटे

**नई दिल्ली।** इस्कॉन द्वारका द्वारा आयोजित रथ यात्रा में भगवान को 108 प्रकार के आम से सजाकर 11,000 किलो आम का भोग अर्पित किया गया, जिसे बाद में प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। रथ यात्रा द्वारका के विभिन्न सेक्टरों और प्रमुख मार्गों से होकर निकली, बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो

**सेवा, विनम्रता और समानता का प्रतीक है रथयात्रा : उपराज्यपाल :** वहीं, हौज खास स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित 48वीं वार्षिक रथ यात्रा का भी शुभारंभ दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने किया। रथ यात्रा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, विनम्रता और समानता जैसे भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार 27 जुलाई तक 11 दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव आयोजित होगा। 20 जुलाई को हेरा पंचमी, 24 जुलाई को बहुदा यात्रा, 25 जुलाई को सुना बेशा, 26 जुलाई को अधरा पाना और 27 जुलाई को नीलाद्री बीजे जैसे प्रमुख धार्मिक आयोजन होंगे। हौज खास और त्यागराज नगर के मंदिरों में प्रतिदिन शाम भजन-कीर्तन, ओडिशी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# पहाड़ से दूर पीढ़ियों को जोड़ रही उत्तराखंड की लोक परंपरा हरेला


लोक परंपरा का निर्वहन करते उत्तराखंड समाज के लोग। संवाद

काजल कुमारी

कम्युनिटी कनेक्ट

**नई दिल्ली।** आधुनिक जीवन की भागदौड़ के बीच भी उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराएं लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बनी हुई हैं, हरेला पर्व इसका जीवंत उदाहरण है। हरेला पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और परिवार को जोड़ने वाली एक जीवंत परंपरा है, जिसे शहर में बसे उत्तराखंड के परिवार आज भी पूरे श्रद्धा भाव से बना रहे हैं।

बदरपुर निवासी दिगंबर सिंह बिष्ट बताते हैं कि पहले हर वर्ष हरेला मनाने गांव जाते थे, लेकिन अब जिम्मेदारियों के चलते ऐसा संभव नहीं हो पाता। इसके बावजूद परंपरा नहीं टूटी। हरेला से दस दिन पहले छोटी टोकरी में मिट्टी डालकर सात अनाज मिलाकर बोए जाते हैं। रोज सुबह पूजा करके इसमें हल्का पानी डाला जाता है।

हरेले के दिन पूजा संपन्न होने के बाद, घर के बड़े-बुजुर्ग मंत्रोच्चारण करते हुए दरांती या हाथ से सम्मानपूर्वक हरेले के तिनकों को काटते हैं। सबसे पहला हिस्सा भगवान को चढ़ाया जाता है। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों के सिर में मंत्रोच्चारण के बाद इसे रखा जाता है। मान्यता है कि इससे बच्चों के कष्ट दूर होते हैं और उन्हें सुख, स्वास्थ्य तथा दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है।

नजफगढ़ निवासी उषा बताती हैं कि गांव से दूरी जरूर बढ़ी है, लेकिन अपनापन नहीं। हरेला के दिन वे वीडियो कॉल के माध्यम से अपने गांव के परिजनों से जुड़ती हैं, वहां की पूजा में शामिल होती हैं और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करती हैं। विजय नगर की प्रगति ने बताया कि परिवार के साथ हर साल हरेला का पर्व शहर में रहकर मनाते आ रहें हैं।

# गुरुद्वारा कमेटी ने तीन रागी जत्थों को शिरोमणि अवॉर्ड से किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बृहस्पतिवार को गुरुद्वारा बंगला साहिब में आयोजित 23वें राग दरबार कीर्तन समागम के दौरान भाई गुरदीप सिंह, भाई हरजीत सिंह और भाई गुरमीत सिंह के जत्थे को दूसरे शिरोमणि रागी अवॉर्ड से सम्मानित किया।

कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि राग दरबार कीर्तन समागम का उद्देश्य गुरमत रागों में पारंपरिक कीर्तन को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को गुरु साहिबानों की कीर्तन परंपरा से जोड़ना है। कमेटी ने शिक्षा से जुड़ी अपनी कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से ग्रंथी सिंहों, रागी सिंहों, सेवादारों और सिंह सभाओं के कर्मचारियों के बच्चों की गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों में 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ की जा रही है। ब्यूरो




6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
वर्ष 24 | अंक 98

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत-2083



**संयुक्त राष्ट्र** भारत के पास देने को बहुत कुछ...कई क्षेत्र में कर रहा वैश्विक नेतृत्व...14 दिल्ली-एनसीआर




### सातवीं बार फाइनल में अर्जेंटीना स्पेन से खिताबी भिड़ंत 20 को

**अटलांटा।** आखिरी पलों में बाजी पलटती रही अर्जेंटीना ने दूसरे सेमीफाइनल में भी चमत्कारिक प्रदर्शन कर इंग्लैंड को 2-1 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के 85वें मिनट तक 0-1 से पिछड़ी अर्जेंटीना लियोनल मेसी के मैजिक से आखिरी 7 मिनट में 2 गोल दागते हुए सातवीं बार खिताबी मुकाबले में पहुंच गई।

**पहला गोल :** एंजो फर्नांडीज ने 85वें मिनट में किया। मेसी के पास को गोल में बदलकर उन्होंने अर्जेंटीना को बराबरी पर ला दिया। एजेंसी

#### शानदार पास...शक्तिशाली हेडर

1. **निर्णायक गोल** स्टॉपिज टाइम (90+2 मिनट) में लुटारो मार्टिनेज के खाते में आया। मेसी ने जेड स्पेंस को दाईं तरफ से छकाते हुए दीवार बने पिकफोर्ड के ऊपर से बैक पोस्ट सटीक क्रॉस दिया।
2. वहां खड़े मार्टिनेज के शक्तिशाली हेडर को रोकने वाला कोई नहीं था।
3. शानदार गोल और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने का इतिहास रच दिया।

>> स्पोर्ट्स

# नीट-यूजी : 11.21 लाख अभ्यर्थी क्वालीफाई, बेटियां आगे

## पंजाब के आर्यन और हरियाणा के पंशुल अव्वल ■ 19 बच्चों को 700 से अधिक अंक

**नई दिल्ली।** देश के मेडिकल कॉलेजों में स्नातक दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 में 11.21 लाख अभ्यर्थी पास हुए हैं। पंजाब के आर्यन गुप्ता एवं हरियाणा के पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से सबसे ज्यादा 715 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। देशभर में 7वीं रैंक हासिल करने वाले आर्यन दुबे यूपी के टॉपर हैं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से बृहस्पतिवार रात घोषित नतीजों में 19 अभ्यर्थियों को 700 से अधिक अंक आए हैं। 138 ने 720 में से 690 से ज्यादा अंक हासिल किए, इनमें से 93 फीसदी से ज्यादा उम्मीदवार पहली बार नीट-यूजी में शामिल हुए थे। ये अभ्यर्थी मेडिकल, डेंटल, आयुष कोर्स के स्नातक दाखिले के लिए उत्तीर्ण हुए हैं।

एनटीए ने कहा, नतीजे समय पर घोषित कर दिए हैं, ताकि काउंसलिंग व दाखिले का शिड्यूल सही चल सके। नतीजे से पहले फाइनल आंसर-की जारी हुई थी। ब्यूरो >> एक सवाल हटाया, एक के दो उत्तर सही माने : पेज 9



आर्यन गुप्ता | पंशुल बंसल

परीक्षा में 20 लाख छात्र शामिल हुए थे। उत्तीर्ण होने वालों में 58 प्रतिशत से ज्यादा छात्राएं हैं। *सर्वाधिक 1.7 लाख से ज्यादा सफल अभ्यर्थी यूपी के हैं।*

#### किस वर्ग के कितने सफल

**सामान्य :** 2.91 लाख, **ओबीसी गैर क्रीमीलेयर :** 5.12 लाख, **अनुसूचित जाति :** 1.59 लाख, **अनुसूचित जनजाति :** 63,716, **ईडब्ल्यूएस :** 95,026, **बेंचमार्क दिव्यांग :** 3,666 व **दिव्यांग :** 303।

■ *नीट-यूजी, 2026 की पहली परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं के कारण रद्द करनी पड़ी थी और इसलिए इसकी पुनर्परीक्षा 21 जून को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 5,440 केंद्रों पर आयोजित की गई थी।*

#### कटऑफ 213...छह साल में सबसे ज्यादा

नीट-यूजी में इस बार सामान्य वर्ग के लिए कटऑफ 213, तो आरक्षित वर्ग में 177 है।

■ शिक्षाविद केशव अग्रवाल के अनुसार नीट की कटऑफ छह साल में सबसे अधिक है।

■ वर्ष 2024 में पेपर आसान था, तो कटऑफ 162 थी।

■ 2025 और 2026 का पेपर का कठिनाई स्तर लगभग एक जैसा था। 2025 में कटऑफ 144 थी। इस बार यह 48 फीसदी बढ़ गई है।

# सरकार का सख्त आदेश...होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर तैनात न करें भारतीय नाविक

## अमेरिका-ईरान जंग तेज होने के चलते सरकार ने उठाया कदम, जहाज कंपनियों, प्रबंधकों को अगले आदेश तक तैनाती से रोका

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली/दुबई।** अमेरिका-ईरान के बीच जंग तेज होती देख भारत सरकार ने जहाज मालिकों, प्रबंधकों और भर्ती करने वाली कंपनियों को भारतीय नाविकों को होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जाने वाले जहाजों पर तैनात न करने का आदेश दिया है। सरकार ने यह कदम क्षेत्र में तीन दिनों में जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीय नाविकों की मौत को देखते हुए उठाया है।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने बुधवार देर रात जारी आदेश में कहा, होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर अगले आदेश तक किसी भी भारतीय नाविक तैनाती न की जाए। फारस की खाड़ी में सुरक्षा के बिगड़ते हालात के कारण व्यावसायिक जहाजों और नाविकों के लिए जोखिम बहुत अधिक बढ़ गया है। आदेश में जहाजों के कप्तानों को फारस की खाड़ी, होर्मुज और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में पूरी तरह सतर्क रहने और सुरक्षा चेतावनियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा नाविक आपूर्तिकर्ता है। वैश्विक शिपिंग जहाजों पर तीन लाख से अधिक भारतीय नाविक कार्यरत हैं।



होर्मुज से बृहस्पतिवार को गुजरता जहाज।

#### अमेरिका ने पहली बार तेहरान में गिराए बम

अमेरिका ने ईरान के खिलाफ हमले और तेज कर दिए हैं। बृहस्पतिवार तड़के अमेरिकी सेना ने उत्तरी ईरान में राजधानी तेहरान और सेमनान प्रांत में कई ठिकानों पर हमले किए। उन क्षेत्रों को निशाना बनाया गया, जहां ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और अंतरिक्ष कार्यक्रम स्थित है।

■ इसके अलावा हमदान, होर्मोजगान, खुजेस्तान, लोरेस्तान प्रांतों में भी हमले हुए। ताजा संघर्ष में अमेरिकी सेना ने पहली बार तेहरान में बम गिराए हैं।

अमेरिकी सेना ने फारस की खाड़ी में खार्ग द्वीप की ओर जा रहे कुराकाओ के झंडे वाले तेल टैंकर बेल्मा पर मिसाइल दागी। सेना के अनुसार, जहाज ने कई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था।

■ अमेरिकी सेना ने दावा किया कि चिमनी पर मिसाइल दागकर उस व्यापारिक जहाज को निष्क्रिय कर दिया।

#### ट्रंप फिर बोले-ईरान समझौता चाहता है

ट्रंप ने फिर कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, पर इसके बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि समझौता करते हैं या इसे पूरी तरह खत्म कर देते हैं। वहीं, पाकिस्तान ने कहा है कि वह मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है, पर यह मुश्किल होता जा रहा है।

#### ईरान ने बुनियादी ढांचों पर हमले की दी धमकी

हमले के जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देशों बहरीन, जॉर्डन और कुवैत पर मिसाइल और ड्रोन दागे। इन देशों ने ईरानी हमलों की पुष्टि की, लेकिन इससे हुए नुकसान या हताहतों के बारे में कुछ नहीं बताया। ईरान ने इराक के इरबिल इलाके में भी ड्रोन से हमला किया। इराकी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन को रास्ते में ही रोक दिया गया।

■ ईरानी सेना के प्रवक्ता कर्नल इब्राहिम जोल्फघारी ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका ने ट्रंप के धमकियों पर अमल करते हुए ईरानी पुलों या बिजली संयंत्रों पर हमला किया, तो ईरान क्षेत्र के सभी बुनियादी ढांचों को तबाह कर देगा। हम किसी भी परिस्थिति में अमेरिका को होर्मुज में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे।

# डिफॉल्टर बैंकों से वापस नहीं खरीद सकेंगे अपनी जब्त संपत्ति

## अक्तूबर से लागू होगा आरबीआई का नया नियम

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि बैंक वसूली प्रक्रिया के तहत किसी असाधारण स्थिति में हासिल अचल संपत्ति को मूल उधारकर्ता या उससे संबंधित पक्षों को वापस नहीं बेच सकते हैं। आरबीआई का यह नियम एक अक्तूबर से प्रभावी होगा। इसका अर्थ है कि डिफॉल्टर अपनी जब्त संपत्ति अब बैंकों से वापस नहीं हासिल कर सकते।

आरबीआई ने कहा, सामान्य हालात में बैंकों से अपने नियमित ऋण कार्यों के बदले गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों के स्वामित्व में आने की अपेक्षा नहीं की जाती है। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में ऋण जब एनपीए (फंसा कर्ज) में बदल जाता है और कानूनी या संविदात्मक उपाय अपनाए जाते हैं, तब बैंक गिरवी रखी अचल संपत्ति का स्वामित्व वसूली रणनीति के तहत ले सकते हैं। इस तरह, हासिल गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन को स्पष्ट करने के लिए मानदंड जारी किए गए हैं। एजेंसी

#### जब्त संपत्तियों को जल्द नीलामी में बेचें बैंक

केंद्रीय बैंक ने कहा, बैंक को जब्त परिसंपत्तियों को यथाशीघ्र सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बेचने का प्रयास करना चाहिए। इससे पहले मई में आरबीआई ने इन नियमों का मसौदा जारी कर हितधारकों से सुझाव मांगे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में तीसरी भाषा नीति पर चिंता जताई, कहा...

# तीसरी भाषा 5वीं या छठी से शुरू करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू किए जाने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा, इससे छात्रों का तनाव बढ़ेगा। यदि तीसरी भाषा लागू करनी है, तो इसे पांचवीं या छठी कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे इसे आसानी से सीख व समझ सकें।

जस्टिस बीवी नागरत्ना एवं जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार से कहा, नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू नहीं की जानी चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र के वकील से कहा, इससे छात्रों का तनाव अनावश्यक रूप से बढ़ जाएगा। नौवीं कक्षा में पहले ही पढ़ाई का तनाव होता है, जो 8वीं कक्षा से ही शुरू हो जाता है। उन्होंने कोर्ट की भावना से सरकार को अवगत कराने को भी कहा। ब्यूरो

#### तमिलनाडु की याचिका पर पीठ कर रही सुनवाई

पीठ ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उसने मद्रास हाईकोर्ट के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश को चुनौती दी है। राज्य सरकार लंबे समय से इन विद्यालयों में लागू त्रिभाषा नीति का विरोध करती रही है।



*पीठ सीधे तौर पर सीबीएसई की नई भाषा नीति की वैधता पर सुनवाई नहीं कर रही थी, पर उसने विद्यालयों में तीसरी भाषा शुरू किए जाने के उपयुक्त समय को लेकर अपनी टिप्पणी की।*

**हिंदी को जरूरी नहीं बनाया है :** तमिलनाडु सरकार के वकील ने कहा, राज्य का एतराज तीन भाषा नीति से जुड़ा है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, नीति में हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर जरूरी नहीं बनाया गया है। राज्य की भाषा पढ़ाई जानी चाहिए, अंग्रेजी पढ़ाई जानी चाहिए और कोई भी तीसरी भाषा। इसमें हिंदी नहीं लिखा है। एनजीओ कुमारी महासभा के वकील ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कहा गया है कि किसी भी राज्य पर कोई भी भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए।

■ राज्य के वकील ने कहा कि तीसरी भाषा कक्षा 9 से जरूरी हो जाती है। तब जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह बहुत गलत है। 9वीं कक्षा बहुत तनावपूर्ण होती है। कोई नई भाषा शुरू करनी है, तो छठी कक्षा में क्यों नहीं करते?

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद, सात गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अवैध हथियारों और उग्रवादी गतिविधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने बुधवार को कई जिलों में संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। अलग-अलग अभियानों में एक उग्रवादी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, इंफाल पश्चिम जिले के इशोक मामांग लीकाई में चले तलाशी अभियान में छह राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल और विभिन्न बोर के 26 कारतूस बरामद किए गए। इसी तरह, जिरीबाम जिले के जंगलों में चलाए गए एक अन्य अभियान में एक पम्पी गन, दो देसी पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, चार सिंगल बैरल बंदूकें, 331 कारतूस, तीन 51 एमएम मोर्टार गोले, विभिन्न हथियारों के 17 मैगजीन जब्त की गई। दूसरी ओर, इंफाल पूर्व जिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 11 कारतूस जब्त हुए। इसी जिले में प्रतिबंधित संगठन केसीपी-एमसी (प्रोग्रेसिव) के उग्रवादी को भी दबोचा गया। उसे पोरोमपट थाना क्षेत्र के खुरई अहोंगेई थांगजाम लीकाई इलाके से पकड़ा गया। ब्यूरो

# वांगचुक की सेहत पर नजर रखें : हाईकोर्ट

## हर जीवन कीमती, सरकार ने हरसंभव इलाज देने का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर रोजाना नजर रखी जाए। अदालत ने कहा कि सरकारी डॉक्टर रोज उनकी जांच करें। यदि तबीयत बिगड़ती है, तो डॉक्टरों की सलाह से चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए।

हाईकोर्ट ने कहा, किसी भी नागरिक का जीवन कीमती है और उसे बचाने के लिए सरकार को हरसंभव प्रयास करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की पीठ ने वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर दायर जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। नीट में अनियमितताओं के विरोध में वांगचुक जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन में 28 जून से शामिल हैं और तभी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। आंदोलन कॉकरोच जनता पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुरू किया है। वांगचुक का वजन करीब 8.5 किलो गिरा है। ब्यूरो



जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक का हाल पूछतीं सपा सांसद डिंपल यादव।

# डीजल-एटीएफ निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा और पेट्रोल पर घटा

**नई दिल्ली।** सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल निर्यात पर इसमें कटौती की गई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, डीजल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) बढ़ाकर 8.5 रुपये से 15.5 रुपये प्रति लीटर, एटीएफ यह 7.5 रुपये से बढ़कर 14.5 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दूसरी ओर, पेट्रोल निर्यात पर शुल्क 4 रुपये से घटाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल व विमान ईंधन निर्यात पर शुल्क लगाया था। हर पखवाड़े इसकी दरों में संशोधन किया जा रहा। 16 मई से पेट्रोल निर्यात पर भी शुल्क लगाया गया था। घरेलू खपत के लिए निकाले जाने वाले पेट्रोल-डीजल पर शुल्क दरों में बदलाव नहीं हुआ है। ब्यूरो

# ई20 से नुकसान पर बड़ा फैसला, मारुति को कार बदलने या 22 लाख रुपये देने का आदेश

## छत्तीसगढ़ की उपभोक्ता अदालत ने कार निर्माता कंपनी और उसके डीलर को दिया आदेश

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ की उपभोक्ता अदालत ने देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी को एक ग्राहक की कार बदलकर उसे ई20 सक्षम इंजन वाली नई कार देने या करीब 22 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। ग्राहक का आरोप था कि अनिवार्य रूप से ई20 ईंधन इस्तेमाल के कारण कार का इंजन खराब हो गया।

शिकायतकर्ता डॉ. प्रेमराज देबता ने जून, 2024 में ग्रैंड विटारा हाइब्रिड कार खरीदी थी, जो 21,913 किमी चलने के बाद ही इंजन में बार-बार आने वाली खराबी से बंद हो गई। आयोग ने पाया कि कंपनी ने उन्हें निर्माण के 16 माह पुरानी स्टॉक वाली कार बेची थी, जिसमें ई20 ईंधन के अनुरूप इंजन नहीं था। कंपनी ने दलील दी, कार में खराबी ई20 पेट्रोल से नहीं, बल्कि मिलावटी पेट्रोल से आई। हालांकि उपभोक्ता कोर्ट ने इसे नहीं माना। वारंटी में होने के बावजूद कंपनी ने मरम्मत के लिए 5.30 लाख रुपये मांगे, जिसे आयोग ने सेवा में कमी माना। आयोग ने आदेश दिया, मारुति व उसका डीलर 45 दिनों में ग्राहक को ई20-कंप्लायंट इंजन वाली नई कार दे, नहीं तो उन्हें वाहन का पूरा मूल्य, रजिस्ट्रेशन और बीमा राशि के अलावा मानसिक उत्पीड़न के लिए एक लाख रुपये भुगतान करे। ब्यूरो




#### कंपनी ने कहा-फैसले को देंगे चुनौती, ईंधन में थी मिलावट

मारुति सुजुकी ने कहा, वह उपभोक्ता अदालत के आदेश को चुनौती देगी। कंपनी ने बयान जारी कर कहा, ग्राहक की गाड़ी से लिए गए ईंधन में मिलावट के सबूत मिले हैं। हम उचित ऊपरी फोरम में आदेश को चुनौती देने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे।

# आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेल टिकट बुकिंग को आसान व अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट का बीटा वर्जन जारी किया है। नई वेबसाइट में कैप्चा, पॉप-अप नहीं हैं। यात्री सभी क्लास में सीट की उपलब्धता देख सकते हैं।

नई वेबसाइट अब यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखेगी, जिससे दोबारा बुकिंग आसान होगी। रेल मंत्रालय के अनुसार 2002 में लॉन्च हुई आईआरसीटीसी की वेबसाइट से रोज औसतन 14.5 लाख ट्रेन टिकट की बुकिंग होती है। यह देश के सबसे व्यस्त ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म में से एक है। ब्यूरो



# सोनम वांगचुक की लगातार बिगड़ रही तबीयत

## डॉक्टरों ने 24 घंटे अपनी निगरानी में रखा, पिछले 19 दिन से भूख हड़ताल पर, नौ किलोग्राम से अधिक वजन गिरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन बृहस्पतिवार को 27वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन के बीच 19 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत लगातार बिगड़ रही है। डॉक्टरों ने उन्हें 24 घंटे निगरानी में रखा है। भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से उनका वजन नौ किलो से ज्यादा कम हो चुका है।

डॉक्टरों के मुताबिक सोनम वांगचुक का वजन अब 56.90 किलोग्राम रह गया है। मेडिकल जांच में ब्लड प्रेशर 101/65 एमएमएचजी, ऑक्सीजन सैचुरेशन 98 प्रतिशत और रैंडम ब्लड शुगर 89 एमजी/डीएल दर्ज किया गया। डॉक्टर सतीश लांबा ने बताया कि वह पूरी तरह होश में हैं और मानसिक रूप से सतर्क हैं, लेकिन लगातार 19 दिनों से भोजन नहीं लेने के कारण उनका शरीर काफी कमजोर हो गया है।






जंतर-मंतर पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से बातचीत करते अरविंद केजरीवाल और सांसद डिंपल यादव। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत्ती भी पहुंचे। अमर उजाला

### शंकराचार्य की अपील, भूख हड़ताल खत्म कराए सरकार

*नई दिल्ली। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सरकार से अपील की है कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल जल्द से जल्द समाप्त कराए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़े तो सरकार जबरदस्ती भी अनशन तुड़वाए, क्योंकि किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना सबसे महत्वपूर्ण है। शंकराचार्य ने ये बात एक वीडियो संदेश जारी कर कही है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है। ब्यूरो*

### हर वर्ग का मिल रहा साथ

सीजेपी के प्रदर्शन को लगातार समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। बृहस्पतिवार को जंतर मंतर पर युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, जेन जी के युवाओं और उनके माता पिता की भागीदारी देखने को मिली। प्रदर्शन में पहुंचे दिव्यांगजनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### जंतर-मंतर यात्रा से पहले बढ़ाई गई थी सुरक्षा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बृहस्पतिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मुलाकात करने पहुंचे। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि जो भी लोग अपने शहरों से दिल्ली प्रदर्शन में शामिल होना चाहते थे। उन्हें यहां आने से रोक दिया गया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि 20 जुलाई को बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचे।

## वांगचुक के समर्थन में बढ़ा सियासी ताप, जुटे विपक्षी दल

### आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल, सपा सांसद डिंपल यादव और राकेश टिकैत भी पहुंचे जंतर-मंतर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जंतर मंतर पर चल रहे काकरोच पार्टी के धरने और सोनम वांगचुक के अनशन के बृहस्पतिवार को 19वें दिन समर्थकों की भारी भीड़ नजर आई। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचें आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सपा सांसद डिंपल यादव, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत कई नेता पहुंचे और प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया।

उन्होंने मंच से कहा कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें और साथ ही सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाएं। जंतर मंतर पर दोपहर से समर्थकों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। केजरीवाल को चार बजे आना था लेकिन वह लगभग साढ़े पांच बजे धरना स्थल पर पहुंचे। सीजेपी के मंच पर पहुंचे केजरीवाल ने पेपर लीक का मामला उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आप संयोजक ने कहा कि वांगचुक अपनी जान दांव पर लगाकर हमारे लिए अनशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि शिक्षक सोनम वांगचुक को पूरा समर्थन दें। इस दौरान उनके साथ सांसद संजय सिंह व अन्य लोग भी पहुंचे। आप पार्टी संयोजक ने अपने भाषण के बाद सोनम वांगचुक से मिले और उनका कुशलक्षेम पूछा।

सपा सांसद डिंपल यादव ने देशभर के छात्रों, युवाओं और विपक्षी दलों से 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च में शामिल होने की अपील की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की ट्रॉली और ट्रैक्टर तैयार हैं और 20 जुलाई को जंतर मंतर पर जनसैलाब आएगा। किसान और युवा मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को मजबूत करेंगे।

**बॉलीवुड भी समर्थन में** बॉलीवुड के कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने सोशल मीडिया पर सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है। बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और युवा भी सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट साझा कर रहे हैं। हजारों लोग सरकार से बातचीत शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

# 29 सीवेज प्लांट की जांच करेगा आईआईटी दिल्ली

## जल बोर्ड ने इसके लिए 17.70 लाख किए जारी

नितिन राजपूत

**डीजेबी ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दाखिल किया हलफनामा**

**नई दिल्ली।** यमुना नदी में प्रदूषण और बदबू कम करने की कवायद को लेकर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) 29 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की जांच करेगा। आईआईटी दिल्ली को इस जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल बोर्ड ने इस काम के लिए 17.70 लाख रुपये पहले ही जारी कर दिए हैं। वहीं, इस संबंध में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में हलफनामा भी दाखिल किया है।

बोर्ड के मुख्य अभियंता भूपेश कुमार के अनुसार यह फैसला दिसंबर 2025 में केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के निर्देशों के बाद लिया गया। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि दिल्ली के एसटीपी तय मानकों के अनुसार काम कर रहे हैं या नहीं।

आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ सभी 29 एसटीपी का तकनीकी मूल्यांकन करेंगे। जांच में यह देखा जाएगा कि गंदे पानी को साफ करने वाली प्राथमिक और द्वितीयक इकाइयां कितनी प्रभावी हैं। इसके अलावा पानी को कीटाणुरहित करने वाली प्रणाली, हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने की क्षमता, प्लांट से निकलने वाले कीचड़ (स्लज) के प्रबंधन और बायोगैस प्रणाली की भी जांच की जाएगी। इसके बाद आईआईटी अपनी रिपोर्ट दाखिल करेगा।

### 15 दिन के अंदर तैयार करनी होगी जांच रिपोर्ट

डीजेबी और आईआईटी दिल्ली के बीच हुए समझौते के अनुसार, किसी भी एसटीपी से पानी का सैंपल लेने के 15 दिन के अंदर उसकी जांच रिपोर्ट तैयार करनी होगी। इसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि संबंधित प्लांट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और एनजीटी के तय पर्यावरण मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में किसी एसटीपी में कमी पाई जाती है, तो उसे दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।




### संगठन मजबूत करने पर कांग्रेस का जोर विधानसभा प्रभारियों संग बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों और विधानसभा प्रभारियों की बैठक हुई।

बैठक में देवेंद्र यादव ने पदाधिकारियों से संगठन को बूथ और विधानसभा स्तर तक अधिक सक्रिय बनाने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच उठाने पर जोर दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं दिल्ली के सह प्रभारी दानिश अबरार ने भी संगठनात्मक मजबूती पर अपने सुझाव दिए। प्रदेश महासचिव (संगठन) एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित वरिष्ठ नेताओं ने आगामी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर अपने विचार रखे। ब्यूरो

### एमसीडी के अधिकारियों, कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नई दिल्ली।** एमसीडी के अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में डॉकपैट के सहयोग से हुई जांच में स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शिविर का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों और निगम के जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य जांच कराकर परामर्श लिया। सत्या शर्मा ने कहा कि एमसीडी के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि राजधानी को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य की जांच जरूरी है। ब्यूरो

## डार्क स्टोर्स की बाढ़ में बह रहे छोटे दुकानदार

**नई दिल्ली (सनी सिंह)।** दूध, ब्रेड, दवाइयां, फल और सब्जियों समेत कोई भी सामान केवल 10 मिनट में घर पहुंचाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने खरीदारी का तरीका तो बदला लेकिन इस वजह से गली-मोहल्लों के दुकानदारों के लिए कारोबार करना बड़ी परेशानी भी बन गया है। दिल्ली समेत देश के 408 शहरों और 26 राज्यों में फैले डार्क स्टोर्स उपभोक्ताओं को अभूतपूर्व सुविधाएं तो दे रहे हैं लेकिन इसकी असली कीमत मोहल्लों की पारंपरिक किराना दुकानों को चुकानी पड़ रही है।

राजधानी के मयूर विहार, विवेक विहार, कृष्णा नगर, लक्ष्मी नगर, मयूर विहार, निर्माण विहार, आनंद विहार और प्रीत विहार जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ रहा है।

बेन एंड कंपनी की साल 2026 की रिपोर्ट हाउ इंडिया शॉप ऑनलाइन 2026 के अनुसार, भारत का क्विक कॉमर्स बाजार करीब 10 से 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। रिपोर्ट बताती है कि देश में ऑनलाइन किराना खरीदारी का बड़ा हिस्सा अब क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए हो रहा है।

वहीं एजेंसी की 24 जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लिपकार्ट मिनट्स अपने करीब 1000 डार्क स्टोर का नेटवर्क बढ़ाकर 1500 करने की तैयारी में है, जबकि अमेजन 15 शहरों से 300 शहरों तक अपनी सेवा विस्तार की योजना बना रहा है।

**10 मिनट में सामान पहुंचाने की होड़ मोहल्लों के दुकानदारों के लिए परेशानी खड़ी कर रहीं**

**क्या होते हैं डार्क स्टोर्स**

डार्क स्टोर्स ऐसे मिनी वेयरहाउस होते हैं जहां आम ग्राहकों की खरीदारी नहीं होती। यहां केवल ऑनलाइन ऑर्डर की पैकिंग और डिलीवरी की जाती है। इनका उद्देश्य आसपास के इलाकों में 10 से 15 मिनट के भीतर सामान पहुंचाना होता है। दिल्ली बिजनेस रिव्यू में प्रकाशित शोध के अनुसार, डार्क स्टोर मॉडल केवल तेज डिलीवरी तक सीमित नहीं है। इसका असर शहरों के ट्रैफिक, भूमि उपयोग, रोजगार और पारंपरिक खुदरा कारोबार पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में शहरी नियोजन में इनके लिए अलग नीति की जरूरत पड़ सकती है। यमुनापार के लोगों के लिए 10 मिनट में सामान मिलना राहत तो है लेकिन मोहल्ले की किराना दुकान अब ऐप पर मिलने वाली छूट और तेज डिलीवरी से मुकाबला कर रही हैं। सवाल यह भी है कि इस दौड़ मेंछोटे दुकानदार टिक पाएंगे, या हर मोहल्ले में डार्क स्टोर ही नई पहचान बन जाएंगे।

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

वर्ष 24 | अंक 98

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

amarujala.com


रथ यात्रा शुरू...हरिबोल की जयकार...शंख ध्वनि और झांझ-मंजीरों की थाप



पुरी में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा का रथ खींचते श्रद्धालु।

# 10 लाख भक्तों ने किए जगन्नाथ के दर्शन

## आस्था का सैलाब : भारी बारिश के बीच नाचते, उत्सव मनाते रहे श्रद्धालु

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में नौ दिवसीय विश्व प्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। जय जगन्नाथ और हरिबोल के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के रथों को बड़ा डंडा (रथ मार्ग) पर खींचना शुरू किया, तो आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

भारी बारिश के बावजूद शंख ध्वनि और झांझ-मंजीरों की थाप के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहले दिन लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के दर्शन किए। यात्रा शुक्रवार सुबह दोबारा शुरू होगी और तीन किमी दूर बने गुंडीचा मंदिर तक जाएगी। एजेंसी

## यात्रा के दौरान भगदड़ से एक भक्त की मौत, 100 से अधिक घायल



भगदड़ में घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

रथ यात्रा के दौरान ग्रैंड रोड पर पहांडी रस्म के दौरान अचानक भगदड़ जैसी स्थिति बनने से एक भक्त की मौत हो गई। 100 से अधिक घायल हो गए, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

■ शाम 5 बजे महाप्रभु के दर्शन के लिए लोग रथों के पास जाने लगे। वॉलंटियर लोगों को पीछे हटा रहे थे, पर लोग एक दूसरे को धक्का देने लगे, जिससे कई गिरते चले गए। घायलों में कई गंभीर हैं।

## पांच लाख की घूस लेते सरकारी दवा कंपनी का प्रबंध निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बंगलूरू स्थित सरकारी दवा कंपनी कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि. (केएपीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) अनुराग दनायक को पांच लाख रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई बुधवार को नोएडा में की गई, जहां दनायक एक फर्म से रिश्वत की पहली किस्त ले रहे थे।



सीबीआई ने नोएडा में की कार्रवाई

■ सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, दनायक ने भोपाल की फर्म से कुल 15 लाख रुपये की घूस मांगी थी। यह फर्म केएपीएल की अधिकृत सर्विस एजेंट है और मध्य प्रदेश के सरकारी संस्थानों में दवाओं की आपूर्ति करती है।

■ आरोप है कि रिश्वत की यह रकम सर्विस एजेंट समझौते को मंजूरी देने, अतिरिक्त संस्थानों को आवंटित करने के बदले मांगी गई थी। दवाओं की बिक्री पर फर्म को मिलने वाले कमीशन में से हिस्सा भी मांगा गया था।

■ सीबीआई ने दनायक के ठिकानों की तलाशी भी ली। इस दौरान नोएडा स्थित आवास व बंगलूरू के दफ्तर से करीब 75 लाख रुपये और 4 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। इसके अलावा, करीब 86 लाख रुपये के 697 ग्राम सोने के गहने-सिक्के और रिहायशी फ्लैट के कागजात भी जब्त किए गए। ब्यूरो

# बांग्लादेशी घुसपैठिए बसाने के लिए विदेशों से फंडिंग, ईडी ने कसा शिकंजा

## यूपी, दिल्ली और बंगाल समेत पांच राज्यों में 13 ठिकानों पर छापे, नकद राशि और दस्तावेज जब्त

अमर उजाला ब्यूरो

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध बांग्लादेशी व रोहिंग्या को भारत में बसाने में जुटे नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए यूपी, दिल्ली और प. बंगाल समेत पांच राज्यों में छापे मारे। यह नेटवर्क विदेशों से मिले पैसे का इस्तेमाल अवैध घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज तैयार कराने, उन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजने और उनकी आजीविका के इंतजाम करने में कर रहा था। इस नेटवर्क के तार आतंकी फंडिंग से भी जुड़े होने की आशंका है।

छापों के दौरान बंगाल के कलिकापुर इलाके में स्थित हरोरा अल-जामियातुल इस्लामिया दारुल उलूम से 40 लाख रुपये नकद व 180 ग्राम सोने के सिक्के जब्त किए गए हैं। ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यूपी के सहारनपुर (देवबंद), दिल्ली के जामिया नगर, हरियाणा के बल्लभगढ़, प. बंगाल के दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना व मुर्शिदाबाद और महाराष्ट्र के रायगढ़ में 13 ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे। ईडी ने जब्त दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ऐसे गिरोह की गतिविधियों की जांच कर रहा है, जो विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्ट और स्वयंसेवी संस्थाओं के जरिये काम करता है। घुसपैठियों के मददगार नेटवर्क के साथ कुछ ट्रस्टों, स्वयंसेवी संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े लेन-देन की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं और ट्रस्टों के माध्यम से छोटे-छोटे हिस्सों में बड़ी रकम का लेनदेन किया गया। कई बैंक खातों और कथित रेंट अकाउंट के इस्तेमाल की भी जांच की जा रही है।



कोलकाता के कालिकापुर में हरोरा अल-जमियातुल इस्लामिया दारुल उलूम से बरामद नकदी व सोना।

### यूपी एटीएस की प्राथमिकी पर केंद्रित है मामला

ईडी की ओर से 2024 में दर्ज मामला उत्तर प्रदेश आतंकवाद-रोधी दस्ते (यूपी-एटीएस) की प्राथमिकी पर आधारित है। प्राथमिकी ऐसे संगठित गिरोह पर केंद्रित है, जिसपर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में गैरकानूनी तरीके से दाखिल कराने, उनके लिए आधार, पैन और पासपोर्ट जैसे जाली पहचान दस्तावेज बनवाने तथा देश के अलग-अलग हिस्सों में बसने में मदद करने का आरोप है।

■ **छह, आठ हजार जैसी छोटी किस्तों में भेजा पैसा :** एटीएस की जांच में कुछ संस्थाओं पर विदेशी चंदा प्राप्त करने व अवैध गतिविधियां संचालित करने में मदद के लिए बैंक खातों, बिचौलियों के खातों व जटिल लेनदेन के जरिये राशि स्थानांतरित करने का पता चला है। ईडी के अनुसार, संदिग्धों को भारत में बसाने के लिए छह हजार, आठ हजार और 10 हजार की छोटी किस्तों में पैसे भेजे गए।

## ममता को फिर झटका, कोयल मल्लिक का राज्यसभा से इस्तीफा

### पूर्व मंत्री मनीष ने भी छोड़ी पार्टी, तापस हुए बागी

अमर उजाला ब्यूरो

**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को बृहस्पतिवार को तीन बड़े राजनीतिक झटके लगे। इसी साल सांसद बनीं अभिनेत्री रुक्मिणी मल्लिक उर्फ कोयल मल्लिक ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पूर्व मंत्री मनीष गुप्ता ने पार्टी छोड़ने और सक्रिय राजनीति से संन्यास का एलान किया है, जबकि पूर्व विधायक तापस चट्टोपाध्याय ने पार्टी छोड़ने और नया सियासी ठिकाना तलाशने के संकेत दिए हैं।

कोयल ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। कोयल भी जल्द भाजपा में शामिल हो सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें इस साल फरवरी में राज्यसभा भेजा था। सदन की किसी कार्यवाही में शामिल हुए बिना ही उन्होंने इस्तीफा दिया। कोयल तृणमूल की चौथी राज्यसभा सदस्य हैं, जिन्होंने पार्टी को अलविदा कहा।



कोयल मल्लिक

### ममता बोलीं, जिसे जाना है 21 से पहले चला जाए

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने फेसबुक लाइव के जरिये कार्यकर्ताओं व समर्थकों से कहा कि जो लोग पुलिस, ईडी, सीबीआई, सीआईडी, एसटीएफ या अन्य मामलों के दबाव में जाना चाहते हैं, उनसे हाथ जोड़कर कहना चाहती हूं कि 21 जुलाई से पहले लोटा-कंबल लेकर चले जाएं। इसके बाद तृणमूल नए सिरे से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करेगी।




# अनियंत्रित डिजिटल मीडिया के लिए विधायिका बनाए नियामक ढांचा

## हाईकोर्ट का सुझाव, टिप्पणी की...सोशल मीडिया युग में बिना जवाबदेही हर व्यक्ति बन गया पत्रकार

गौरव बाजपेई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रेस की स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की स्वतंत्रता अहम है, लेकिन सोशल मीडिया युग में कई लोग बिना प्रशिक्षण और जवाबदेही के खुद को रिपोर्टर बताकर सनसनीखेज सामग्री बनाते हैं। अदालत ने विधायिका से ऐसे अनियंत्रित डिजिटल मीडिया के लिए उचित नियामक ढांचा बनाने का सुझाव भी दिया है।

हाईकोर्ट बृहस्पतिवार को सीमापुरी थाना क्षेत्र में दो यूट्यूब चैनल से जुड़े फ्रीलांस रिपोर्टरों पर कथित हमले के मामले में दो युवकों अभिद अली उर्फ आबी और फुरकान को नियमित जमानत पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि मामले में पुलिस की जांच एजेंसी की भूमिका लापरवाही भरी रही है और आरोपियों की पहचान को लेकर भी कई विरोधाभास हैं। अदालत ने दोनों को 10 हजार रुपये के व्यक्तिगत मुचलके और समान राशि के एक-एक जमानती पर जमानत दी।

### मीडिया से हैं कहकर यूट्यूबर कर रहे थे रिकार्डिंग




मामला चार जुलाई 2025 का है, जब दो व्यक्ति (जो खुद को मीडिया से बताते हुए) सीमापुरी की अनाधिकृत कॉलोनी में रिकॉर्डिंग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन पर हमला कर दिया। एफआईआर में आरोप लगाया गया कि भीड़ ने पीटा, मोबाइल, कैमरा बैटरी छीनी और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त की। अदालत ने फैसले में कहा कि वीडियो फुटेज में आरोपियों की भूमिका स्पष्ट नहीं है। एक सुनवाई में जांच अधिकारी ने दावा किया था कि आबिद अली बस में घुसा लेकिन बाद में यह दावा गलत साबित हुआ। फुरकान के कपड़ों के रंग को लेकर भी जांच अधिकारी के बयानों में अंतर पाया गया। अदालत ने कहा कि टिप्पणियां केवल जमानत के संदर्भ में हैं और अंतिम फैसला ट्रायल कोर्ट सबूतों के आधार पर करेगा।

## नीट पेपर लीक : लातूर के विशेषज्ञ ने 5 लाख लेकर दिखाए रसायन विज्ञान के पेपर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली की एक विशेष अदालत को बताया कि नीट-यूजी पेपर लीक में गिरफ्तार लातूर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज भगवानराव शिरुरे ने एक अभ्यर्थी के परिवार से पांच लाख रिश्वत ली और परीक्षा से पहले अपने अस्पताल में लीक हुए रसायन विज्ञान के पेपर दिखाए। सीबीआई की यह दलील विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता के समक्ष पेश की गई, जो डॉ. शिरुरे की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। सीबीआई के अनुसार, डॉ. शिरुरे ने दो अन्य डॉक्टरों को सह आरोपी पीवी कुलकर्णी के पास रेफर भी किया था और इन डॉक्टरों के बच्चों ने भी कथित तौर पर लीक पेपर का लाभ उठाया। विशेष लोक अभियोजक नीतू सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपी डॉक्टर पर लगे आरोपों को सही बताया। ब्यूरो

## तहव्वुर राणा ने तिहाड़ जेल में मांगा कूलर कोर्ट ने कहा विचार करे जेल प्रशासन

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष एनआईए जज प्रशांत शर्मा के समक्ष एक पत्र याचिका दायर कर जेल में बेहतर सुविधाएं मांगी हैं। राणा ने जेल में उचित सफाई और गर्मी से राहत के लिए कूलर या पंखे की मांग की है। कोर्ट ने जेल अधिकारियों को याचिका पर जेल मैनुअल के अनुसार विचार करने का निर्देश दिया है। राणा को अमेरिका से अप्रैल 2025 में भारत प्रत्यर्पित किया गया था। वह 2008 के मुंबई हमलों में लश्कर-ए-तैयबा और डेविड हेडली को समर्थन देने के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद है। इससे पहले भी उन्होंने परिवार से फोन पर बात करने, बिस्तर-गद्दा और चिकित्सा सुविधाओं की मांग की थी। एनआईए इस मामले की जांच कर रही है। हमलों में 166 लोगों की जान गई थी। ब्यूरो

## प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों में 30% तक पद खाली

### सीपीसीबी और सीएक्यूएम में 30 फीसदी कम कर्मचारियों के साथ हो रहा काम

**नई दिल्ली।** देश में प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी संभालने वाली केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) में बड़ी संख्या में पद खाली हैं। आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों संस्थाएं करीब 30 प्रतिशत कर्मचारियों की कमी के साथ काम कर रही हैं, जिससे प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

पर्यावरण कार्यकर्ता अमित गुप्ता की ओर से दायर आरटीआई के जवाब में सीपीसीबी ने बताया कि बोर्ड में कुल 669 स्वीकृत पद हैं। इनमें से केवल 473 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 189 पद खाली हैं। यानी करीब 28 प्रतिशत पद रिक्त हैं।

आरटीआई के अनुसार पिछले दो वर्षों में नई भर्तियां बहुत कम हुई हैं। वर्ष 2024 में एक भी नई नियुक्ति नहीं की गई, जबकि 2025 में केवल 24 लोगों की भर्ती हुई। हालांकि, जनवरी 2025 में निकाले गए भर्ती विज्ञापन के तहत कुछ पदों पर चयन प्रक्रिया अभी जारी है। दूसरी ओर, कर्मचारी लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2024 में 18, वर्ष 2025 में 17 और वर्ष 2026 में मई तक 10 कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। इसी तरह, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की निगरानी करने वाले सीएक्यूएम में भी 56 स्वीकृत पदों में से केवल 40 पर कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 16 पद खाली हैं। ब्यूरो

## इंजीनियर राशिद को संसद में उपस्थित होने की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने बृहस्पतिवार को जेल में बंद जम्मू-कश्मीर की बारामूला संसदीय सीट से सांसद इंजीनियर राशिद को पूरे मानसून सत्र के दौरान हिरासत में रहते हुए संसद में उपस्थित होने की अनुमति दे दी है। विशेष न्यायाधीश (एनआईए) प्रशांत शर्मा ने राशिद की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने आगामी मानसून सत्र (20 जुलाई से 13 अगस्त तक) में भाग लेने के लिए कस्टडी पैरोल की मांग की थी। अदालत ने याचिका को स्वीकार कर लिया है। कस्टडी पैरोल के तहत कैदी को सशस्त्र पुलिस कर्मियों की एस्कॉर्ट में संसद ले जाया जाएगा। राशिद ने अपनी याचिका में संसदीय कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही थी। ब्यूरो

## पीएफआई संस्थापक चेयरमैन ई. अबूबकर की जमानत खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संस्थापक चेयरमैन ई. अबूबकर की नियमित जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। उन्हें भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और 2047 तक इस्लामिक खिलाफत स्थापित करने की कथित साजिश में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विशेष एनआईए न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने अबूबकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि स्वास्थ्य बिगड़ने और मामले में ठोस सबूत न होने के आधार पर जमानत देने का कोई कारण नहीं है। 15 जुलाई को जारी आदेश में अदालत ने कहा, उपरोक्त मूल्यांकन और मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए, आवेदक को जमानत देने का कोई आधार नहीं मिलता है। अतः आवेदक/आरोपी ई. अबूबकर की वर्तमान जमानत याचिका खारिज की जाती है। अबूबकर ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उनकी सेहत तेजी से बिगड़ रही है और उनके खिलाफ कोई ठोस मामला नहीं बनता। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को पर्याप्त नहीं माना। ब्यूरो

# महीने की सबसे गर्म रात रही बुधवार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार की रात इस महीने की सबसे गर्म रात दर्ज की गई। इस दौरान न्यूनतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो 10 जुलाई से रात और रात का तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने आज से दो दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

बृहस्पतिवार को दिनभर आसमान में सूर्यदेव ने अपने तेवर दिखाए। उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री दर्ज हुआ। इसके अलावा, अधिकतम 69 और न्यूनतम आर्द्रता 45 फीसदी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 22 जुलाई के बीच बादल छाए रहेंगे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 17 जुलाई को अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने से गर्मी और उमस बनी रहेगी, जबकि दोपहर और शाम के समय गरज के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही, मौसम विभाग ने 17 और 18 जुलाई को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### कई इलाकों में रही लू की स्थिति

इसके बाद 19 से 22 जुलाई के बीच तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 32 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान बीच-बीच में हल्की बारिश, गरज-चमक और 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं।

# एमसीडी स्थायी समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू, मतदान 27 को

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एमसीडी की सभी 12 वार्ड समितियों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब उसकी सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अधिक अधिकार संपन्न स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निगम प्रशासन ने स्थायी समिति के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। 21 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। मतदान 27 जुलाई को होगा।

एमसीडी की स्थायी समिति को सबसे प्रभावशाली समिति माना जाता है। वित्तीय मामलों, बड़े विकास कार्यों, ठेकों और महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लेने में इसकी केंद्रीय भूमिका होती है। समिति में कुल 18 सदस्य होते हैं। वर्तमान में इनमें 12 सदस्य भाजपा और 6 सदस्य आम आदमी पार्टी के हैं। ऐसे में संख्या बल के आधार पर समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर भाजपा का कब्जा लगभग तय माना जा रहा है।

# विश्व सर्प दिवस पर चिड़ियाघर में जागरूकता कार्यक्रम, संरक्षण पर जोर




राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में लोगों को किया जागरूक। संवाद

**नई दिल्ली।** विश्व सर्प दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (दिल्ली चिड़ियाघर) में बृहस्पतिवार को कई जागरूकता, प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत चिड़ियाघर के कर्मचारियों के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान और प्रशिक्षण से हुई। इसमें सांपों की जीवविज्ञान, सुरक्षित तरीके से उन्हें संभालने और उनकी वैज्ञानिक देखभाल की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण वाइल्डलाइफ एसओएस के सहयोग से आयोजित किया गया। बच्चों के लिए सर्प विषय पर डूडल प्रतियोगिता और क्विज भी कराई गई।

कार्यक्रम में करीब 50 कर्मचारी, 20 इंटर्न, दो स्वयंसेवक और लगभग 900 आगंतुक शामिल हुए। चिड़ियाघर में फिलहाल सांपों की छह प्रजातियों के 26 वयस्क और तीन नवजात बच्चे हैं। निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि भविष्य में रेप्टाइल हाउस का आधुनिकीकरण किया जाएगा। ब्यूरो

## मेरी आवाज सुनो...

### द्वारका सेक्टर-6 की सड़क पर लापरवाही का खतरा

द्वारका सेक्टर-6 के निवासी चाहते हैं कि हमारी आवाज प्रशासन तक पहुंचे। हमारे यहां बीच सड़क पर गटर का ढक्कन खुला पड़ा है, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है। वहीं, सड़क किनारे जमा कूड़ा न केवल गंदगी फैला रहा है, बल्कि बदबू, मच्छरों और संक्रमण का भी खतरा बढ़ा रहा है। रोजाना इस सड़क से बच्चे, बुजुर्ग और वाहन गुजरते हैं, लेकिन समस्या अब तक जस की तस है। प्रशासन से आग्रह है कि खुले गटर को तुरंत ढका जाए और कूड़े की लगातार सफाई कराकर इलाके को सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जाए। -कविता, स्थानीय निवासी

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो।

जानकारी साझा करें

del-cityincharge@del.amarujala.com

## न्यूज डायरी

### आरडब्ल्यूए ज्वाइंट ने सरकार को भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बारिश के दौरान जलभराव, धंसी सड़कें व टूटे फुटपाथ जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए दिल्ली आरडब्ल्यूए ज्वाइंट फ्रंट ने दिल्ली सरकार को प्रस्ताव भेजा है। फ्रंट ने ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार करने, नालों के रखरखाव व निगरानी के लिए दिल्ली ड्रेन अथॉरिटी बनाने की मांग की है। संवाद

### सेवा पुस्तिकाओं में होगी हिंदी में एंट्री

**नई दिल्ली।** एम्स नई दिल्ली में अब कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में सभी एंट्री हिंदी में होंगी। यह निर्देश स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिए हैं। संस्थान के केंद्रों के स्थापना अनुभागों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है। एम्स के वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी दिव्या यानामदाला ने बताया कि यह कदम भविष्य में संसदीय राजभाषा समिति के सामने असहज स्थिति से बचने के लिए उठाया गया है। ब्यूरो

## डॉक्टर की सलाह

### क्यों है जरुरी बच्चों का टीकाकरण



डॉ. लल्लन के भारती, बाल रोग विभाग जग प्रवेश चंद्र अस्पताल

बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए समय पर टीकाकरण, संतुलित पोषण और नियमित स्वास्थ्य देखभाल बेहद जरूरी है। जन्म से ही सही देखभाल और निर्धारित समय पर टीके लगवाने से बच्चे कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं वभविष्य में स्वस्थ रहने की संभावना बढ़ जाती है।

स्वस्थ बचपन के लिए जरूरी बातें

- बच्चे को हर टीका निर्धारित उम्र पर जरूर लगवाएं, टीकाकरण में देरी न करें।
- राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार सभी अनिवार्य टीके समय पर पूरे करवाएं।
- जन्म के पहले घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करें।
- जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध ही दें, पानी, शहद, घुट्टी या अन्य आहार न दें।
- 6 माह पूरे होने पर पूरक आहार शुरू करें व 2 वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखें।
- टीकाकरण कार्ड हमेशा सुरक्षित रखें और अगली तारीख का ध्यान रखें।
- टीका छूट जाए तो बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर कैच-अप टीकाकरण करवाएं।




Visit Nearest Honda Dealership
Call +91 73034 61122 | www.hondacarindia.com

UP TO 10 YEAR OR 1 20 000 KILOMETERS ANYTIME WARRANTY
Standard Warranty: 3 Year - Unlimited Kilometers
Industry-first Extended Warranty: 7 Year - Unlimited Kilometers
Industry-first Anytime Warranty: 10 Year or 1 20 000 Kilometers

E20 Honda Environment Technology

AVAIL SCRAPPAGE BENEFITS

SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL

SPECIAL LOYALTY BONUS
For Honda 2-Wheelers & Power Product Owners

CENTRAL DELHI: Ring Road Honda, Connaught Place 9891946042
WEST DELHI: Ring Road Honda, Peeragarhi 9910035789, 011-45520000; Moti Nagar 9911332218, 9718993647; Dwarka 9211929696, 9911323149 | Samara Honda, Mayapuri 011-45656565, 9717556161
NORTH DELHI: Cherish Honda, Rohini 8255008008
SOUTH DELHI: Samara Honda, Lajpat Nagar 011-46555111, 8826143300 | Courtesy Honda, Okhla 9711042928, 7290042391 | Crown Honda, Mathura Road 7428496151
EAST DELHI: Iconic Honda, Patparganj 9289063907, 7065008205
FARIDABAD: Classic Honda, Main Mathura Road 0129-4097007, 7428390952
GHAZIABAD: Crown Honda, Vaishali 9810028116, 0120-4363000; Ghaziabad 9599293870
GURUGRAM: Iconic Honda, Sector-14, Gurugram 7557323232, 8929600217 | Frontier Honda, Sohna Road, Gurugram 8657588907, 9999000768 | Ring Road Honda, MG Road, Gurugram 9891452000; Sector-18, Gurugram 8376906990, 9643335971
NOIDA: Ace Honda, Sector-11, Noida 0120-4000400, 9999673820/50 | Crown Honda, Sector-63, Noida 0120-4700000, 8527995500
MEERUT: Platinum Honda 9756799902, 9897777736
HAPUR: Platinum Honda 9756799912, 0122-2314201

• B.Tech - (CSE, CSE AI & ML, Cyber Security)
• B.Tech - CSE in AI (Collaboration with IIT Mandi)
• DIPLOMA (CE, CSE, EE,ME)
• PGDDMC (Collaboration with India Today Group)
• BBA • BCA • MCA • MBA • M.Tech (CE,CSE)
IIMT UNIVERSITY
—Greater Noida Campus—
Mob : 9760150709 | www.iimtuniversity.edu.in

# एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने पर तीन पार्षद निलंबित

## वेस्ट दिल्ली से निर्मल देवी शर्मा, कृष्ण देवी राघव और सिटी एसपी जोन से सुल्ताना आजाद निलंबित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को संपन्न हुए एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन पार्षदों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यह कार्रवाई करते हुए निलंबित पार्षदों की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की है।

आप के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए तीन पार्षदों के निलंबन की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि वेस्ट जोन में निर्मला देवी (शर्मा) और कृष्णा देवी राघव के साथ सिटी एसपी जोन से सुल्ताना आबाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आप के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि बुधवार को वार्ड कमेटी के चुनाव में वेस्ट दिल्ली जोन के अंदर चेयरमैन पद के लिए दो क्रॉस वोट पड़े थे। आम आदमी पार्टी के 13 वोट थे, लेकिन हमें 11 वोट ही मिले। यानी हमारे दो लोगों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इसी के चलते हमने वार्ड नंबर 114 से निर्मला देवी शर्मा और वार्ड नंबर 116 से कृष्णा देवी राघव को तुरंत प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया है। नारंग ने बताया कि सिटी एसपी जोन के अंदर भी सुल्ताना आबाद ने आम आदमी पार्टी को वोट नहीं किया, जिसकी वजह से सिटी एसपी जोन आम आदमी पार्टी के हाथ से निकल गया। इसलिए सुल्ताना आबाद को भी पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है।

### सवाल पूछने वालों को बाहर कर रही आप : भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की ओर से एमसीडी वार्ड समिति चुनाव में कथित क्रॉस-वोटिंग के आरोप में अपने तीन पार्षदों को निलंबित किए जाने पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आरोप लगाया कि सुल्ताना आबाद समेत तीन महिला पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई कर सवाल उठाने वालों को बर्दाश्त नहीं करने का संदेश दिया है।

कपूर ने कहा कि भाजपा वार्ड स्तर पर विकास और महिला सशक्तीकरण की बात कर रही है, जबकि आम आदमी पार्टी ने महिला पार्षदों को निलंबित कर महिला विरोधी मानसिकता दिखाई है। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले भी स्वाति मालीवाल, किरण बेदी, शाजिया इलमी और ऋचा पांडेय जैसे नेताओं को सवाल पूछने या अधिकार मांगने पर पार्टी छोड़नी पड़ी थी। भाजपा प्रवक्ता का आरोप है कि सुल्ताना आबाद समेत तीनों पार्षदों ने वर्ष 2022 से 2025 के बीच नगर निगम के कामकाज और कथित तौर पर एमसीडी को ठप किए जाने को लेकर अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज से सवाल पूछे थे और बाद में अपने-अपने वार्ड के विकास को प्राथमिकता दी। ब्यूरो

# अंतिम समय में दांव चलकर भाजपा ने आप को दिया झटका

**नई दिल्ली।** एमसीडी की वार्ड समितियों के लिए बुधवार को हुए चुनाव में शहरी सदर-पहाड़गंज वार्ड समिति के चुनाव की सबसे अधिक चर्चा हो रही। दरअसल इस समिति में बहुमत के अभाव में भाजपा ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था, मगर नौ जुलाई को नामांकन दाखिल करने के अंतिम समय में उसके चुनाव मैदान में उतरने के फैसले ने आम आदमी पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका दिया।

भाजपा ने इस बार 12 में से केवल 10 वार्ड समितियों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था। इसी के तहत नौ जुलाई को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन पार्टी ने करोल बाग और शहरी सदर-पहाड़गंज वार्ड समिति को छोड़कर अन्य 10 समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इससे माना जा रहा था कि इस समिति में भाजपा चुनाव नहीं लड़ेगी और आम आदमी पार्टी की स्थिति मजबूत रहेगी। लेकिन नामांकन की समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले भाजपा नेतृत्व ने रणनीति बदल दी। ब्यूरो

# सरकारी संस्थानों में 750 से अधिक वर्षा जल संचयन परियोजनाएं पूरी या प्रगति पर : वर्मा

### त्यागराज स्टेडियम में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण एवं जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बृहस्पतिवार को त्यागराज स्टेडियम में पुनर्स्थापित वर्षा जल संचयन प्रणाली का निरीक्षण किया। साथ ही अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने राजधानी में वर्षा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से मिशन मोड में काम कर रही है।

मंत्री ने कहा कि गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए वर्षा की प्रत्येक बूंद का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। आज भूजल का दोहन उसकी पुनर्भरण क्षमता से अधिक हो रहा है, जिसके कारण बोरवेल सूख रहे हैं। मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, स्टेडियमों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों में 1,000 मौजूदा वर्षा जल संचयन प्रणालियों के पुनर्स्थापन तथा 500 नई वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्यूरो

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹128000 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

IMS NOIDA | NAAC GRADE A+ | 28
Before You Apply. See What Awaits You
Join the IMS Noida Open House
Meet Faculty & Counsellors
Explore UG & PG Programmes
Take a Campus Tour
Attend a Live Q&A
Get Admission Guidance
Explore Scholarships, if applicable
18TH JULY 2026 | 10:00 AM to 4:00 PM | IMS NOIDA CAMPUS
Limited Seats Available | REGISTER NOW
Helpline No: +91 9911500000 | Toll Free No.: 0120 4798800
admission@imsnoida.com | www.imsnoida.com
A-8B, Sector-62, Noida, U.P.-201303 India

Nālandā UNIVERSITY
An Institution of National Importance
विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
POST-DOCTORAL FELLOWSHIP 2026-27
SCHOOLS & DEPARTMENTS
• School of Buddhist Studies, Philosophy and Comparative Religions - Department of Hindu Studies, Department of Philosophy, and Department of Buddhist Studies
• School of Historical Studies - Department of Historical Studies and Department of Archaeology
• School of Ecology and Environmental Studies
• School of Sustainable Development and Management
• School of Languages and Literature/ Humanities - Department of Economics, Department of Mathematics, Department of Hindi and Department of Sanskrit
• School of International Relations and Peace Studies
• School of Information Sciences and Technology - Data Science & Artificial Intelligence, Science & Technology Policy Studies
RESEARCH CENTRES
• Kautilya Global Centre for State Capacity
• Centre for Studies in Development and Sustainability
• Centre for South East Asian Studies
• Centre for Bay of Bengal Studies
• Centre for Rural Economy and Sustainable Transformation
ELIGIBILITY
• Ph.D. in a relevant discipline.
• Proven research record with at least five publications in reputed peer-reviewed journals.
• Research proposal aligned with the objectives of the concerned School and / or Research Centre.
Last date for Application: 30th July 2026
SELECTION PROCEDURE
• Academic merit and quality of the research proposal
• Publication record and research achievements
• Performance in interview / presentation
ADMISSION HELPLINE +91-7033291552 I 06112-255027 Email: admission@nalandauniv.edu.in
Nalanda University Rajgir, District Nalanda, Bihar- 803116
SCAN TO APPLY Application Portal: https://online.nalandauniv.edu.in/




अमर उजाला

# प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना : 18 अप्रैल 1948 • आगरा

नई दिल्ली ■ शुक्रवार, 17 जुलाई 2026

बुजुर्गों ने अपना पूरा जीवन समाज के निर्माण में लगाया है, इसलिए वे पूर्ण सम्मान और आदर के हकदार हैं। -पोप फ्रांसिस

# पीओके : दमन का चेहरा

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पिछले करीब छह सप्ताह से जारी जन-आंदोलन अब सिर्फ स्थानीय असंतोष का मामला नहीं रह गया, बल्कि वह पाकिस्तान के शासन तंत्र, आर्थिक नीतियों और लोकतांत्रिक भरोसे पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी लगा रहा है। संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) द्वारा अपने 'लॉन्ग मार्च' को 21 जुलाई तक स्थगित करते हुए इस्लामाबाद को मांगें मानने का अंतिम अवसर देना दर्शाता है कि पाकिस्तानी हुकूमत द्वारा बरती जा रही क्रूरता के बावजूद आंदोलनकारी अब भी संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद बनाए हुए हैं। लेकिन, यह भी उतना ही स्पष्ट है कि अगर इस अवधि में कोई ठोस पहल नहीं हुई, तो पीओके के हालात विस्फोटक भी हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस आंदोलन की जड़ें केवल राजनीतिक असंतोष में नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही आर्थिक बदहाली और प्रशासनिक उपेक्षा में भी देखी जा सकती हैं। पीओके के लोग राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग, बिजली की बढ़ती कीमतों, भारी करों, महंगाई और संसाधनों के असमान वितरण के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। उनका आरोप है कि स्थानीय जनता को क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का पर्याप्त फायदा नहीं मिल पाता। यही नहीं, यहां रोजगार के अवसर सीमित हैं, बुनियादी सुविधाएं अपर्याप्त हैं और विकास की गति भी अपेक्षया धीमी ही है। इस आंदोलन का अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरना पाकिस्तानी हुकूमत को नागवार गुजर रहा है। शायद इसीलिए, वह जेएएसी के शीर्ष नेतृत्व को कथित रूप से खत्म करना चाह रहा है, ताकि आंदोलन को जड़ से खत्म किया जा सके। आंदोलनकारियों के इस आरोप से इस्लामाबाद का रवैया स्पष्ट हो जाता है कि उसने हफ्तों से क्षेत्र में खाने-पीने की चीजों और दवाओं की आपूर्ति को रोका हुआ है, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया है। यही वजह है कि आंदोलनकारी भारत से मानवीय मदद मांग रहे हैं। यह विडंबना ही है कि दशकों से वैश्विक मंचों पर कश्मीर के लोगों के मानवाधिकारों का पैरोकार बनने का दावा करने वाला पाकिस्तान अपने



अधीन क्षेत्र के लोगों के अधिकारों को रौंदने पर तुला है। इतिहास बताता है कि जन आकांक्षाओं को कुछ समय के लिए दबाया जा सकता है, पर स्थायी रूप से खत्म नहीं किया जा सकता। अगर पाकिस्तान अंदरूनी विद्रोह का दमन करता रहा, तो यह असंतोष गहरा ही होगा। जेएएसी द्वारा नियत समय-सीमा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि पाकिस्तान के लोकतांत्रिक दावों, प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक दूरदर्शिता की कठिन परीक्षा भी है।

# जनसांख्यिकीय बदलाव की बदलती तस्वीर

**भारत एक बड़े जनसांख्यिकीय बदलाव की ओर बढ़ रहा है। 2011 में 10 करोड़ रही बुजुर्गों की आबादी का 2036 तक दोगुनी से अधिक होने का अनुमान है। आज केरल में हर पांच में से करीब एक व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक उम्र का है, जो देश के बड़े राज्यों में सबसे अधिक है। इस संदर्भ में केरल की पहल अहम है।**

जब देश का बड़ा हिस्सा अब भी अपनी युवा आबादी से मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश का जश्न मना रहा है, तो वहीं केरल एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। यह दौर युवाओं का नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी का है। राज्य की नवनिर्वाचित यूडीएफ सरकार ने देश का पहला वरिष्ठ नागरिक विभाग बनाने की घोषणा की है। इसके साथ एक अर्ध-न्यायिक वरिष्ठ नागरिक आयोग भी बनाया जाएगा। यह सिर्फ एक नई कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि इस बात की स्वीकारोक्ति है कि कम जन्म दर व बड़े पैमाने पर पलायन के कारण बढ़ती बुजुर्ग आबादी बड़ी चुनौती बन चुकी है।



भारत तेजी से जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अनुमान है कि 2011 में 10 करोड़ रही 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की आबादी 2036 तक दोगुनी से भी ज्यादा होकर 23 करोड़ से अधिक हो जाएगी। फिलहाल, दक्षिण भारत के राज्यों के साथ हिमाचल प्रदेश और पंजाब में बुजुर्गों की आबादी अपेक्षाकृत अधिक है। अनुमान है कि 2036 तक राज्यों के बीच यह अंतर और बढ़ जाएगा। अक्तूबर 2025 में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, परिवार और संस्थागत सहयोग, दोनों की कमी के कारण बुजुर्गों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। उन्हें कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी और अन्य चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। भारत में सार्वजनिक स्थान और परिवहन व्यवस्था भी काफी हद तक बुजुर्गों के अनुकूल नहीं हैं। इन समस्याओं के साथ एक नई चुनौती भी जुड़ गई है। तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया और नई तकनीकों को अपनाना अधिकांश बुजुर्गों के लिए आसान नहीं है। हालांकि, केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना और राष्ट्रीय वयोश्री योजना जैसी कई पहल शुरू की हैं, पर केरल की कहानी पूरे देश के लिए एक सीख है, क्योंकि उसने बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की दिशा में सबसे पहले कदम उठाए।



**पत्रलेखा चटर्जी**
*वरिष्ठ पत्रकार*

लोग खाड़ी देशों में काम करने गए और उससे जो विदेशी धन (रेमिटेंस) आया, उससे आधुनिक घर बनाने और पढ़ाई-लिखाई में तो मदद मिली, लेकिन इसने घरों को खाली भी कर दिया। आज केरल में हर पांच में से लगभग एक व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक उम्र का है, जो देश के बड़े राज्यों में सबसे अधिक है। अनुमान है कि 2030 तक हर चार में से एक व्यक्ति बुजुर्ग होगा। कम जन्म दर, बढ़ती औसत आयु और कामकाजी लोगों के पलायन ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि कई जिलों में बुजुर्ग दंपती या विधवाएं घरों में अकेली रह रही हैं। इस बदलाव की मानवीय कीमत साफ और दर्दनाक है। कई बुजुर्ग पूरी तरह स्वयंसेवकों पर निर्भर हैं। विधवाएं सीमित आय में अकेले जीवन बिताने को मजबूर हैं, जबकि अवसाद और उम्र से जुड़ी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। प्रवासन विशेषज्ञ एस इरुदया राजन ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज में अपने लंबे शोध के दौरान इस 'खामोश संकट' की ओर वर्षों पहले ही ध्यान दिलाया था। संयुक्त परिवार टूट चुके हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 मौजूद तो है, पर इसे ठीक से लागू नहीं किया जाता है। केरल के नए संस्थान कल्याण योजनाओं, कानूनी सुरक्षा व नीतिगत योजना को एक साथ जोड़कर इस स्थिति को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पहल काफी हद तक जापान के अनुभव से प्रेरित है। जापान बहुत पहले ही तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी (सुपर-एजिंग) की चुनौती का सामना कर चुका है। तब वहां बुजुर्गों को बड़े संस्थानों में रखने के बजाय सामुदायिक देखभाल, असिस्टेड लिविंग और घर पर देखभाल जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया गया। केरल भी इसी दिशा में बढ़ रहा है। वह घर पर देखभाल की व्यवस्था को मजबूत करना चाहता है, ताकि बुजुर्ग अपने परिचित माहौल और पड़ोस में सम्मान के साथ जी सकें। नीति में फेमिनिज्म ऑफ एजिंग, यानी बुजुर्ग आबादी में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक होने, पर भी खास ध्यान दिया गया है। सेवानिवृत्त हो चुके पेशेवरों के लिए प्रस्तावित स्किल बैंक उनके अनुभव और विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर सकता है, ताकि 60 वर्ष की उम्र के बाद उन्हें अनुपयोगी न माना जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर अलग-अलग पीढ़ियों के बीच रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है।

बेशक, केरल भी इस नई व्यवस्था को लागू करने की चुनौतियों से अछूता नहीं है, क्योंकि बुजुर्गों के इलाज में विशेषज्ञ डॉक्टरों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी और लगातार वित्तीय संसाधन जुटाना आसान नहीं होगा। अलग-अलग सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाना भी प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा साबित होगा। फिर भी, वह इस बात के लिए सराहना का पात्र है कि उसने बढ़ती उम्र से जुड़ी समस्याओं को केवल दया या कल्याण का विषय नहीं, बल्कि शासन की मुख्य प्राथमिकता माना है।

यह प्रयोग केरल की सीमाओं से परे भी मायने रखता है। जैसे-जैसे दूसरे राज्यों में शहरीकरण बढ़ेगा, जन्म दर घटेगी और लोगों का पलायन बढ़ेगा, वैसे-वैसे वहां भी इसी तरह की सामाजिक चुनौतियां सामने आएंगी। उत्तर प्रदेश इसका एक उदाहरण है। फिलहाल, राज्य की आबादी अपेक्षाकृत युवा है, लेकिन अनुमान है कि 2011 में सात प्रतिशत रही बुजुर्ग आबादी 2036 तक बढ़कर 12 प्रतिशत हो जाएगी। इस चुनौती को देखते हुए राज्य सरकार ने आयुष्मान वयो वंदना कार्ड शुरू किया है। इसके तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएम जय) के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस स्वास्थ्य बीमा मिलता है। लेकिन, केवल स्वास्थ्य बीमा ही पर्याप्त नहीं है। बुजुर्गों की समस्याएं इससे कहीं व्यापक हैं और उनके समाधान के लिए हर स्तर पर समग्र नीति और ठोस प्रयास जरूरी होंगे।

वृद्ध लोगों का अकेलापन केवल केरल की समस्या नहीं, बल्कि भारत के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है। अगर वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा, उनकी आवाजाही की सुविधा, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य तथा समाज और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को अनदेखा किया गया, तो विकास के साथ-साथ ऐसा समाज भी बनेगा, जहां आर्थिक समृद्धि तो होगी, लेकिन अकेलापन भी उतना ही गहरा होगा।

केरल की यह पहल इस सोच को मजबूत करती है कि विकास का मतलब केवल जीडीपी बढ़ना या विदेशों से आने वाला पैसा नहीं है। असली विकास तब है, जब उस पीढ़ी को भी सुरक्षित, सम्मानजनक और गरिमापूर्ण जीवन मिले, जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी है। यदि केरल अपनी इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में सफल रहता है, तो यह पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन सकता है।

edit@amarujala.com

## मुद्दा

# कितनी सुरक्षित है हमारी थाली

**जापान से लेकर चीन तक भारतीय कृषि उत्पादों का ठुकराया जाना एक गंभीर सवाल खड़ा करता है कि आखिर हमारी अपनी थाली कितनी सुरक्षित है।**

दो साल पहले हांगकांग, सिंगापुर और अन्य पांच देशों ने कुछ भारतीय ब्रांड्स के मसाले लौटा दिए थे और अब जापान ने भारतीय आम, तो हाल ही में चीन ने भारत से गई मिर्चों की खेप खारिज कर दी। इसकी वजह थी-या तो उनमें कीटनाशकों के अवशेष तय सीमा से अधिक पाए गए या इनकी पेस्ट कंट्रोल प्रक्रिया में खामी रही। ऐसे में, यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि निर्यात के लिए चुने गए और सबसे अधिक जांचे-परखे उत्पाद भी विदेशी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे, तो देश के सामान्य उपभोक्ताओं की थाली में पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की स्थिति क्या होगी? यह भारत की छवि और खाद्य सुरक्षा व्यवस्था, दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

दरअसल, किसान ऐसे कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन्हें विकसित देशों ने प्रतिबंधित कर रखा है, जैसे क्लोरपाइरीफॉस, प्रोफेनोफॉस, पैराक्वाट, मोनोक्रोटोफॉस। देश के कई कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विस्तार सेवाएं इन कीटनाशकों की सिफारिश करती हैं, बिना इस बात पर ध्यान दिए कि वैश्विक स्तर पर इनकी क्या स्थिति है। इसके अलावा, कम से कम 40 फीसदी कीटनाशक ऐसे हैं, जो पंजीकृत नहीं हैं या नकली हैं। इससे इन कीटनाशकों में कौन-से तत्व हैं या वे कितने घातक हैं, इसका पता ही नहीं चल पाता। वहीं दूसरी तरफ, भारत में खाद्य सुरक्षा के लिए एफएसएसएआई, कीटनाशकों के पंजीकरण के लिए केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और राज्य स्तरीय इकाइयां काम कर रही हैं। पर, इनके बीच तालमेल नहीं है। कीटनाशक अधिनियम (1968) का लचर कानून भी आड़े आ जाता है। वस्तुतः भारत में कीटनाशक उद्योग बेहद संगठित है। बीते कुछ वर्षों में उद्योग के दबाव के कारण एआईएनपीपीआर जैसे अहम राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम कमजोर हो गए हैं। हालांकि, सरकार ने मई 2020 में 27 घातक कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने के लिए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया था, पर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। गौरतलब है कि भोजन में रसायनिक पदार्थों का जोखिम इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम कौन-सी चीज कितनी मात्रा में और कितनी बार खाते हैं। पालक, मेथी एवं धनिया इस सूची में सबसे ऊपर हैं, क्योंकि इन पर कीटनाशकों का भारी छिड़काव होता है। इनके ऊपर छिलके जैसी सुरक्षा नहीं होती, इसलिए इन्हें खाना खतरनाक हो सकता है। भिंडी, बैंगन और टमाटर तथा अंगूर, स्ट्रॉबेरी व आलूबुखारे जैसे फल भी इसी श्रेणी में आते हैं। वहीं, मसालों में सबसे ज्यादा कीटनाशक अवशेष पाए गए हैं। मगर, घरेलू उपभोक्ताओं के पास यह जानने का कोई उपाय नहीं है कि किस मसाले में कीटनाशकों के अवशेष कितनी मात्रा में हैं।



**ऋषभ मिश्रा**

सरकार को नीतिगत स्तर पर तीन कदमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। पहला, सभी प्रमुख खाद्य श्रेणियों की स्वतंत्र प्रयोगशालाओं में व्यापक स्तर पर जांच हो और उसके नतीजे तुरंत सार्वजनिक किए जाएं। दूसरा, मोनोक्रोटोफॉस, पैराक्वाट और क्लोरपाइरीफॉस जैसे रसायनों को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए और किसानों को वित्तीय व तकनीकी सहायता दी जाए। नकली कीटनाशकों को बाजार से बाहर किया जाना चाहिए। तीसरा, जरूरत ऐसी मजबूत संस्था की है, जो कीटनाशक पंजीकरण से लेकर बिकने वाले खाद्य पदार्थों तक, पूरी श्रृंखला की निगरानी करे। पेस्टिसाइड्स मैनेजमेंट बिल-2025 इस दिशा में एक अवसर हो सकता है।



**जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, जीवन की खूबसूरती और गहराई पहले से कहीं अधिक महसूस होने लगती है।** -फ्रैंक लॉयड राइट

# उम्र को मात देती है कला

**जैसे-जैसे उम्र बढ़े, इन्सान को किसी नए काम, नई कला या किसी सार्थक उद्देश्य से जुड़ जाना चाहिए। इससे मन वृद्धावस्था की चिंता में नहीं उलझता, बल्कि समाज और मानवता के साथ जुड़कर जीवन को एक नया अर्थ देने लगता है।**

यदि मनुष्य अपने जीवन में निरंतर नए विषयों, नए संबंधों और नई रुचियों को स्थान देता रहे, तो उसका जीवन धीरे-धीरे और अधिक सुंदर, व्यापक तथा अर्थपूर्ण होता जाता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़े, इन्सान को किसी नए काम, नई कला या किसी सार्थक उद्देश्य से जुड़ जाना चाहिए। इससे मन वृद्धावस्था की चिंता में नहीं उलझता, बल्कि समाज और मानवता के साथ जुड़कर जीवन को एक नया अर्थ देने लगता है।

अधिकांश लोग अपनी वृद्धावस्था को स्वयं ही जटिल और कठिन बना लेते हैं। वे वर्तमान में जीने के बजाय बीते हुए समय, छूटे हुए अवसरों और घटती हुई शारीरिक शक्ति के बारे में अधिक सोचने लगते हैं। इसलिए, अपने विचारों को बदलना आवश्यक है। जीवन से किसी परीकथा जैसे सुखद अंत की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। जीवन में सुख और दुख, सफलता व असफलता स्वाभाविक हैं। यदि हम यह मान लें कि हर कठिनाई के बाद हमें अवश्य ही कोई बड़ा पुरस्कार मिलेगा, तो निराशा हमारे जीवन का हिस्सा बन सकती है। इसलिए, सच्ची खुशी परिस्थितियों के बदलने में नहीं, बल्कि उन्हें सहजता से स्वीकारते हुए अपने कर्तव्यों और अपनी रुचियों को पूरी निष्ठा से निभाने में है। यही दृष्टिकोण मनुष्य को भीतर से मजबूत व संतुलित बनाता है।



**बर्ट्रेंड रसेल**

**मुड़-मुड़ के देख**

दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनुष्य को समय-समय पर अपनी मृत्यु का स्मरण भी करते रहना चाहिए। क्योंकि, जब व्यक्ति अपनी नश्वरता को स्वीकार कर लेता है, तब वह समय को व्यर्थ नहीं गंवाता, बल्कि समाज के लिए सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है।

मैं चाहता हूं कि मेरा अंत उस समय हो, जब मैं अपने कार्य में पूरी निष्ठा से लगा रहूं और यह संतोष मेरे साथ हो कि जो कुछ मेरे लिए संभव था, वह मैंने पूरी ईमानदारी से किया। इसके लिए हमें अपने काम या अपनी कला से इस प्रकार जुड़ जाना चाहिए कि उम्र का एहसास ही न हो। मन में यह विचार ही न आए कि मैं अभी जवान हूं या वृद्ध हो चुका हूं। यदि हम जीवन भर सीखते रहें, अपनी रुचियों को जीवित रखें, दूसरों के लिए उपयोगी बनें और हर दिन को उद्देश्यपूर्ण ढंग से जिएं, तो वृद्धावस्था भय का नहीं, बल्कि आत्मिक शांति का समय बन सकती है।



**दूसरी पारी**

**मेरी उम्र 70 वर्ष है। मैं अपनी संपत्ति का एक हिस्सा बेटी को देना चाहता हूं। पर, डर है कि मेरे इस फैसले से बेटे-बहू नाराज हो जाएंगे और परिवार में विवाद हो सकता है। मैं क्या करूं?**

# रिश्ते भी बचे रहें, न्याय भी

**संपत्ति बंटवारे में बेटी की हिस्सेदारी को लेकर झांसी के रमेश जी को मनोवैज्ञानिक डॉ. निशा खन्ना ने कुछ यों सलाह दी :**

सत्तर वर्ष की उम्र में आकर ऐसा सोचना और परिवार की चिंता करना स्वाभाविक है। लेकिन, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि आपका यह विचार कोई पक्षपात नहीं, बल्कि एक न्यायसंगत कदम है। हां, यह बात सही है कि समाज में लंबे समय से रूढ़िवादी धारणा रही है कि पैतृक संपत्ति पर केवल बेटों का अधिकार होता है, पर आज कानूनन और नैतिक, दोनों रूपों में बेटियां, बेटों के बराबर की हकदार हैं। इसलिए, यदि आप बेटी को संपत्ति में हिस्सा देना चाहते हैं, तो ऐसा करके आप अपने बच्चों को न्याय और समानता का एक अमूल्य संस्कार दे रहे हैं, जो भावी पीढ़ियों के लिए भी मिसाल बनेगा।

दरअसल, पारिवारिक विवादों की सबसे बड़ी वजह फैसले नहीं, बल्कि उन्हें लेने का तरीका होता है। यदि आप बिना किसी चर्चा के वसीयत या संपत्ति का बंटवारा कर देंगे, तो परिवार के अन्य सदस्यों को यह लग सकता है कि उनसे कोई बात छिपाई गई है। ऐसे में, गलतफहमियां और नाराजगी बढ़ सकती है। इसलिए, सबसे जरूरी है पारदर्शिता व खुला संवाद। परिवार के सभी सदस्यों को साथ बिठाकर अपनी बात रखें। उन्हें समझाएं कि यह निर्णय किसी के प्रति भेदभाव नहीं, बल्कि बेटी के प्रति आपका स्नेह और उसका अधिकार भी है। एक और बात, संवाद के दौरान यदि बेटे या बहू की तरफ से कोई तीखी प्रतिक्रिया आए, तो गुस्सा होने के बजाय उन्हें एहसास दिलाएं कि आपका यह कदम पूरे परिवार की भलाई और भविष्य में किसी भी मनमुटाव को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए है। यदि आप शांत, संतुलित और निष्पक्ष रहेंगे, तो वे भी आपकी बात सुनने के लिए अधिक तैयार होंगे। बेशक, कानून आपको



अपनी संपत्ति अपनी मर्जी से देने की पूरी आजादी देता है, पर एक पिता के तौर पर आपका खुला संवाद व स्पष्टता ही परिवार में असंतोष की दीवार खड़ी होने से रोकेगी।

संपत्ति से जुड़े मामलों में कानूनी पारदर्शिता भी बेहद जरूरी है। ऐसे में, यदि आवश्यक हो, तो किसी अनुभवी वकील की मदद लेकर स्पष्ट और कानूनी रूप से मजबूत वसीयत तैयार करें। इससे भविष्य में अनावश्यक विवादों की आशंका कम हो जाती है। यदि आपको लगता है कि परिवार में पहले से तनाव है और बातचीत विवाद में बदल सकती है, तो किसी पारिवारिक परामर्शदाता या अच्छे मनोवैज्ञानिक की सहायता लेना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

याद रखिए, संपत्ति से ज्यादा कीमती रिश्ते होते हैं। यदि आपके बच्चे यह देखेंगे कि आपने समानता, न्याय और सम्मान के आधार पर निर्णय लिया है, तो यह उनके लिए नजीर बनेगा। इसलिए, अपना निर्णय निडर होकर लें, पर उसे संवेदनशीलता, पारदर्शिता और खुले संवाद के साथ परिवार के सामने रखें। जब निर्णय के साथ विश्वास और स्पष्टता जुड़ जाती है, तो रिश्तों को बचाते हुए न्याय करना कहीं अधिक आसान हो जाता है।

जिंदगी की **दूसरी पारी** बहुत महत्वपूर्ण होती है। हर शुक्रवार इस पर आपको नया पढ़ने को मिलेगा। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं **edit@amarujala.com** पर भेज सकते हैं, विशेषज्ञों की मदद से हम कोशिश करेंगे कि संवाद का पुल बन सके।

## कानूनी पक्ष

*खुद से अर्जित की गई संपत्ति का कुछ हिस्सा बेटी को देना कानूनी अधिकार है। इस पर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा बताती हैं :*

- भविष्य में किसी भी विवाद से बचने के लिए उचित कानूनी दस्तावेजीकरण करना सबसे सुरक्षित उपाय है। इसके लिए आप 'भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925' के तहत एक स्पष्ट वसीयत लिख सकते हैं, जिसमें बेटी को दिए जाने वाले हिस्से और उसके पीछे के ठोस कारणों (जैसे स्नेह या बुढ़ापे में देखभाल) का साफ उल्लेख हो।
- इस वसीयत का पंजीकरण कराने से इसकी कानूनी प्रमाणिकता बेहद मजबूत हो जाती है, जिससे इसे भविष्य में चुनौती देना बेहद मुश्किल होगा।
- आप अपने जीवनकाल में ही संपत्ति बेटी के नाम करना चाहते हैं, तो 'संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882' के तहत एक पंजीकृत उपहार विलेख (गिफ्ट डीड) बनवा सकते हैं। इस डीड को दो गवाहों के सामने पंजीकृत कराया जाना अनिवार्य है।
- आप इसमें 'वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, 2007' के तहत यह शर्त भी जोड़ सकते हैं कि आपके जीवनकाल तक संपत्ति पर आपका ही नियंत्रण रहेगा, जिससे आप आर्थिक या शारीरिक रूप से पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे।
- यदि आप सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, तो सभी उत्तराधिकारियों की सहमति से एक 'पारिवारिक समझौता' भी कर सकते हैं, जिस पर सभी के हस्ताक्षर होने से बाद में किसी कानूनी मुकदमेबाजी की गुंजाइश नहीं बचती।

## वरिष्ठ नागरिकों के काम की संस्थाएं

- *शिरा वेलफेयर फाउंडेशन* वरिष्ठ नागरिकों के लिए पौष्टिक भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य देखभाल तथा मनोरंजन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही फाउंडेशन वंचित बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन तथा युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित करता है। अधिक जानकारी के लिए फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट shirawelfarefoundation.org या 9811217918 पर संपर्क किया जा सकता है।
- *नबातोरी फाउंडेशन* वरिष्ठ नागरिकों को रहने और खाने की सुविधा प्रदान करता है। संस्था निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करवाने के साथ-साथ महिलाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती है। इसके अलावा, यह बच्चों के लिए शैक्षणिक सहयोग, डिजिटल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम भी संचालित करती है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट nabatorifoundation.com पर या nabatorifoundation@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

# पहले वर्ष के छात्रों से होगा दोस्ताना व्यवहार, तनाव घटाने पर जोर

## आईआईटी में आत्महत्या के बढ़ते मामले को देखते हुए नए शैक्षणिक सत्र से कई अहम बदलाव, डीन-डायरेक्टर की होगी जवाबदेही

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** आईआईटी में बढ़ते आत्महत्या के मामलों को देखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्टूडेंट फ्रेंडली कैंपस बनाया जाएगा। पहले वर्ष के छात्रों को तनावमुक्त रखने के लिए पढ़ाई से पहले उनसे दोस्ताना व्यवहार कर उन्हें कैंपस से जोड़ा जाएगा। छात्रों के तनाव व समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी अब सीधे आईआईटी डायरेक्टर, डीन और प्रोफेसरों की होगी। लापरवाही बरतने पर सेवा नियमों के तहत कार्रवाई होगी। सरकार की उच्चस्तरीय समिति समय-समय पर औचक निरीक्षण भी करेगी। वर्ष 2025 में महज आठ महीनों में 210 युवाओं की आत्महत्या के बाद सरकार और सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के चलते यह अहम कदम उठाए गए हैं।

### अनिवार्य होगी काउंसलर की नियुक्ति

छात्रों की दिक्कतों को समझने के लिए सभी आईआईटी में काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। हर 15 दिन या महीने में काउंसलिंग सत्र होंगे ताकि छात्रों का तनाव दूर किया जा सके। इसके साथ ही कैंपस में छात्रों के छोटे व्हाट्सएप ग्रुप बनेंगे, जिनमें सीनियर और शिक्षक भी होंगे। छात्रों को खेलकूद, योग और उनकी रुचि के अनुसार संगीत व कुकिंग जैसे कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। गुमसुम रहने वाले और मेस में खाना छोड़ने वाले छात्रों की पहचान कर तुरंत उनकी मदद की जाएगी।

### ग्रामीण और कमजोर छात्रों पर रहेगा विशेष फोकस

- आर्थिक तंगी से जूझ रहे छात्रों की मदद पूर्व छात्रों के फंड से की जाएगी। क्षेत्रीय भाषा वाले छात्रों के लिए स्पेशल इंग्लिश क्लास लगेंगी।
- ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# 225 साल में दिल्ली में 68% सिकुड़ी यमुना, पानी का बहाव 89 फीसदी घटा

## 1799 में यमुना की औसत चौड़ाई करीब 658 मीटर थी, 2024 में घटकर 210 मीटर रह गई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यमुना नदी बीते 225 वर्षों में करीब 68 प्रतिशत तक सिकुड़ चुकी है। साल 1799 में यमुना की औसत चौड़ाई करीब 658 मीटर थी, जो 2024 में घटकर 210 मीटर ही रह गई। डीयू के भूविज्ञान विभाग और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के शोधकर्ताओं के अध्ययन में यह बात सामने आई है।अध्ययन के अनुसार, नदी में बहने वाले पानी की मात्रा (डिस्चार्ज) में भी करीब 89 प्रतिशत की गिरावट आई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, इसके लिए उन्होंने 1799 के एक पुराने नक्शे, अन्य ऐतिहासिक नक्शों और आधुनिक सैटेलाइट तस्वीरों का अध्ययन किया है।

नदी की चौड़ाई घटने के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि



फाइल फोटो

### शोधकर्ताओं के अध्ययन में सामने आई यह बातें

नदी में पानी का बहाव 30 हजार क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड से घटकर 3,900 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड रह गया है। शोधकर्ता प्रो. विमल सिंह ने बताया कि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बढ़ता शहरीकरण, बैराज, नहरें, तटबंध और इंसानी दखल है। उन्होंने बताया कि 1799 का नक्शा उस समय का है, जब यमुना पर कोई बड़ा बैराज नहीं बना था। इसलिए यह नदी की प्राकृतिक स्थिति को समझने का अहम आधार बनता है।

### बैराज बनने के बाद बहाव में आया बड़ा बदलाव

प्रो. विमल सिंह के अनुसार, बाद के वर्षों में ताजेवाला, ओखला, वजीराबाद और आईटीओ बैराज बनने के बाद नदी के बहाव में बड़ा बदलाव आया। इन परियोजनाओं के जरिए बड़ी मात्रा में पानी दूसरी ओर मोड़ दिया गया, जिससे दिल्ली में यमुना का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हुआ। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि पिछले सौ साल से अधिक समय में यमुना के करीब 45 वर्ग किलोमीटर बाढ़ क्षेत्र (फ्लडप्लेन) को तटबंधों के कारण मुख्य नदी से अलग कर दिया गया। बाद में इन इलाकों का इस्तेमाल खेती और शहरी विकास के लिए होने लगा। इससे नदी की बाढ़ का पानी अपने आप फैलाने और संभालने की क्षमता कम हो गई।

### नदी पहले की तुलना में काफी संकरी हुई

शोध में यह भी पाया गया कि नदी के बीच बनने वाले प्राकृतिक रेतीले टापुओं का क्षेत्रफल 1985 में करीब 20 वर्ग किलोमीटर था, जो 2020 तक घटकर सिर्फ चार वर्ग किलोमीटर रह गया। इनमें से कई स्थानों को खेती या दूसरे उपयोगों में बदल दिया गया। शोधकर्ताओं ने जुलाई 2023 में आई दिल्ली की बाढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि 1978 की तुलना में 2023 में यमुना में कम पानी छोड़ा गया था, फिर भी जलस्तर ज्यादा बढ़ गया। इसका कारण यह है कि अब नदी पहले की तुलना में काफी संकरी हो चुकी है और उसके बाढ़ क्षेत्र भी सीमित हो गए हैं।

### आरएमएल अस्पताल में 35 छात्रों को मिली इंटर्नशिप

**नई दिल्ली।** आरएमएल अस्पताल व अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीशियन (एमएलटी) की छह महीने की इंटर्नशिप के लिए 35 छात्रों का चयन हुआ है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, 10 जुलाई को हुए इंटरव्यू के बाद छात्रों को लैब विभाग में प्रशिक्षण की अनुमति दी गई है। हर छात्र को हर माह 500 रुपये प्रशिक्षण शुल्क जमा करना होगा। फीस ऑनलाइन http://www.rmlh.nic.in या डेबिट कार्ड से जमा होगी। ब्यूरो




# कृष्णानगर के लाल क्वार्टर मार्केट में सुविधाएं नदारद

## मार्केट संवाद में व्यापारियों ने पार्किंग, सफाई, अतिक्रमण और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग रखी

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** यमुनापार के कृष्णानगर में अमर उजाला मार्केट संवाद में सीपीसीआर लाल क्वार्टर मार्केट एसोसिएशन के व्यापारियों ने क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं की कमी और समस्याओं को उठाया। व्यापारियों ने बताया कि इतने बड़े मार्केट परिसर में पेयजल, पब्लिक टॉयलेट, पार्किंग और सुरक्षा जैसी सुविधाएं नहीं हैं।

मार्केट में पुलिस की गश्त भी बहुत कम होती है जिस कारण चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि शाम के समय कुछ असामाजिक तत्व तेज रफ्तार से दोपहिया चलाते हुए बाजार में कई बार चक्कर लगाते हैं।

इस दौरान तेज हॉर्न बजाकर और सड़क पर हुड़दंग मचाकर बाजार का माहौल खराब करते है, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों में डर बना रहता है। इन समस्याओं की जानकारी कई बार पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। व्यापारियों ने मांग की है कि मार्केट में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, पानी का बिल सही बिल भेजा जाए, पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।



जितना पानी इस्तेमाल किया है उससे कई गुना ज्यादा पानी का बिल व्यापारियों को भेज कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी समाधान होता नहीं दिख रहा। -**राकेश साहनी**, मार्केट अध्यक्ष, सीपीसीआर मार्केट एसोसिएशन, लाल क्वार्टर, कृष्णा नगर



पुलिस की कम मौजूदगी के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो रहे है। मार्केट कि ओर से बार-बार शिकायत जाने के बाद पुलिस आ जाती है लेकिन एक-दो बार आकर फिर कोई नहीं पूछता। पुलिस नियमित कार्रवाई करे तो चोरी की वारदात कम हो सकती है।-**सुमन नैय्यर**, व्यापारी



-इतने बड़े मार्केट में शौचालय न होने के कारण ग्राहकों व दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर यहां पर्याप्त शौचालय बन जाए तो लोगों को सुविधा हो जाए। -**कुलवीर सिंह**, व्यापारी



-शाम होते ही कुछ युवक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए बाजार में कई चक्कर लगाते हैं। इसमें से कोई तेज हॉर्न बजाता है तो काई हुड़दंग, ऐसे में ग्राहक भी असुरक्षित महसूस करते हैं। पुलिस प्रशासन को बताया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। -**संजीव मल्होत्रा**, व्यापारी



-पार्किंग नहीं होने से ग्राहकों को वाहन खड़े करने में परेशानी होती है। इसका सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। मार्केट में पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं होती है। -**मनोज खन्ना**, व्यापारी



-बारिश होते ही पूरा मार्केट तालाब में तब्दील हो जाता है। इस कारण ग्राहक नहीं आते जिससे व्यापार में नुकसान होता है। जलभराव की समस्या का समाधान पूरी तरह होना चाहिए ताकि व्यापार का नुकसान न हो।-**चंद्र आरोड़ा**, व्यापारी

# प्रदूषण रोकने को सीएक्यूएम व आईसीसीटी इंडिया साथ आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण का विस्तृत विश्लेषण करेंगी इससे प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों की पहचान कर उन पर प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही, वास्तविक उत्सर्जन के आंकड़ों के आधार पर नई नीतियां बनाने और उन्हें बेहतर तरीके से लागू करने में मदद मिलेगी। इस पहल में सरकारी विभागों, ऑटोमोबाइल उद्योग, वैज्ञानिकों और शैक्षणिक संस्थानों को भी शामिल किया जाएगा। सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) डॉ. विरिंदर शर्मा ने कहा कि एनसीआर की हवा साफ करने के लिए वाहनों के धुएं पर नियंत्रण जरूरी है। वहीं, आईसीसीटी इंडिया के प्रबंध निदेशक अमित भट्ट ने कहा कि प्रदूषण से जुड़ी नीतियां वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर ही प्रभावी बन सकती हैं। ब्यूरो

# दावा ... ड्रोन से टीबी जांच होगी तेज

**नई दिल्ली।** ड्रोन के जरिए टीबी (क्षय रोग) के बलगम के नमूने जांच लैब तक पहुंचाने से जांच में लगने वाला समय 15 दिन से घटकर सिर्फ पांच दिन रह सकता है। इससे मरीजों का इलाज जल्दी शुरू होगा और उनका खर्च भी काफी कम होगा। यह दावा इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने किया है। यह अध्ययन आईसीएमआर के आई-ड्रोन कार्यक्रम के तहत तेलंगाना के यादाद्री-भुवनगिरी जिले में किया गया। इसमें 840 लोगों को शामिल किया गया। इसमें 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 60 उप-स्वास्थ्य केंद्र और चार टीबी यूनिट को जोड़ा गया। मरीजों को दूर की लैब में जाने के बजाय अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही बलगम का नमूना देने की सुविधा मिली। अध्ययन के अनुसार, पारंपरिक व्यवस्था में टीबी जांच के लिए मरीजों का औसतन 9,451 रुपये तक खर्च होता था, जो ड्रोन व्यवस्था में घटकर करीब 91 रुपये रह गया। कई मरीजों को यात्रा पर कोई खर्च भी नहीं करना पड़ा। ब्यूरो

### भारतीय लोक पार्टी के गठन की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशवपुरम स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित बैठक में समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भारतीय लोक पार्टी के गठन पर सहमति जताई। पार्टी गठन की घोषणा करते हुए अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया कि देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसी समस्याएं बढ़ रहीं हैं। गरीब, किसान, छात्र, नौजवान, एससी एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और आदिवासी वर्गों को सामाजिक न्याय और आर्थिक सुधार का लाभ दिलाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। इस दौरान सुरेंद्र कुमार बहोत, विजेंद्र मोहन यादव और एडवोकेट अरविंद सिंह यादव भी मौजूद रहे। संवाद


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

गुड़गांव क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, टावर-1, इरकॉन इंटरनेशनल टावर, प्लॉट नं-16, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001. ईमेल: pe.gurgaon@bankofbaroda.bank.in संपर्क नं.: 0124-4096707

**निविदा सूचना**

**बैंक ऑफ बड़ौदा एमएसएमई बल्लभगढ़ शाखा शाखा के स्थानांतरण के लिए लीज आधार पर परिसर का अधिग्रहण**

**बैंक ऑफ बड़ौदा, एमएसएमई बल्लभगढ़ शाखा को 143, पुजारी कॉम्प्लेक्स, मोहना रोड, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा—121004 से स्थानांतरित करने के लिए दोहरी बोली प्रणाली में पट्टे के आधार पर व्यावसायिक रूप से स्वीकृत परिसर का अधिग्रहण करना चाहता है। परिसर मौजूदा शाखा स्थान से 3 किमी के दायरे में होना चाहिए।**

परिसर भूतल/ ऊपरी भूतल/ निचले भूतल पर होना चाहिए, जिसका कार्पेट एरिया 1800 – 2350 वर्ग फुट, स्पष्ट दृश्यता (सामने की ओर/ सड़क की ओर), 24 घंटे पहुंच, 3 फेज पावर (30–35 केवीए), वी-सैट एंटीना/ रेडियो पोल एंटीना के लिए छत पर न्यूनतम 4'x4' जगह और कर्मचारियों एवं ग्राहकों/ आगंतुकों के लिए सामने की ओर पर्याप्त पार्किंग स्थान होना चाहिए।

भूमि और निर्मित संपत्ति के साथ—साथ छत के अधिकारों पर स्पष्ट स्वामित्व (जीपीए आधार पर नहीं) पंजीकृत मालिकों से दो—बोली प्रणाली **(1) तकनीकी बोली और (2) वित्तीय बोली** में मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। नाबालिक/ नाबालिगों के स्वामित्व वाले परिसर पर विचार नहीं किया जाएगा। **प्रॉपर्टी डीलरों और दलालों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। कोई दलाली का भुगतान नहीं किया जाएगा।**

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि **31.07.2026 दोपहर 03:00 बजे** तक है और **31.07.2026 को दोपहर 03:30 बजे** खोली जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए, हमारे बैंक की वेबसाइट – https://www.bankofbaroda.bank.in/tenders/zonal-regional-offices देखें।

**क्षेत्रीय प्रमुख, गुड़गांव क्षेत्र**



भारत सरकार Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग Department of Atomic Energy
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre
कार्मिक प्रभाग Personnel Division

**विज्ञापन संख्या Advertisement No.06/2026(R-I)**

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 18.08.2026

LAST DATE FOR RECEIPT OF APPLICATION: 18.08.2026

सरकार एक ऐसा कार्यबल बनाने के लिए प्रयास करती है जिसमें लिंग संतुलन प्रतिबिंबित हो और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

"Government Strives To Have A Workforce Which Reflects Gender Balance And Women Candidates Are Encouraged To Apply"

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई और विकिरण चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आर.एम.आर.सी.), कोलकाता में सीधी भर्ती के माध्यम से निम्नलिखित ग्रुप 'बी' पदों (पैरा-मेडिकल) पर नियुक्ति के लिए पात्र नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

Online applications are invited from eligible candidates for filling up the following Group 'B' posts (Para-medical) in Bhabha Atomic Research Centre (BARC), Mumbai and Radiation Medicine Research Centre (RMRC), Kolkata through Direct Recruitment.

पदों का विवरण / DETAILS OF POSTS:

| पोस्ट कोड/ Post Code | पद का नाम /Name of post | इकाई/ Unit | रिक्तियों की संख्या / No. of vacancies | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा/ SC | अजजा / ST | अपिव / OBC | आकव / EWS | अना/ UR | कुल/ Total |
| डीआर/01 DR/01 | वैज्ञानिक सहायक/सी (साइकोलॉजिस्ट) Scientific Assistant/C (Psychologist) | भापअ केंद्र BARC | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 |
| डीआर/02 DR/02 | वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथोलॉजी) Scientific Assistant/B (Pathology) | भापअ केंद्र BARC | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 |
| डीआर/03 DR/03 | वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफी) Scientific Assistant/B (Radiography) | भापअ केंद्र BARC | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 | 02 |
| डीआर/04 DR/04 | वैज्ञानिक सहायक/बी (न्यूक्लिअर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट) Scientific Assistant/B (Nuclear Medicine Technologist) | भापअ केंद्र & आर एम आर सी BARC & RMRC | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 | 02 |
| | कुल पद / Total | | 0 | 0 | 0 | 0 | 06 | 06 |

कृपया अधिक जानकारी के लिए भापअ केंद्र के वेबसाइट https://www.barc.gov.in या https://recruit.barc.gov.in देखें।

ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 17.07.2026 से 18.08.2026 तक खुली रहेंगी।

For detailed advertisement, please visit the website https://www.barc.gov.in or https://recruit.barc.gov.in. The facility of online application will be kept open from 17.07.2026 to 18.08.2026.

cbc 48103/11/0008/2627




## अपराध संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स का चौथे दिन मिला शव

**नई दिल्ली।** यमुना नदी में डूबे एनसीसी कैडेट्स सौरभ का शव बृहस्पतिवार को डीएनडी के पास से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। सौरभ के पिता दीपक ने उसकी पहचान की। वहीं बैठी मां अनीता देवी बेटे को देखकर फफक कर रोने लगीं। नहाने के दौरान चार दोस्त अलीपुर के हिरंणकी के पास यमुना में डूब गए थे, जिसमें से तीन राहुल, अमनदीप और सौरभ के शव को बरामद कर लिया गया है। जबकि अंशु की तलाश अभी भी जारी है। ब्यूरो

### वाहन से कुचलकर व्यक्ति की गई जान

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में बृहस्पतिवार शाम एक व्यक्ति की वाहन से कुचलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक डबास के रूप में हुई है। परिवार वालों का आरोप है कि कुछ दिन पहले भी उसका एक्सीडेंट हुआ था और घर पर गोलीबारी की गई थी। परिजनों ने इसे हत्या बताया है। वहीं, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और वाहन चालक की पहचान करने में जुटी है। दीपक परिवार के साथ माजरा डबास में रहते थे। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब 4:30 बजे कंझावला थाना पुलिस को सूचना मिली थी। ब्यूरो

### स्कूटी की टक्कर से चालक की मौत

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में स्कूटी की टक्कर से वाहन चालक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक स्कूटी चालक स्कूटी लेकर भाग गया। पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि 14 जुलाई की देर रात जहांगीरपुरी थाना पुलिस को सड़क हादसे की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किराड़ी सुलेमान नगर निवासी फहीम (31) अपने टाटा ऐस वाहन से उतरकर सामान की रस्सी बांध रहा था। तभी अज्ञात स्कूटी चालक ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। ब्यूरो

### पश्चिम बंगाल में गैंगस्टर को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पश्चिम बंगाल के मालदा से गैंगस्टर सबोली, नई दिल्ली निवासी जगदीश उर्फ जैक को करीब 2,500 किलोमीटर तक चले अंतराज्यीय पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश से संचालित हैरी बॉक्सर, अनिल पंडित और सचिन उर्फ गेलू गैंग का मुख्य सदस्य है। वह दिल्ली में सनसनीखेज फायरिंग और रंगदारी के मामलों में वांछित था। उसके मुख्य सहयोगी, विकास उर्फ चुहिया, को पहले स्पेशल सेल ने 7 जून, 2026 को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से गिरफ्तार किया था। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त चैतन्य नारा ने बताया कि एसीपी पूरनपंत की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप यादव और इंस्पेक्टर नीरज कुमार की टीम को जांच में जानकारी मिली थी। ब्यूरो

### महिला को सम्मोहित कर गहने ले गए

**नई दिल्ली।** मोहन गार्डन इलाके में दो युवकों ने बाजार गई महिला को सम्मोहित कर उनके गहने चुरा लिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। बिहार के मधुबनी की रहने वाली देवकला देवी परिवार के साथ मोहन गार्डन इलाके में रहती हैं। मोहन गार्डन थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार देवकला देवी शनिवार को अपने घर के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार से लौट रही थीं। इसी दौरान एक युवक ने रास्ता पूछने के बहाने रोका। तभी उसका दूसरा साथी भी आ गया। उसने रूमाल को देवकला के नाक के पास लगाया। इसके बाद देवकला युवकों के बताए अनुसार काम करती रहीं। ब्यूरो

# सहायक जेल अधीक्षक-वार्डरों का गिरोह कैदियों के परिवारों से वसूलता था रिश्वत

## दिल्ली की जेल में भ्रष्टाचार का गिरोह चला रहे सहायक जेल अधीक्षक समेत 11 आरोपी पकड़े गए

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जेलों में एक संगठित रिश्वतखोरी और वसूली का रैकेट चल रहा था। इसमें जेल अधिकारियों और वार्डरों की मिलीभगत सामने आई है।

दिल्ली सरकार की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। अब तक 11 को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें एक असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट, छह वार्डर, दो वकील और दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

एसीबी के संयुक्त आयुक्त विक्रमजीत सिंह (आईपीएस) के अनुसार, यह रैकेट रोहिणी और तिहाड़ जेल में सक्रिय था।

आरोपी जेल कर्मी कैदियों के परिवारों से पैसे वसूलकर उन्हें जेल के अंदर सुरक्षा, बेहतर सुविधाएं, प्राथमिकता और अन्य अनधिकृत लाभ मुहैया कराते थे। 9 फरवरी 2026 को एक शिकायतकर्ता ने एसीबी के पास शिकायत की कि उसके पिता और भाई, जो रोहिणी जेल में विचाराधीन कैदी हैं, की सुरक्षा और आराम के नाम पर उससे लगातार पैसे ऐंठे जा रहे थे।

पहले चरण में दिनेश डबास, पंकज कुमार, रवि कुमार (रोहिणी जेल के वार्डर), जोगेंदर (तिहाड़ जेल के हेड वार्डर), मनीष (फरीदाबाद का वकील) और आशीष राणा (दिल्ली का निजी व्यक्ति) को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 1 लाख रुपये की रिश्वत भी बरामद हुई।

बैंक खातों, डिजिटल साक्ष्यों, मोबाइल डेटा और वित्तीय लेन-देन की जांच से पता चला कि रिश्वत की रकम कई बैंक खातों के जरिए घुमाई जा रही थी और नकद निकालकर गिरोह के सदस्यों में बांटी जा रही थी।

इस सिलसिले में एसीबी ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनमें सुनील कुमार (असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट, रोहिणी जेल) योगेश (हेड वार्डर, रोहिणी जेल) जगबीर (वार्डर, रोहिणी जेल) हरेंद्र बंसल (बागपत का वकील), विप्लव खरी (दिल्ली का निजी व्यक्ति) शामिल थे।

### ऐसे करते थे वसूली

दिल्ली जेलों में चल रहे इस रैकेट में आरोपी जेल अधिकारी और वार्डर कैदियों के परिवारों को निशाना बनाते थे। वे परिवार के सदस्यों से संपर्क कर धमकी देते कि जेल में उनके रिश्तेदार की सुरक्षा नहीं होगी, मारपीट हो सकती है या बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। रिश्वत देने पर वे बेहतर बैरक, मोबाइल फोन का इस्तेमाल, अच्छा खाना, मुलाकात में आसानी और अन्य कैदियों से सुरक्षा जैसे अनधिकृत लाभ मुहैया कराते थे।

# युवक ने पहले युवती को गोली मारी, फिर खुद की भी ले ली जान

## बुराड़ी में वारदात, दोपहर के समय बहन घर पहुंची तो पता चला, प्रेम-प्रसंग की बात आई सामने

अमर उजाला ब्यूरो



पुलिस के पहुंचने पर पड़ोसियों की घटनास्थल के पास भीड़ लग गई। अमर उजाला



शिवांगिनी। फाइल

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में बृहस्पतिवार एक युवक ने युवती शिवांगिनी (26) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी निखिल (26) ने पिस्टल से अपनी कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

पड़ोसियों ने गोली चलने की आवाज भी सुनी, लेकिन उनको पता नहीं चल पाया कि आवाज कहां से आई। दोपहर में शिवांगिनी की बहन जब फ्लैट पर पहुंची तो उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया। मकान मालिक और बाकी पड़ोसियों की मदद से किसी तरह दरवाजा खोलकर देखा गया तो अंदर दोनों की खून से लथपथ लाश मिली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा। क्राइम टीम व एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को पता चला कि शिवांगिनी निखिल से अपना रिश्ता खत्म करना चाहती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच अनबन चल रही थी। निखिल ने इसी वजह से वारदात को अंजाम दिया।

उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि मूलरूप से रायबरेली, उत्तर-प्रदेश की रहने वाली शिवांगिनी अपनी बहन निशांगिनी (21) के साथ ए-ब्लॉक, गली नंबर-12-13, कमलपुर, बुराड़ी में तीसरी मंजिल के फ्लैट में किराये पर रहती थी। शिवांगिनी एनआईसी में प्राइवेट नौकरी करती थी। इसकी बहन निशांगिनी बुराड़ी के एक निजी स्कूल में टीचर है। मूलरूप से गांव पिनाना, सोनीपत, हरियाणा का रहने वाला निखिल परिवार के साथ सारण, पंजाब में रह रहा था। इसके परिवार में मां व दो बहनें हैं। निखिल पहले दिल्ली में रहकर डीडीए में कॉन्ट्रेक्ट पर नौकरी करता था। पिछले काफी समय से निखिल बेरोजगार था। इसी बात पर शिवांगिनी और निखिल के बीच अनबन थी। बांठिया ने बताया कि पिछले करीब 6 माह से शिवांगिनी और निखिल की एक दूसरे से दोस्ती थी। अब शिवांगिनी निखिल से रिश्ता खत्म करना चाहती थी। बृहस्पतिवार को वह अपने कमरे पर मौजूद थी। बहन स्कूल गई थी।

दोपहर 3 बजे बहन घर पहुंची तो वारदात को पता चला। पुलिस को मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को पता चला कि निखिल ने वारदात से पहले अपनी लाइव लोकेशन और आखिरी मैसेज होने की बात अपनी बहन के मोबाइल पर भेजी थी। इसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

### पंजाब से वारदात करने आया था आरोपी निखिल, कुछ दिनों से दोनों में थी अनबन

### आज के बाद तुम्हारा-हमारा रिश्ता खत्म शिवांगिनी ने निखिल को किया कॉल

शुजात आलम

**नई दिल्ली।** हैलो आज से तुम्हारा-हमारा रिश्ता खत्म, कुछ इसी अंदाज में बुधवार को शिवांगिनी ने निखिल को कॉल कर अपना रिश्ता खत्म होने की बात की थी। दरअसल पिछले कुछ माह से निखिल बेरोजगार था। इस बात पर दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आ रही थी। शिवांगिनी रिश्ता खत्म करना चाहती थी।

मानसिक दबाव में चल रहा निखिल बृहस्पतिवार दोपहर में दिल्ली पहुंचा। यहां आने के बाद उसने शिवांगिनी को कॉल भी किया। इसके बाद वह पिस्टल लेकर घर पहुंचा। शिवांगिनी के घर पहुंचने से पहले निखिल ने अपनी बहन के मोबाइल पर एक मैसेज भेजकर लिखा कि यह उसका आखिरी मैसेज है, आज वह समस्या का समाधान कर देगा। इसके बाद निखिल ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने फ्लैट से एक पिस्टल, दो खोखे, शिवांगिनी और निखिल का मोबाइल व अन्य सामान कब्जे में लिया है। इसकी मदद से पड़ताल की जा रही है। पुलिस शिवांगिनी और निखिल के परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डीडीए में नौकरी करने में दोनों की दोस्ती हुई थी।

दोनों करीब छह माह से एक-दूसरे के साथ प्रेम संबंध में थे। इस बीच निखिल की नौकरी छूटी तो दोनों के बीच रिश्ते खराब हुए। शिवांगिनी निखिल पर नौकरी करने का दबाव बना रही थी। पुलिस आशंका जता रही है कि रिलेशन खत्म करने की धमकी को शायद निखिल सह नहीं पाया और उसने पहले शिवांगिनी के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की। बाद में अपनी कनपटी पर गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों के आने पर पुलिस शुक्रवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाएगी।

# सीलमपुर में महिला की कैंची से गोदकर हत्या, पति फरार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में अख्तर जहां (48) की कैंची से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से महिला का पति मोहम्मद सलीम मौके से फरार है। पुलिस को पति पर ही हत्या करने का शक है। शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच अनबन की बात सामने आई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



अख्तर जहा

जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि अख्तर जहां अपने परिवार के साथ तीन साल से गौतमपुरी स्थित तीसरी मंजिल पर किराए में रह रही थी। इनके परिवार में पति के अलावा दो बच्चे हैं। अख्तर की एक बेटी निजी स्कूल में टीचर है। बृहस्पतिवार दोपहर के समय वह स्कूल से घर पहुंची तो घर का ताला बंद था।

वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के लिए चली गई। ट्यूशन पढ़ाने के बाद जब लौटी तो भी दरवाजे में ताला लगा था। मां और पिता को फोन करने पर दोनों के नंबर नहीं लगे। इस पर उसने पड़ोसियों को खबर दी।

बेटी की मौजूदगी में दरवाजे के ताले को तोड़ा गया तो अंदर अख्तर जहां फर्श पर खून से लथपथ पड़ी मिली। मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच के लिए क्राइम टीम व एफएसएल को मौके पर बुलाया गया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जिला पुलिस उपायुक्त राहुल ने बताया कि जांच में प्रथमदृष्टया पति के ही हत्या करने की बात सामने आई है। पति का नंबर बंद आ रहा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।

# तीन साल की बच्ची को अगवा कर हत्या करने वाला मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने तीन साल की बच्ची के अपहरण और उसकी हत्या के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं।

दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 10 जुलाई को कापसहेड़ा थाना पुलिस को एक तीन साल की बच्ची के लापता होने की जानकारी मिली। 14 जुलाई की देर रात पुलिस को एफआईएमटी कॉलेज के पास कापसहेड़ा नाले के पास एक बच्ची का शव मिला। मृत बच्ची की शिनाख्त लापता बच्ची के रूप में हुई। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसमें एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिला। उसकी पहचान 37 साल के चंदन कुमार के रूप में हुई। जांच में पता चला कि चंदन बलिया यूपी का रहने वाला था। 15 जुलाई को पुलिस ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। ब्यूरो



चंदन कुमार

# रेहड़ी हटाने को कहने पर पिता-पुत्रों ने पुलिसकर्मी से की मारपीट

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर इलाके में पुलिस बूथ के पास अशोक और उसके दो बेटों ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी वर्दी भी फाड़ दी।

पीड़ित सिपाही सचिन ने आरोपियों को रेहड़ी हटाने के लिए कहा था, इस पर वह भड़क गए। पुलिस ने पीड़ित सचिन की शिकायत पर केस कर आरोपी अशोक और उसके एक बेटे राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सिपाही शकरपुर थाने में तैनात है। 14 जुलाई को वह आरोपी को कोर्ट ले जा रहा था।

शकरपुर पुलिस बूथ के पास पहुंचने पर उसने उसने देखा कि अशोक अपनी छोले-भटूरे की रेहड़ी गलत तरीके से फुटपाथ पर लगा रहा था। इस बात पर सचिन ने उनको रेहड़ी हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। किसी तरह सचिन भागकर पुलिस बूथ पर पहुंचा और मदद के लिए बाकी पुलिस कर्मियों को बुलया। मौके पर ही अशोक और उसके बेटे राहुल को काबू कर लिया गया। ब्यूरो

# दिल्ली पुलिस के हवलदार को कुचलने वाला चालक मालिक समेत गिरफ्तार, कार जब्त

अमर उजाला ब्यूरो



पुलिस की गिरफ्त में कार चालक और मालिक। संवाद

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाने के सिंघु बॉर्डर एनएच-44 पर दिल्ली यातायात पुलिस के हवलदार अमित को टक्कर मारने वाले कार चालक कुलदीप और वाहन मालिक नीरज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार भी जब्त कर ली है।

### अलीपुर सिंघु बॉर्डर के पास मारी टी थी टक्कर

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना के समय वह टीडीआई मॉल से नरेला आ रहे थे। घटना के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते हवलदार कार की चपेट में आ गए। पुलिस ने घटना के समय इनके नशे में होने से इंकार किया है।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी सक्सेना ने बताया कि बुधवार शाम करीब छह बजे नरेला यातायात सर्किल में तैनात हवलदार अमित अपने साथी पुलिस कर्मी एएसआई नरेश पाल तथा हवलदार विनोद के साथ एनएच-44 पर मौजूद थे। तीनों उस समय सड़क पर गाड़ियों की गति की निगरानी के लिए स्पीड मॉनिटरिंग मशीन (स्पीड गन) लगा रहे थे। उसी दौरान कार चला रहे कुलदीप ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमित उछल कर सड़क पर गिरे।

उनके सिर में गंभीर चोट लगी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत राजा हरिश्चंद्र अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अलीपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से कार नंबर लेकर दोनों आरोपियों को नरेला से गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी के पास से बरामद कार।

# एनआईए मामलों की सुनवाई के लिए दिल्ली में बनीं तीन नई विशेष अदालतें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए दिल्ली सरकार ने राउज एवेन्यू जिला अदालत परिसर में तीन नई विशेष अदालतें बनाई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश पर एनआईए अधिनियम 2008 की धारा 22 के तहत यह फैसला लिया गया है।

नए विशेष न्यायालय शुरू होने के बाद एनआईए मामलों की सुनवाई पटियाला हाउस कोर्ट के बजाय राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर में होगी।

कानून, न्याय एवं विधायी कार्य विभाग की सात जुलाई की अधिसूचना के मुताबकि राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर की विशेष न्यायालय संख्या 4, 5 और 6 को एनआईए मामलों की सुनवाई के लिए अधिसूचित किया है। इन अदालतों में एनआईए अधिनियम की अनुसूची में शामिल सभी अपराधों से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी।

12 सितंबर 2013 से एनआईए विशेष अदालत के रूप में काम कर रही पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02 की अदालत नई अदालतों के संचालन शुरू होने के बाद विशेष अदालत नहीं रहेगी।

दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती या स्थानांतरण आदेश जारी होते ही नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। ब्यूरो

# हाईकोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया और दुर्गेश को दिया अंतिम मौका

अदालत से

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को शराब नीति मामले में अंतिम अवसर देते हुए दो सप्ताह के अंदर सीबीआई की याचिका पर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने सीबीआई की संशोधन याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी।

हाईकोर्ट के वकीलों के काम बंद (अब्सटेंशन) के कारण आरोपी पक्ष की ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने अब मामले को 17 और 18 अगस्त को सीबीआई की ओर से बहस सुनने के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि तीनों आप नेताओं को पहले भी कई बार जवाब दाखिल करने का मौका दिया जा चुका है, मामला काफी समय से लंबित है।

बता दें कि निचली अदालत ने शराब नीति घोटाले में इन तीनों नेताओं को आरोपमुक्त कर दिया था, जिसके खिलाफ सीबीआई ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। अदालत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि यह अंतिम अवसर है। अगली सुनवाई पर आरोपी नेताओं की ओर से जवाब न आने पर अदालत आगे की कार्यवाही तय करेगी। ब्यूरो

# कारोबारी ने मंदिर परिसर में बने पानी से भरे गड्ढे में कूदकर दी जान

## द्वारका साउथ इलाके की घटना, मृतक के पास से नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

**नई दिल्ली।** द्वारका साउथ इलाके के द्वारका सेक्टर-7 स्थित सिद्धार्थ कुंज अपार्टमेंट में एक कारोबारी ने सोसायटी के मंदिर परिसर के नीचे बने पानी से भरे गहरे गड्ढे (पिट) में कूदकर जान दे दी।

मृतक की शिनाख्त 48 साल के अजीत पाल के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में थे। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि अजीत पाल सिद्धार्थ कुंज अपार्टमेंट में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी और एक बेटी है।

### 11 फीट का है गहरा गड्ढा

जांच में पता चला कि जिस पिट में अजीत ने छलांग लगाई थी वह करीब 11 फीट गहरा है। सुबह की जलापूर्ति के लिए रात में ही इस पिट को पानी से भर दिया गया था। इसे भारी लोहे के ढक्कन से बंद रखा हुआ था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पुलिस को पता चला कि अजीत रात करीब 11.42 बजे मंदिर के पीछे वाले उस रास्ते से पहुंचे, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। वहां पहुंचकर उन्होंने मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मी के राउंड पर जाने का इंतजार किया। सुरक्षाकर्मी के हटने के बाद उन्होंने पिट का लोहे का ढक्कन खोला और उसमें छलांग लगा दी। परिवार वालों से पूछताछ में पता चला कि कुछ माह पहले उनके पिता का देहांत हो गया था। पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में थे। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# एसआईआर में बीएलओ से बदसलूकी, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) ड्यूटी के दौरान महिला बीएलओ के साथ बदसलूकी करने और ड्यूटी में बाधा उत्पन्न करने का मामला सामने आया है।

पीड़िता का आरोप है कि 5 जुलाई को ड्यूटी के दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ बदसलूकी की और एसआईआर फॉर्म लेने से मना कर दिया। पीड़िता ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (एडीएम) से शिकायत करने के अलावा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी। 15 जुलाई को एडीएम की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने छानबीन के बाद मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पीड़िता के बयान के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहम्मद साबरीन (44), अतीक-उर-रहमान (58), मोहम्मद आसिफ (50) और मोहम्मद आफताब (44) से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि पीड़िता पीजीटी-स्पेशल एजुकेशन हैं और इनकी तैनाती पुरानी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में लगी थी। ब्यूरो

### स्कूल जा रहीं एमसीडी शिक्षिका को ट्रक ने कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** अमन विहार के कंझावला रोड पर इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट के सामने बृहस्पतिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एमसीडी स्कूल की एक शिक्षिका 46 साल की प्रियंका की मौत हो गई। शिक्षिका रैपिडो बाइक से अपने स्कूल जा रही थीं, तभी बजरी से भरे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मालिक के जरिये चालक की तलाश कर रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह अमन विहार थाना पुलिस को कंझावला रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट के सामने सिग्नस हॉस्पिटल के पास सड़क हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक टाटा ट्रक सड़क पर खड़ा मिला। ट्रक के पीछे बाईं ओर के पहिये के नीचे एक महिला कुचली हुई मिली, जिसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जांच में पता चला कि घटना के बाद चालक भाग गया है। ब्यूरो

# शरजील इमाम ने फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे से जुड़ी कथित साजिश मामले में जमानत याचिका खारिज होने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को जेएनयू पूर्व छात्र शरजील इमाम ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। शरजील इमाम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति प्रतिबा एम. सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन की खंडपीठ सुनवाई करेगी। चार जुलाई को कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील इमाम की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि गुलफिशा फातिमा और सैयद इफ्तिखार अंद्राबी के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बड़े बेंच को भेजे गए फैसले का इंतजार है। इसलिए, जब तक यह मुद्दा सुलझ नहीं जाता, तब तक शरजील इमाम की जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता। ब्यूरो

कार्रवाई | बेगमपुर डीडीए मैदान रोहिणी में मिला था शव, बदमाशों के कब्जे से दो चाकू और मृतक का फोन समेत छह फोन बरामद

# लूटपाट के विरोध पर हुई थी कर्मचारी की हत्या, पांच गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की बेगमपुर थाना और एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल की संयुक्त टीम ने एक फैक्टरी कर्मचारी चंदन की हत्या के मामले में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बदमाशों ने लूटपाट का विरोध करने कर्मचारी की चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। उसका शव रोहिणी सेक्टर 23 स्थित डीडीए मैदान में मिला था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक के मोबाइल समेत छह मोबाइल फोन और दो चाकू बरामद किए हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि 13 जुलाई बेगमपुर थाना पुलिस को डीडीए मैदान सेक्टर-23 रोहिणी में एक शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मृतक के शरीर पर चाकू के घाव हैं। पास ही एक हेलमेट पड़ा था। मृतक की शिनाख्त रिठाला गांव निवासी 19 साल के चंदन के रूप में हुई। जांच में पता चला कि वह पास की एक फैक्टरी में काम करता था और घटना के समय फैक्टरी से घर आ रहा था। निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से मिली जानकारी और तकनीकी जांच के जरिए सभी पांचों आरोपियों बुध विहार निवासी कान्हा चौहान, गिरीश, प्रहलादपुर निवासी अमृत, मांगेराम पार्क निवासी 20 साल के अकबर और मंगोलपुरी निवासी अमन को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना के समय सभी शराब पी रहे थे।

और शराब खरीदने के लिए उनलोगों ने लूटपाट करने की योजना बनाई और सामने से आ रहे चंदन को लूटने की कोशिश की, विरोध करने पर उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी और उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के घर से चाकू और मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी एसी मैकेनिक, ड्राइवर और फैक्टरी में काम करने वाले हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर इनके आपराधिक वारदातों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets
यदि आप कब्ज, गैस और एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए 'पेट सफा' आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स/टेबलेट्स। पेट सफा पहली रात से असर दिखाता है, और इसकी आदत भी नहीं पड़ती।
रात को एक चम्मच खाओ सुबह फ्रेश हो जाओ...
कब्ज़ गैस एसिडिटी
पेट सफा...... तो हर रोग दफा
Divisa

# डिजिटल कॉमिक्स से बच्चों को सिखा रहे सुरक्षा के गुर

## 15 दिनों में 1.32 लाख छात्राओं ने लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, बाल सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करना उद्देश्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए दिल्ली पुलिस का बाल सुरक्षा जागरूकता माह अभियान जारी है। इसके तहत राजधानी के स्कूलों में डिजिटल कॉमिक्स के जरिए बाल सुरक्षा से जुड़े विषयों पर कक्षा चर्चाएं करवाई जा रहीं हैं।

वहीं, अभियान के पहले 15 दिनों में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में 1.32 लाख से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (एसपीयूडब्ल्यूएसी) नेहा यादव ने बताया कि महीने के पहले सप्ताह में शुरू किए गए डिजिटल कॉमिक जागरूकता अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोचक और संवादात्मक तरीके से बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। विशेष रूप से तैयार की गई डिजिटल कॉमिक पुस्तिकाओं के जरिए बच्चों को साइबर सुरक्षा, शारीरिक बुलिंग की रोकथाम, नशा जागरूकता और पॉक्सो (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण) कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है। कक्षा चर्चाओं के दौरान छात्र-छात्राएं अपनी समझ साझा कर रहे हैं और विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त कर रहे हैं।


विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करती शिक्षिका। संवाद

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत हर हफ्ते स्कूलों को नई डिजिटल कॉमिक पुस्तिकाएं भेजी जा रहीं हैं। साथ ही शिक्षकों के लिए ऑनलाइन फीडबैक व्यवस्था भी बनाई गई है, ताकि वे विद्यार्थियों की सीख और अपने अनुभव दिल्ली पुलिस के साथ साझा कर सकें। अभिभावकों को भी इस अभियान में भागीदार बनाया गया है और उनसे सप्ताह के आखिरी में बच्चों के साथ कॉमिक आधारित सुरक्षा विषयों पर चर्चा करने का आग्रह किया गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, बाल सुरक्षा जागरूकता माह के तहत एसपीयूडब्ल्यूएसी और जिला पुलिस की ओर से राजधानी के स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। एक से 15 जुलाई तक चले प्रशिक्षण शिविरों में कुल 1,32,757 छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। पुलिस का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

# एक आवेदन शुल्क से कई कोर्स में आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डॉ. भीम राव आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक दाखिले के लिए इच्छुक छात्र 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विवि ने इस बार व्यवस्था की है कि छात्र एक ही आवेदन शुल्क से अपनी पात्रता के अनुसार कई प्रोग्राम में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क देने की जरूरत नहीं है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम की अस्थायी (प्रोविजनल) दाखिला सूची अलग-अलग तैयार की जाएगी। यदि किसी छात्र के अंक संबंधित पाठ्यक्रम की कट ऑफ से अधिक हैं, तो उसका नाम उन सभी पाठ्यक्रमों की दाखिला सूची में आएगा, जिनके लिए वह पात्र है। इस तरह से एक छात्र को एक से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले का अवसर मिल सकता है। लेकिन अंतिम रूप से छात्र को केवल एक ही पाठ्यक्रम में दाखिला लेना होगा।

यदि किसी छात्र ने पहले किसी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लिया है और बाद में दाखिला प्रक्रिया के अगले चरण में उसे किसी दूसरे पाठ्यक्रम में भी सीट मिल जाती है तथा वह नया पाठ्यक्रम चुनना चाहता है, तो उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ट्रांसफर के लिए आवेदन करना होगा।

### गुरु मंत्र

## संस्कृत को सिर्फ परीक्षा का विषय ही न समझें

मेरे समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए बच्चों को केवल आधुनिक ज्ञान ही नहीं ऐसे संस्कार भी देने होंगे, जो उन्हें अच्छा मनुष्य बना सकें। संस्कृत में यह अद्भुत सामर्थ्य है। प्रत्येक विद्यार्थी संस्कृत को केवल परीक्षा का विषय न समझें, बल्कि उसे अपने जीवन का पथ-प्रदर्शक बनाएं।


विजय निश्चल
राजकीय माध्यमिक बाल विद्यालय ख्याला नंबर 2

# स्नातक में दाखिले के लिए पहला आवंटन जारी, 93,033 को सीटें

## 21 जुलाई तक दाखिले को स्वीकारना होगा, इसके बाद ही अन्य राउंड में भाग ले सकेंगे विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के तहत 67 कॉलेजों के 221 पाठ्यक्रमों के कुल 1,393 प्रोग्राम-कॉलेज संयोजनों के लिए पहला सीट आवंटन कर दिया है। इसमें 71, 624 सीटों के लिए कुल 93, 033 सीट आवंटित की गईं हैं। सीटों से अतिरिक्त आवंटन किए गए हैं। इस तरह से पहली सूची में ही कुल सीटें भर गईं हैं। सीटों का आवंटन सामान्य, ओबीसी, ईडब्लयूएस, एससी, एसटी, पीडब्लयूबीडी, एकल कन्या व अनाथ श्रेणी के लिए किया गया है। नियमित कक्षाएं 28 जुलाई 2026 से शुरू होंगी।

डीयू ने पहले सीट आवंटन में 93,033 सीटें आवंटित की हैं, जिनमें 42, 019 छात्र और 51, 014 छात्राएं शामिल हैं। एकल कन्या श्रेणी के तहत 1243 सीटें और अनाथ श्रेणी के लिए 242 आवंटन किए गए हैं। पहली सूची के तहत छात्रों को उनकी कॉलेज व कोर्स की प्राथमिकता के आधार पर आवंटन हुआ है। छात्र सीट आवंटन को अपने डैश बोर्ड पर देख सकते हैं। जो छात्र अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट हैं उन्हें 21 जुलाई तक अपने दाखिले को स्वीकार करना होगा।

सीट स्वीकार न करने पर छात्र आवंटन के अन्य राउंड में भाग नहीं ले सकेंगे। अगर किसी छात्र को पहले राउंड में सीट नहीं मिली तो उन्हें दूसरे राउंड की प्रतीक्षा करनी होगी जो 25 जुलाई से शुरू होगा। डीयू के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता के अनुसार, डीयू में 2,18,284 छात्रों ने पंजीकरण कराया है, जबकि 13 जुलाई तक 2,08,043 उम्मीदवारों ने फेज-2 की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में कुल 15,9,42,385 करोड़ से अधिक कॉलेज-प्रोग्राम वरीयताओं पर विचार किया गया।

छात्रों को 18 जुलाई 2026 की रात 11:59 बजे तक अपनी सीट स्वीकार करना होगा। कॉलेज द्वारा सत्यापन के बाद शुल्क भुगतान लिंक मिलने पर निर्धारित समय के भीतर फीस जमा करनी होगी। फीस जमा करने के बाद छात्र फ्रीज या अपग्रेड विकल्प चुन सकेंगे।

## अटल कैंटीन खुलेगी, स्टार्टअप पर 500 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिल्ली विश्वविद्यालय में 16 अगस्त से अटल कैंटीन शुरू करेगी, जहां छात्रों को सिर्फ पांच रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। छात्रों की सुविधा के लिए यू-स्पेशल बसों की संख्या 50 की जाएगी। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए परिसर में छात्रावास विकसित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह घोषणाएं शहीद भगत सिंह कॉलेज के डायमंड जुबली समारोह में कही। उन्होंने कहा दिल्ली सरकार नई स्टार्टअप पॉलिसी के तहत 500 करोड़ रुपये खर्च करेगी, कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए ऐसे युवाओं की जरूरत है जो कंपनियां खड़ी कर सकें। उन्होंने सभी कॉलेजों से बिजनेस इनक्यूबेटर शुरू करने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के 60 साल के सफर को भी वीडियो के जरिए दिखाया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार अत्री ने कहा कि यह समारोह सिर्फ बीते वर्षों की उपलब्धियों का जश्न नहीं, कॉलेज के बेहतर भविष्य की नई शुरुआत भी है। ब्यूरो



कार्यक्रम को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। अमर उजाला

## 30 सितंबर तक हॉस्टल में रह सकेंगे शोधार्थी

**नई दिल्ली।** जेएनयू में 2020 बैच के अंतिम चरण के पीएचडी छात्र 30 सितंबर तक हॉस्टल में रह सकेंगे। छात्रों को इसके लिए डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय में आवेदन देना होगा। आवेदन पर संबंधित सुपरवाइजर, सेंटर के चेयरपर्सन और स्कूल के डीन की मंजूरी जरूरी होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि 30 सितंबर 2026 के बाद किसी भी छात्र को हॉस्टल में रहने की अतिरिक्त अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला केवल एक बार के लिए लिया गया है और आगे इसे नियम नहीं माना जाएगा। ब्यूरो

## फेमा ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली सहित सभी बड़े मेडिकल कोचिंग सेंटरों का तत्काल फायर सेफ्टी ऑडिट और सुरक्षा मानकों की जांच कराने की मांग की है।

फेमा ने कहा कि नीट-पीजी, एफएमजीई और आईएनआई-सीईटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र ऐसे भवनों में पढ़ाई कर रहे हैं, जहां पर्याप्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन निकास की सुविधा नहीं है। इससे छात्रों की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

# लाइब्रेरी में अब सातों दिन मिलेगी पढ़ाई की सुविधा

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने छात्रों और शोधार्थियों के लिए अपनी डॉ. जाकिर हुसैन लाइब्रेरी के रीडिंग हॉल का विस्तार और नवीनीकरण किया है। नए रीडिंग हॉल अब सप्ताह के सातों दिन रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। विश्वविद्यालय का पुराना रीडिंग हॉल पहले की तरह रात दो बजे तक संचालित होगा।

कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने 14 जुलाई को नवीनीकृत रीडिंग हॉल का उद्घाटन किया था। शोधार्थियों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 250 सीटों तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 150 सीटों वाला अलग रीडिंग हॉल तैयार किया गया है। दोनों में आधुनिक फर्नीचर, बेहतर रोशनी के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। ब्यूरो

# दीक्षांत समारोह में दिल्ली की डॉ. अदिति सक्सेना को मिली उपाधि


दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करतीं डॉ. अदिति सक्सेना। स्रोत: आयोजक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के 51वें दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने नई दिल्ली की डॉ. अदिति सक्सेना को उपाधि, प्रथम स्थान प्रमाण-पत्र और पदक प्रदान किया।

अदिति ने मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (ऑर्थोपेडिक) में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर कटारिया ने कहा कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व की नींव माता-पिता के संस्कारों, उनके वर्षों के त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास पर आधारित होती है। प्रत्येक विद्यार्थी की सफलता इन दोनों के संयुक्त समर्पण का परिणाम है। यही संस्कार और दिशा उन्हें जीवन में सही दिशा देंगे और राष्ट्र के प्रति उनके दायित्व का सदैव स्मरण करते रहेंगे।

# नौकरी तलाशेंगे नहीं बल्कि देंगे दिल्ली के युवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को 400 करोड़ से अधिक की दिल्ली स्टार्टअप एवं दिल्ली स्टार्टअप एवं इनक्यूबेशन नीति को मंजूरी दे दी।

अगले पांच वर्षों में लागू होने वाली इस नीति के तहत छात्रों, शोधकर्ताओं और युवा उद्यमियों को अपने आइडिया को स्टार्टअप में बदलने के लिए आर्थिक सहायता, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रयोगशालाएं, निवेशकों से जुड़ने का अवसर और दिल्ली स्टार्टअप एवं इनक्यूबेशन सेंटर की सुविधाएं मिलेंगी।

शुरुआत में यह नीति 11 राज्य विश्वविद्यालयों, 13 सरकारी वित्तपोषित कॉलेजों, पॉलीटेक्निक संस्थानों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लागू होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि युवा नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बनेगा। नीति के तहत शैक्षणिक संस्थानों में आधुनिक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सरकार इनके निर्माण के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता देगी। ब्यूरो

## नर्सों के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल सुविधा अगस्त से

**नई दिल्ली।** अस्पतालों में लंबी और अनियमित ड्यूटी करने वाली नर्सों को जल्द सुरक्षित और किफायती आवास की सुविधा मिलने वाली है। महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन शक्ति योजना के तहत विश्वास नगर में नर्सों के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल शुरू किया जाएगा। इसकी शुरुआत अगस्त में होगी। ब्यूरो

# 30 शिक्षा जोन में जोनल खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आगाज

**नई दिल्ली।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के अंतर्गत अंडर-14, 17 और 19 की खेल प्रतियोगिताओं के लिए दिल्ली के सभी 30 शिक्षा जोन में जोनल स्तर की प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं। इन प्रतियोगिताओं के जरिए हर जोन से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

city sports

जोनल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, तैराकी, शतरंज, योगासन, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, भारोत्तोलन समेत कई खेलों में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। जोनल प्रतियोगिताओं के समापन के बाद चयनित खिलाड़ी सितंबर में आयोजित होने वाली दिल्ली राज्य स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। ब्यूरो

## किशन गंज जिमखाना ने जीता मैच

**नई दिल्ली।** डीडीसीए अंडर-19 लीग के मुकाबले में किशन गंज जिमखाना ने टेडको सीसी को 97 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किशन गंज जिमखाना ने निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 358 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से नूर मोहम्मद ने 45 गेंदों पर 71 रनों की पारी खेली, जबकि साइंश वोहरा ने 58 गेंदों में 65 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टेडको सीसी की टीम 48.3 ओवर में 261 रन पर सिमट गई। मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए साइंश वोहरा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। संवाद


## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV/1975 के तहत संस्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा 'ए+' ग्रेड प्रमाणित विश्वविद्यालय

**साक्षात्कार सूचना** (विज्ञापन संख्या पीआर-06, 2026)

एतद्द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए **सांख्यिकी और डेटा विज्ञान विभाग में अनुबंध पर** या नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिए **यूजीसी/राज्य सरकार/महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा** निर्धारित असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यताएं रखने वाले योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिए 2026-27 हेतु विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार समेकित वेतन 57,700/- रुपये प्रति माह दिया जाएगा :-

अनारक्षित-2, **OSC-1, DSC-1, BCA-01**

योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन (हार्ड कॉपी), संक्षिप्त बायोडाटा और सभी संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ असिस्टेंट रजिस्ट्रार (स्थापना-शिक्षण), एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक को 27.07.2026 को शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

आवेदनों की जांच विश्वविद्यालय द्वारा गठित स्थायी जांच समिति करेगी। केवल योग्य पाए गए उम्मीदवारों को ही चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

**साक्षात्कार की तारीख** : 30.07.2026
**रिपोर्टिंग का समय** : सुबह 09:00 बजे
**स्थान** : रजिस्ट्रार कमेटी रूम, एमडीयू, रोहतक

उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय वेरिफिकेशन के लिए सभी मूल प्रमाणपत्र /टेस्टिमोनियल और अन्य जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे।
यह नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर ऊपर बताई गई अवधि के लिए होगी और इससे नियमित नियुक्ति या अनुबंध की अवधि के बाद भी काम जारी रखने का कोई दावा या अधिकार नहीं मिलेगा। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

रजिस्ट्रार

SAMVAD:- 1235/11/177/2027/47245/C/1/7 Dt. 16/07/2026



## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित)

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु स्नातक (UG) कार्यक्रमों में प्रवेश संबंधी सूचना**

दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय, Dr. B.R. Ambedkar University Delhi, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अपने विभिन्न स्कूलों के अंतर्गत संचालित स्नातक (UG) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के **कश्मीरी गेट परिसर, लोधी रोड परिसर, करमपुरा परिसर तथा कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया परिसर** में संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

| S.No. | Programme Name | S.No. | Programme Name | S.No. | Programme Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | BA (Hons) Economics | 09 | BA Global Studies | 17 | BBA (IEVD) ** |
| 02 | BA (Hons) English | 10 | BA Law and Politics | 18 | BSc (Hons) Mathematics |
| 03 | BA (Hons) Hindi | 11 | BA Museology, Culture and Heritage Management | 19 | BVoc Accounting and Finance |
| 04 | BA (Hons) History | 12 | BA Social Science | 20 | BVoc Early Childhood Care and Education Management and Entrepreneurship |
| 05 | BA (Hons) Political Science | 13 | BA Sustainable Urbanism | 21 | BVoc Retail Management |
| 06 | BA (Hons) Psychology | 14 | BA-BEd (Preparatory Stage) – Admission through NCET | 22 | BVoc Tourism and Hospitality |
| 07 | BA (Hons) Social Sciences and Humanities | 15 | BA-BEd (Secondary Stage) – Admission through NCET | 23 | BA Visual Arts |
| 08 | BA (Hons) Sociology | 16 | BBA | | |

** बीबीए (आईईवीडी) [BBA (IEVD)] कार्यक्रम में प्रवेश CUET के माध्यम से नहीं होगा। विस्तृत जानकारी के लिए प्रवेश पुस्तिका (Admission Brochure) देखें।

अभ्यर्थियों को Dr. B.R. Ambedkar University Delhi में प्रवेश संबंधित स्नातक (UG) कार्यक्रमों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों तथा CUET (UG) 2026 में संबंधित कार्यक्रम हेतु निर्दिष्ट प्रश्न-पत्र कोड/विषय संयोजन में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

स्नातक (UG) कार्यक्रमों हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

दिनांक: 14.07.2026 www.aud.delhi.gov.in कुलसचिव

उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/Classified/0141/26-27



**IN THE BOMBAY CITY CIVIL COURT AT BOMBAY**
**S. C. SUIT NO. 4004 OF 2024**

Chitra Anant Salunkhe
Age: 53 years, Occu. Advocate
Ex-Vice Principal,
Siddharth College of Law
Residing at 1B/1, Goodearth CHS Ltd. Road
No.2, Sindhi Society, Chembur, Mumbai-400071 ......**Plaintiff**

**Versus**

1. Pankaj Gupta
Age-Adult, Occupation-Retired
Ex-Additional DGP (PCR),
Maharashtra State Police, Mumbai, Maharashtra Having his address at Eleganta, Windsor Park 5, Vaibhav Khand, Indrapuram, Gaziabad, Uttar Pradesh-201010
2. Krishan Lal Bishnoi
Age- Adult, Occupation-Service
Additional DGP of Police,
Law & Order,
Maharashtra State Police Headquarters, Shahid Bhagat Singh Marg, Coloba, Mumbai,
Maharshtra-400001
3. Naval Bajaj
Age-Adult, Occupation - Service
Director Maharashtra Police Academy, Farijat Nagar, Nashik, Maharashtra-422005
4. Brijesh Singh
Age-Adult, Occupation-Service
SPL. IGP CID Pune
Criminal Investigation Department,
Maharashtra State HQ,
Near Pune University, Pashan Road, Pune-411008
5. Mohan Rathod
Age-Adult, Occupation-Retired
Additional D. G. (PCR),
Maharashtra State Police,
A-39, Swarna Yog Society, New D.P. Road Near Mid Point Hospital, Aundh, Pune 411007
6. Mr. Rakesh Mariya
Age- Adult, Occupation-Service
Commissioner of Police Mumbai Crawford
Market, Mumbai-400001
7. Mr. Sanjay Saxena,
Age-Adult, Occupation-Retired
Special IGP Force One, Maharashtra State Having his address at Kalina, Santacruz (East),
Mumbai-400098
8. Mr. Vishvas Nagare Patil,
Age-Adult, Occupation-Retired
Special IG Aurangabad Having his address at Parikshetra, Near Youth Hostel, Vishram Baug Colony Padampur Road; Aurangabad-431005
9. Rajendra Zele
Age-Adult, Occupation-Service
Police Inspector Crime Having his address at Nehru Nagar Police Station, Kurla (E), Mumbai-400070
10. Verendranath Bhagwatprasad Tiwari
Age-Adult, Occupation - Advocate
Having his address at 46, Islaim Building, 16A, 1st floor, Veer Nariman Point, Opp. Akbarally's Fort, Mumbai-400023
11. Ashok Krishnaji Inamdar
Age-Adult, Occupation-Retired
Ex-Incharge Principal, Siddharth College of Law, D.N.. Road, Fort, Mumbai-400001

..**Defendants**

To.
1. Pankaj Gupta,
**Defendant No. 1**
A/at Eleganta, Windsor Park 5, Vaibhav Khand, Indrapuram, Gaziabad, Uttar Pradesh-201010
2. Naval Bajaj,
**Defendant No. 3**
Director Maharashtra Police Academy Parijat Nagar, Nashik, Maharashtra-422005
3. Brijesh Singh,
**Defendant No.4**
SPL. IGP CID Pune Maharashtra State HQ, Near Pune University, Pashan Road, Pune-411008
4. Mr. Sanjay Saxena,
**Defendant No. 7**
Special IGP Force One, Maharashtra State Kalina, Santacruz(East), Mumbai-400098
5. Mr. Vishvas Nagare Patil,
**Defendant No. 8**
Special IG Aurangabad
Parikshetra, Near Youth Hostel.
Vishram Baug Colony Padampur Road, Aurangabad-431005

**Sir,**
As per order passed by His Honour Judge Subhash K. Karhale dated 22nd September 2025, you are directed to remain present in the Court of Court Room No. 8, 1st Floor, Old Secretariat Building, Bombay-32 at 11.00 a.m. on 19th Aug. 2026
You are therefore directed to remain present on 19th Aug. 2026, failing which the matter will be passed further in your absence.
Dated this ________day of October 2025
**For Registrar**
**City Civil Court, Gr. Bombay**

# उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | RC26-46550409 | यूनाइनसुलेटेड कैडमियम कॉपर केटेनरी वायर | 400.00 एम टी | 10.08.2026 |
| 02 | 09272300 | कट ऑफ एंगल कॉक विथ वेंट | 21813 नग | 10.08.2026 |
| 03 | 06265015 | एम.एस. एंगल 200X200X25 एम एम | 200000 कि.ग्रा. | 14.08.2026 |
| 04 | 06265016 | एम.एस. एंगल 130X130X16 एम एम | 100000 कि.ग्रा. | 14.08.2026 |
| 05 | 19260751A | ई–70 विजिलेंस यूनिट फॉर 3–फेज लोकोमोटिव | 08 नग | 17.08.2026 |
| 06 | 02260079 | ब्रुशलेस डी सी रेलवे कैरिज फैन | 6911 नग | 17.08.2026 |
| 07 | 77265080 | कॉम्बिनेशन फिश प्लेट 1 मीटर लोंग | 419 सेट | 21.08.2026 |
| 08 | 02260068 | हरमेटिकल सील्ड कंप्रेसर स्क्रॉल टाइप. 3 | 778 नग | 24.08.2026 |
| 09 | 02262427 | डीजल लोकोमोटिव स्टार्टर लीड एसिड बैटरी | 140 नग | 31.08.2026 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 28/2026-2027 दिनांक 17.07.2026 2473/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संगीत नाटक अकादमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार,
राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाट्य अकादमी,
रवींद्र भवन, 35 फिरोज शाह रोड, नई दिल्ली-110001

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**कागज से प्रकाशनों और अन्य विविध कार्यों की छपाई के लिए ऑफसेट प्रिंटरों का पैनल में शामिल होना**

संगीत नाटक अकादमी (एसएनए), जो भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है, दिल्ली और एनसीआर में स्थित उन ऑफसेट प्रिंटरों को सूचीबद्ध करना चाहती है जिनके पास प्री-प्रेस, प्रिंटिंग और पोस्ट-प्रेस की आधुनिक और पेशेवर सुविधाएं हों। इन प्रिंटरों को एसएनए के प्रकाशनों और अन्य विविध कार्यों की छपाई के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता वाले कागज की आवश्यकता होगी। टैक्स्ट, कवर, चित्र और अन्य विविध कार्यों की छपाई के लिए प्रयुक्त कागज की व्यवस्था प्रिंटरों द्वारा की जाएगी।

नियम एवं शर्तों सहित संपूर्ण निविदा दस्तावेज, जिसमें अनुलग्नक-ए से आई तक शामिल हैं, एसएनए की वेबसाइट www.sangeetnatak.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

एसएनए के सचिव के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

सीबीसी 09114/11/0006/2627

## पूर्व रेलवे

मुख्य ट्रैक इंजीनियर, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : डब्ल्यू _2 _623_16_ पीएसएसए _2026, दिनांक: 15.07.2026, कार्य का नाम:** सीबीई पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न निर्माण साइटों/मुख्यालय कार्यालयों में तीन वर्ष की अवधि के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ प्रदान करने हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 7,19,85,420/–**बयाना राशि:** रु. 5,09,900/–, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 17.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-107/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


Medical Helpline

इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल



अब सेक्टर–35 नोएड़ा में
नि:शुल्क
नि:संतानता परामर्श
सप्ताह के 7 दिन खुला
8826975080, 8585808073
ए–1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)
RAVI HOSPITAL
Email : noida@ravihospital.org
आगरा । अलीगढ । फिरोजाबाद । नोएडा

118 शहरों की ख़बरें लगातार
amarujala.com


# कार्यालय, नगर पालिका परिषद, हापुड़ (जनपद - हापुड़)

पत्रांक:- 204 / 23 / पी0डब्लू0डी0 / 2026-27 दिनांक 17.07.26

## "संशोधन पत्र"

नगर पालिका परिषद, हापुड़ द्वारा पालिका निर्माण विभाग कार्यालय के पत्र सं0-201/23/ पी0डब्लू0डी0 / 2026-27 दिनांक 16.07.2026 के द्वारा 29 कार्य की निविदा प्रकाशित की गई थी, जिसको दिनांक 25.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक डाली जानी एवं दिनांक 25.07.2026 को अपराह्नन 02:00 बजे खोली जानी है।

अतः उक्त पत्रांक से प्रकाशित निविदा में कांवड़ यात्रा, वर्षा ऋतु एवं जनहित के दृष्टिगत, उक्त पत्रांक में वर्णित कार्य सं0 - 19, 20, 26, 28 व 29 को छोड़कर शेष समस्त कार्यो की निविदा डालने की समयावधि 25.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे से बढाकर दिनांक 10.08.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक बढ़ायी जाती है ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हापुड़**

# हरियाणा सरकार — शुद्धि पत्र

| क्र.सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी संख्या | शुद्धि पत्र का स्वरूप | विभाग की वेबसाईट | नोडल अधिकारी/संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य परिवहन निदेशालय | DST/LNB/PIPLI/01 TENDER ID- 2026_HRY_525923 1 | पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाओं सहित पिपली (कुरुक्षेत्र) में बस टर्मिनल का विकास। अंतिम तिथि 17.08.2026 को शाम 17.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी निविदाएं 18.08.2026 को दोपहर 12 बजे के बाद खोली जाएंगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2 | हरियाणा राज्य परिवहन निदेशालय | DST/LNB/GURUGRAM/01 TENDER ID-2026_HRY_525884 1 | पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाओं सहित गुरुग्राम के सेक्टर-29 में बस टर्मिनल का विकास। अंतिम तिथि 17.08.2026 को शाम 17.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी निविदाएं 18.08.2026 को दोपहर 12 बजे के बाद खोली जाएंगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | हरियाणा राज्य परिवहन निदेशालय | DST/LNB/KARNAL/01 TENDER ID- 2026_HRY_525904_1 | पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाओं सहित करनाल (बलारी बाई-पास) में बस टर्मिनल का विकास। अंतिम तिथि 17.08.2026 को शाम 17.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी निविदाएं 18.08.2026 को दोपहर 12 बजे के बाद खोली जाएंगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 4 | हरियाणा राज्य परिवहन निदेशालय | 01/2026-27/SPA-1/TECH TENDER ID:-2026 HRY 53109 1 | 125 केवीए के 24 अदद जैन सेटों की स्थापना और चालू करने के लिए ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि 24.07.2026 को दोपहर 15.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी निविदा 27.07.2026 को दोपहर 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 jstchry@gmail.com |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | MEMO NO. 1/336-ESI-G2-2026/4167 DATED 07.07.2026 | हरियाणा (फरीदाबाद और गुरुग्राम को छोड़कर) में ईएसआई योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्तियों के लिए सकेंडरी स्वास्थ्य देखभाल सुविधा हेतु निजी अस्पतालों के साथ टाई-अप के लिए आवेदन। ईओआई के पृष्ठ संख्या 17 पर खंड 3 बिंदु संख्या 2 (डी-पैनलमेंट/ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया) को परिशिष्ट के साथ संशोधित किया गया है। कृपया ई-टेंडर हरियाणा वेबसाइट पर निविदा के शुद्धिपत्र कॉलम को देखें। | hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.etenders.hry.nic.in पर जाएं। PRDH:-11/2027/120/47295/I/1/7 Dt 17/07/2026

# कार्यालय नगर पंचायत, जेवर, जनपद-गौतमबुद्धनगर

पत्रांक : 339 / न०पं०जे० / 2026-27 दिनांक : 17/07/2026

## टेन्डर प्रेस नोट

शासनादेश संख्या-3890/9-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, जेवर, (गौतमबुद्धनगर ) कान्हा गौशाला बेसहारा पशु आश्रय योजना, अन्त्येष्टि स्थल योजना, राज्य वित्त के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से विविध कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये अर्ह ठेकेदारो / फर्मों से ई-निविदाएँ ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number-001ET/2026-2027**

| Sr. No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Downloading start date | 17-07-2026 | 04:00 P.M. |
| 2 | Document Downloading end date | 07-08-2026 | 05:00 P.M. |
| 3 | Online bid submission start date | 17-07-2026 | 04:00 P.M. |
| 4 | Online bid submission closing date | 07-08-2026 | 05:00 P.M. |
| 5 | Technical bid opening date | 08-07-2026 | 11:00 A.M. |
| 6 | Pre-bid meeting | 22-07-2026 | 02:00 PM |
| 7 | Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids. | | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण, उनकी आंगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 17-07-2026 को 04:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाए खोली जायेगी।

(शिव कुमार / कामरान)
कर- समाहर्ता / लेखाकार्मिक / टेण्डर कमेटी सदस्य
नगर पंचायत, जेवर
जनपद गौतमबुद्धनगर ।

(वीरज कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी / टेण्डर कमेटी अध्यक्ष
नगर पंचायत, जेवर
जनपद-गौतमबुद्धनगर

# IDBI BANK — नीलामी सूचना

आंचलिक कार्यालयः-सी.पी.-12, विराज खण्ड, निकट सिंगापुर मॉल, गोमती नगर, लखनऊ-226010, सीआईएनः L65190MH2004GO1148838

## अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना/बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।** आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटार (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर, यानि IDBI बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा IDBI बैंक लिमिटेड,सिक्योर्ड क्रेडिटर के अधिकृत अधिकारी ने लिया है, उसे **दिनांक 25.08.2026** को **"जैसा है जहां है", "जैसा है वैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जायेगा। यह बिक्री IDBI बैंक लिमिटेड सिक्योर्ड क्रेडिटर को श्री अश्वनी कुमार से बकाया रकम, ब्याज और खर्चों की वसूली के लिए की जा रही है, जैसा कि नीचे दी गई टेबल में बताया गया है। हर ऋणदाता के लिए रिजर्व मूल्य और बयाना जमा राशि नीचे दी गई टेबल में बताई गई है। ऋण लेने वालों, गिरवी रखने वालों और गारंटी देने वालों का विवरण, बकाया रकम, रिज़र्व मूल्य और बयाना जमा राशि और अचल संपत्ति का सक्षिप्त विवरण, अगर कोई ज्ञात देनदारी है, तो वह सब नीचे दी गई टेबल में बताया गया है।

| क्र0 सं0 | ऋणी/सह-ऋणी/गारन्टर /बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस के अनुसार बकाया राशि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | (ए) आरक्षित मूल्य (बी) ईएमडी | प्राधिकृत अधिकारी/ नोडल अधिकारीयों का नाम एवं नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पता:1. श्री अश्वनी कुमार (ऋणी) ए-171 अमर विहार किरारी, सुलेमान नगर,सुल्तानपुरी सी-ब्लाक,उत्तरी पश्चिमी दिल्ली दिल्ली स्टेट-110086 पताः 2. श्री भोला शंकर (सह.ऋणी) पुत्र रतिराम सिंह,ए-171 अमर विहार किरारी, सुलेमान नगर,सुल्तानपुरी सी-ब्लाक,उत्तरी पश्चिमी दिल्ली दिल्ली स्टेट-110086 | बंधक सभी डबल स्टोरी आवासीय मकान नं. 29 पर स्थित भूमि जिसका खाता नं. 00791 (1422-27 फसली), खसरा नं. 793 मिन, भूमि माप 83.64 वर्गमीटर अर्थात् 100 वर्गगज कवर्ड माप क्षेत्रफल 1350 वर्ग फीट स्थित मौजा रायवाला निकट ओरोवैली आश्रम तहसील ऋषिकेश जिला देहरादून राज्य उत्तराखंड। भूमि में अविभाजित भाग और उस पर बनी सभी इमारतों के साथ सीमाएँ:- पूर्व में- अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में- अन्य की सम्पत्ति, उत्तर में- अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में- 18 फीट चौड़ी सड़क। साथ उस पर बनी संरचनाओं और निर्माणों के साथ, जो वर्तमान और भविष्य में होगें। | रू0 50,88,162/– (रूपये पचास लाख अठ्ठासी हजार एक सौ बासठ मात्र) दिनांक 30.11.2022 तक लोन के बकाया डयूज के साथ ही दिनांक 10.04.2022 से कंपाउंड ब्याज के आधार पर कॉन्ट्रैक्ट दर पर आगे का ब्याज। | 25.08.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक; निरीक्षण की तिथि एवं समय: 17.08.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक | रू0 27,35,955/- ; रू0 2,73,596/- ; बोली वृद्धि राशि रू0 15,000/- | श्री सुरेन्द्रपाल सिंह 9837391091 श्रीमती स्मिता कोटियाल 8652221355 श्री सचिन थपलियाल 8554938130 श्री राकेश कुमार 9918101788 |

ज्ञात भारः- बैंक को ज्ञात नहीं है।

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि-** 24.08.2026 को सांयः 6.00 बजे तक,

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट यानि www.idbibank.com. पर दिए गए लिंक को देखें। नीलामी/बीडिंग केवल ई-सर्विस प्रोवाइडर यानि PSB Alliance PVt Ltd (BAANKNET प्लेटफॉर्म) की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से "ऑनलाइन नीलामी मोड" में होगी। हेल्प लाइन डेस्क संपर्क नंबर- 9990605075/9892219848/9820878255/8291220220

दिनांक- 17.08.2026 स्थान- देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

# कृषि उत्पादन मण्डी समिति - गुलावठी ( बुलन्दशहर)

पत्रांक : कृ०उ०म०स० / आवंटन / 2026-110 दिनांक : 17/07/2026

## दुकान / गोदाम आवंटन सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति - गुलावठी के नवीन मण्डी स्थल में ऐसे लाईसेन्सधारियों, जिन्हें अभी तक गोदाम/दुकान का आवंटन नहीं हुआ है, को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल में निर्मित 06 गोदामों तथा 01 दुकान ('सी' श्रेणी) का आवंटन पात्रता के आधार पर खुली नीलामी द्वारा दिनांक 05.08.2026 को अपराहन 03:00 बजे नवीन मण्डी स्थल - गुलावठी में समिति कार्यालय में किया जायेगा। आवंटन हेतु उपलब्ध गोदामों में गोदाम संख्या 01 व 05 अनुसूचित जाति के लिए गोदाम संख्या 03 व 09 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए तथा गोदाम संख्या 10 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित हैं तथा गोदाम संख्या 02 अनारक्षित है। 01 नग दुकान संख्या 03 ('सी' श्रेणी) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। नीलामी में प्रतिभाग करने लिए रू० 250 /- एवं 18 प्रतिशत जी०एस०टी० रू० 45 / - कुल धनराशि रू० 295 / - का नगद भुगतान करके आवेदन पत्र, किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिसे पूर्ण सूचना सहित भरकर, गोदाम हेतु निर्धारित पंजीकरण शुल्क रु० 63,000/- तथा दुकान हेतु निर्धारित पंजीकरण शुल्क रु० 60,000/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि ए०पी०एम०सी० गुलावठी के पक्ष में देय हो, संलग्न करते हुए दिनांक 01.08.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक समिति कार्यालय में जमा कराया जा सकेगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ सक्षम स्तर से जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

उपरोक्तानुसार गोदामों के आवंटन में लाईसेन्सधारी व्यापारी के अतिरिक्त इच्छुक व्यक्ति भी नीलामी में भाग ले सकता है, जिसके लिए शर्त यह है कि उसको 01 माह के अन्दर मण्डी समिति से विधिवत लाईसेन्स लेना अनिवार्य होगा । अन्यथा पंजीकृत धनराशि समिति के पक्ष में जब्त करते हुए उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा ।

सन्दर्भित विषय में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

**सचिव** **सभापति**

# कार्यालयः- जिला कार्यक्रम अधिकारी, गाजियाबाद

पत्रांक:- C-288/जि०का०अधि०/आं०बा०स्था0/2026-27 दिनॉक 17/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या- 1 /1092245 / 2025/3313 / 58–1–2025 ( 1917687 ) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद गाजियाबाद में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जनपद गाजियाबाद में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री व आंगनबाडी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत है:-

| आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों की संख्या | | | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के कुल रिक्त पद | क्रम सं० | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पद |
| 1 | भोजपुर | 28 | 1 | भोजपुर | 62 |
| 2 | शहर, गाजियाबाद | 64 | 2 | शहर, गाजियाबाद | 128 |
| 3 | लोनी | 31 | 3 | लोनी | 68 |
| 4 | मुरादनगर | 22 | 4 | मुरादनगर | 34 |
| 5 | रजापुर | 22 | 5 | रजापुर | 49 |
| | योग | 167 | | योग | 341 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद गाजियाबाद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, जिला कार्यक्रम कार्यालय (बाल विकास) एवं विकास खण्ड स्तर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी, कार्यालय इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है। आवेदन करते समय शासनादेश संख्या- 1 /1092245 / 2025 / 3313 / 58-1-2025 ( 1917687 ) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 का गहन अध्ययन करने के उपरान्त आवेदन करें। उक्त शासनादेश के आधार पर ही सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी ।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:–**

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें ।
2. आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री / आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड ( शहर क्षेत्र में ) / ग्रामसभा की स्थायी निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट दिनॉक 01 जुलाई, 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए ।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र / अन्य कोई भी अभिलेख किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेगें ।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2026 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक मान्य होगी ।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) कार्यालय से किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**गाजियाबाद।**

# अमर उजाला क्लासीफाइड

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें **1800-121-1166**
बुकिंग टाइम : सुबह 9 बजे से सांय 5:30 बजे तक
www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

## आवश्यकता है

### सामान्य

**आवश्यकता है समर सिवल कम्पनी को**
समर सिवल एण्ड इंडक्सन
मोटर वांइडर
पाइपलाइन वेल्डर
पाइपलाइन फिटर
सेल्स एक्सीक्युटिव
इलेक्ट्रीशियन
सम्पर्क करें
ओम ज्योती इनजीनियरिंग
इटर प्राईजेस- D-239, सेक्टर-10, नोएडा
9810510789, 9910109627

### सेल्स/मार्केटिंग

**JOB OPPORTUNITIES with Hinduja Housing Finance**
Position : Sales Officer & Branch Sales Manager
- 2-3 Years experience of required
- SO Qualification- 12th/ Graduate
- BSM Qualification- Graduation
- Age: 21 - 35 Years Only
- SO Salary: ₹2 LPA - ₹2.75 LPA
- BSM Salary: ₹3 LPA - ₹5 LPA

Salary will be determined based on experience and performance.

**LOCATIONS**
Rohini, Kishanganj, Loni, Bhajanpura, Rajendra Place, Kapasera, Vasundhara, Laxmi Nagar

Interested candidates can send their CV to nikitasarangi@hindujahousingfinance.com
Nikita Sarangi - 6204598292

### टीचर्स/शिक्षक

Urgently required PGT Chemistry NTT Walk in interview on 20/07/2026 Monday 9am-12pm, Contact- 7838957060, 9267991184 Rao Kasal Public School, State Bank Road UPSIDC, SITE-V, KASNA GR NOIDA 201310, rkpsgrnoida9045@gmail.com, www.raokasalpublicschool.org

आवश्यकता है अध्यापक अध्यापिकाओं की सभी विषय के लिए रोहित मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बुद्ध विहार, बाईपास रोड NH-24, राहुल विहार गाजियाबाद #9650347342, 8587062475

आवश्यकता है अनुभवी अध्यापक अध्यापिकाओं की सभी विषय के लिए सुरेश इंटरनेशनल स्कूल पता पुस्ता रोड, कनावनी एक्सटेंशन रोड इंदिरापुरम, गाजियाबाद 9717187169, 9910250680

## तकनीकी

कृष्णा रेफ्रिजरेशन में भर्ती- आवश्यकता है: इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल/ फायर/ सिविल इंजीनियर्स (ग्रेजुएट/ डिप्लोमा), टेक्नीशियन/ असिस्टेंट टेक्नीशियन (आईटीआई), कार्य क्षेत्र: उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं एनसीआर, पता- कृष्णा टावर, फैजाबाद रोड, लखनऊ। संपर्क करें- 9026829272

## एजुकेशन

### एकेडमिक

ADMISSION OPEN
**L.L.B.** 3 YEARS
**L.L.M.** 2 YEARS
Limited Seats
Affiliated to CCS University, Meerut & Approved by BCI, New Delhi
SRC LAW COLLEGE MEERUT (NCR)
7534832029
9759925686

## सर्विसेज

### ज्योतिष/वास्तु

पंडित पी.के. शर्मा शास्त्री सभी समस्याओं का 11 घंटो में घरबैठे समाधान स्पेशलिस्ट वशीकरण लवमैरिज मनचाहा प्यार गृहक्लेश शादी कारोबार रूकावट सौतन दुश्मन छुटकारा #9058237593

पढ़ें, आज की खास खबरें एक अलग नजरिये से amarujala.com

## मेडिकल

### सैक्स संबंधी

शीघ्रपतन सेक्स समस्याऐं अंग का छोटापन
शर्म संकोच चिंता छोड़ें मिलें या फोन कर परामर्श लें
hashmi.com
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना अमरोहा–UP
9997782987
8923613136

सैक्स समस्याएं
छोटी इन्द्री निराश क्यों?
जोश जगा दे, धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
इन्द्री को 8-9 इंच लम्बा मोटा कठोर बनायें सैक्स टाइम 30-40 मिनट बढ़ायें नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
दवा घर बैठे मंगाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस
9709083564
9709083964

## सूचना

### व्यक्तिगत

मेरा पुत्र मुनाजर कहना नहीं मानता है दुर्व्यवहार करता है मैं उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं कासमिन पुत्र मौहम्मद दीन निवासी मखदूमनगर उर्फ मिटठेपुर बुलंदशहर

मैं कांता देवी पत्नी कन्हैया सैनी निवासी अरनिया मौजपुर खुर्जा जंक्शन बुलंदशहर मैं अपने पुत्र वीरेश सैनी को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करती हूं कोई गलत कृत्य करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा

मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मेरा नाम मोहिनी दर्ज है। जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मोनी सिंह दर्ज है। जो गलत है। आधारकार्ड में मोहिनी नाम दर्ज किया जाए। मोहिनी पुत्री प्रमोद, निवासी गांव हिंगथला उर्फ भावसी, डाकखाना औरंगाबाद, जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र नरेन्द्र को गलत आचरण करने पर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। अब अपने कृत्य का ये स्वयं जिम्मेदार होगा। कुसुम देवी पत्नी गंगाराम सिंह, ग्राम 340 शिव मंदिर के पास मुंडी बकापुर, थाना औरंगाबाद, जिला बुलंदशहर

मेरी इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 5639535 की अंकतालिका वास्तव में खो गयी है। प्रिंस वर्मा निवासी राधानगर, बुलन्दशहर

मेरी पुत्री प्रीती की हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष-2022 अनुक्रमांक 1220345314, इंटरमीडिएट वर्ष-2024 अनुक्रमांक 2245302807 व पुत्र केशव की हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष-2024 अनुक्रमांक 1240335752 खो गई है। राज सिंह पुत्र हरिराम गांव भराना सिकंदराबाद बुलंदशहर

हम अपने पुत्र आकाश पुत्रवधू प्रियंका को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हैं। औंकार ऊर्फ, ओमकार सिंह, पुत्र हरकेश सिंह, मीना पत्नी, औंकार, ऊर्फ ओमकार सिंह, निवासी, ग्राम उपैडा, हापुड़

मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 0436128 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0331084 व जीएनएम की अंकतालिका वास्तव में खो गयी है। मंजू रानी निवासी राधानगर, बुलन्दशहर

मैं अपने पुत्र आमिर को समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखलकर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। अपने सभी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार है। बाबू पुत्र रशीद, पलवाड़ा, बहादुरगढ़, हापुड़

I, Harbir Singh S/o Narayan Singh, resident of House no. 1270, Chamari Road, Bank Colony, Hapur, U.P., have changed my name from Harbir Singh Nigam to Harbir Singh. Henceforth I would be known by the name of Harbir Singh for all future purposes.

मैं अपने पुत्र शारुख को उसके गलत कृत्यों के कारण अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर सपरिवार संबंध विच्छेद करता हूं। सागर पुत्र आसकाली निवासी सधारनपुर थाना गुलावठी (बुलंदशहर)

मैं, मंजू मिश्रा पत्नी श्री बद्री दत्त मिश्रा, निवासी टॉवर A7, फ्लैट नं. 1404, हैबिटेक पंचतत्व, नोएडा एक्सटेंशन, टेक जोन-4, रोजा याकूबपुर, डाकघरः रोजा यॉकूबपुर, जनपदः गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201009 यह घोषित करती हूँ कि मंजू मिश्रा तथा मंजू दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। यह घोषणा मैं अपने पूर्ण होश एवं स्वेच्छा से सत्य एवं सही होने की पुष्टि करते हुए कर रही हूँ।

मैं, बद्री दत्त मिश्रा पुत्र स्वर्गीय उमाशंकर, निवासी टॉवर A7, फ्लैट नं. 1404 हैबिटेक पंचतत्व, नोएडा एक्सटेंशन, टेक जोन-4, रोज़ा याकूबपुर, डाकघरः रोज़ा याकूबपुर, जनपदः गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201009, यह घोषित करता हूँ कि बद्री दत्त मिश्रा (Badri Dutt Mishra) तथा बद्री दत्त मिश्रा (Badri Datt Mishra) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। यह घोषणा मैं अपने पूर्ण होश एवं स्वेच्छा से सत्य एवं सही होने की पुष्टि करते हुए कर रहा हूँ।

मेरी यूपी बोर्ड 10वीं की मार्कशीट वर्ष 2023 जिसका अनुक्रमांक 0515663 घर से चोरी हो गयी है। रवि कुमार पुत्र स्व. मंगल सिंह निवासी शिवपुरी न्यू विजय नगर गाजियाबाद यू.पी. 201009

मैंने अपना नाम निशांत Nishant से बदलकर निशांत चौधरी Nishaant Chaudhary रख लिया है। भविष्य में मुझे निशांत चौधरी के नाम से ही जाने। निशांत चौधरी पुत्र सत्य वीर सिंह मकान नं.-244 गली नं.-4, शिवपुरी मोदीनगर गाजियाबाद

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0475572 की सनद मार्कशीट वास्तव में खो गई है। करन रघुवंशी पुत्र वीरपाल सिंह, खैरपुर, बुलंदशहर

In the school documents of my sons Manujendra Singh Parihar, and Jatin Parihar mother's name GITA DEVI are wrongly recorded whereas the correct name is GITA. Gita, W/o Shri Santosh Kumar, R/o House No.-542, Village Kulesara, Greater Noida, Tehsil Sadar, Gautam Buddha Nagar, UP

मेरी यूपी बोर्ड, कक्षा 10 वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240361742 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र खो गया है। आमिर पुत्र अमीरूद्दीन निवासी ग्राम सुराना, मुरादनगर गाजियाबाद

मैं, तनीषा कौर बेटी सुखविंदर सिंह, मकान नंबर FCA-37/B, पटेल चौक के पास, SGM नगर, NIT फरीदाबाद, ने भविष्य के लिए अपना नाम तनीषा राय से बदलकर तनीषा कौर कर लिया है।

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जॉच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु संपर्क करें
अमर उजाला
सी–21–22, सेक्टर–59, नोएडा
फोन नं.–0120–4694354

# दिल्ली में गहरा हुआ तमिल संस्कृति का रंग

## तमिलनाडु दिवस पर सरकार ने किया स्वागत, शिक्षा और आर्थिक रिश्तों को मिल रही नई मजबूती

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु दिवस पर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम ने राजधानी में तमिल संस्कृति की बढ़ती मौजूदगी को नई पहचान दी है। दिल्ली सरकार ने इसे अपनी उस पहल का हिस्सा बताया, जिसके तहत सभी राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं को सचिवालय और सरकारी आयोजनों तक स्थान दिया जा रहा है।

सचिवालय में हुए कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कराकट्टम, कावड़ी अट्टम और कारागम जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। वर्षा की देवी भारत अम्मन और भगवान मुरुगन की आराधना पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। करीब 20 कलाकारों ने मंच पर तमिलनाडु की लोक और शास्त्रीय कला की झलक पेश की।

दिल्ली में तमिल समुदाय लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए हुए है। पोंगल, भरतनाट्यम, कर्नाटक संगीत और पारंपरिक धार्मिक उत्सवों का आयोजन लगातार बढ़ रहा है। उत्तरा स्वामी मलाई मंदिर, भगवान अयप्पा मंदिर, वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर और देवी करुमरियम्मन मंदिर जैसे सांस्कृतिक केंद्र तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन आयोजनों में नई पीढ़ी की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है।

**पोंगल, भरतनाट्यम संगीत के जरिये राजधानी में मजबूत हो रही तमिल संस्कृति की मौजूदगी**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार सभी राज्यों के दिवस मनाकर उनकी संस्कृति को सम्मान देने की नीति पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी और राजधानी देश की विविध सांस्कृतिक विरासत का साझा मंच बनेगी।

कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत दिल्ली में सभी राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं को समान अवसर दिया जा रहा है।

तमिलनाडु और दिल्ली के बीच संबंध अब केवल संस्कृति तक सीमित नहीं रहे हैं। बड़ी संख्या में तमिलनाडु के विद्यार्थी दिल्ली के केंद्रीय विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन और व्यापार जैसे क्षेत्रों में दोनों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

### महाराष्ट्र की लोक संस्कृति से सजा मंच

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में शुक्रवार को आयोजित 'रिदम्स ऑफ महाराष्ट्र: लावणी एंड जोगवा' कार्यक्रम में महाराष्ट्र की समृद्ध लोक संस्कृति जीवंत हो उठी। आम्रपाली लावणी लोकनृत्य कलामंच, नागपुर के कलाकारों ने लावणी और जोगवा की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम एनसीजेडसीसी और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। संवाद

# डिफेंस, सिक्योरिटी, आईटी, ई-कॉमर्स पेशेवरों की पहली पसंद बना आईआईएम

## एक वर्षीय एमबीए मैनेजमेंट में साढ़े सात साल का पेशेवर अनुभव

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** किताबों से दोस्ती दिल और दिमाग दोनों को तरोताजा रखी है। इसका अंदाजा, आईआईएम अहमदाबाद के एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम (एमबीए-पीजीपीएक्स) की दाखिला सूची को देखकर होता है।

दरअसल, इस साल डिफेंस एंड सिक्योरिटी, आईटी, ई-कॉमर्स, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, बैंक, एयरोस्पेस एंड एविएशन, कंस्लटिंग, एनर्जी एंड यूटिलिटी, ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स जैसे उच्च रोजगार वाले क्षेत्रों के पेशेवरों ने दाखिला लिया है। इन पेशेवरों में 72% पुरुष और 28% महिलाएं हैं।

फैकल्टी डीन प्रो. सतीश देवधर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एक वर्षीय एमबीए मैनेजमेंट प्रोग्राम में दाखिला लेने वाले 160 उम्मीदवार में डिफेंस एंड सिक्योरिटी, आईटी, ई-कॉमर्स, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, बैंक, एयरोस्पेस एंड एविएशन, कंस्लटिंग, एनर्जी एंड यूटिलिटी, ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के पेशेवर हैं। इनके पास डिग्री के साथ-साथ साढ़े सात साल का काम का अच्छा अनुभव भी है। आईआईएम अहमदाबाद कैंपस में पहली बार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में समग्र क्षेत्रों के पेशेवरों ने दाखिला लिया है।

इन महत्वाकांक्षी पेशेवरों ने इस कैंपस पर भरोसा दिखाया है। यह प्रोग्राम पेशेवरों को बेहद पसंद आया है। इस बैच में विभिन्न शैक्षणिक विषयों के प्रतिभागियों का एक समृद्ध मिश्रण है, जिसमें इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के साथ कई उद्योगों के पेशेवर शामिल हैं।

# डीटीयू ने विद्यार्थियों को फीस भरने के दिए निर्देश


सांकेतिक

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने बीटेक, बीबीए, बीए सहित दूसरे कार्यक्रमों में नामित छात्रों को पोर्टल पर ऑनलाइन फीस भरने के निर्देश जारी कर दिए है।

16 अगस्त तक फीस जमा करने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। उसके बाद दो हजार रुपये का विलंब शुल्क देना होगा। कम आय वर्ग और शुल्क भुगतान के लिए समय का विस्तार चाहने वाले छात्रों को सात अगस्त तक आवेदन करना होगा। दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष के छात्रों की फीस 18 सितंबर के बाद स्वीकार नहीं की जाएगी। ब्यूरो

## दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एनएमएफसी ईस्ट और एनएमएफसी नॉर्थ-ईस्ट ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पहले मुकाबले में एनएमएफसी ईस्ट ने एनएमएफसी बृज विहार को 1-0 से हरा दिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आसिक अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में एनएमएफसी नॉर्थ-ईस्ट ने डीजी सिटी पर 4-0 से जीत दर्ज की। संवाद

city sports

## कड़कड़डूमा,एनएमएफसी ग्रीनफील्ड्स ने जीता मैच

**नई दिल्ली।** स्थानीय फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में कड़कड़डूमा गनर्स और एनएमएफसी ग्रीनफील्ड्स ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले क्वार्टर फाइनल में कड़कड़डूमा गनर्स ने एनएमएफसी दिलशाद गार्डन को 5-1 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की। आदर्श मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे क्वार्टर फाइनल में एनएमएफसी ग्रीनफील्ड्स ने 1-0 से जीत दर्ज कर अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। संवाद

# जनरल नॉलेज ओलंपियाड : ज्ञान को परखने का आधुनिक मंच

## इससे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी तैयारी का मूल्यांकन कर सकेंगे

NATIONAL OLYMPIADS By अमर उजाला

**नई दिल्ली।** आज के समय में केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। देश-दुनिया की घटनाओं, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, खेल, पर्यावरण, तकनीक और समसामयिक विषयों की समझ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और कॅरिअर को नई दिशा देती है। यही कारण है कि आज सामान्य ज्ञान हर विद्यार्थी की समग्र शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। सामान्य ज्ञान केवल तथ्यों को याद रखने का विषय नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों की जागरूकता, विश्लेषण क्षमता और तार्किक सोच का भी परिचायक है। स्कूल स्तर से ही इस विषय पर मजबूत पकड़ भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं और कॅरिअर की तैयारी को आसान बनाती है।

**छात्रों की बढ़ेगी समसामयिक जागरूकता :** इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड 2026–27 के अंतर्गत जनरल नॉलेज (जीके) ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। यह केवल प्रश्नों के सही उत्तर देने की परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की व्यापक समझ, समसामयिक जागरूकता और सीखने की क्षमता का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन करने का आधुनिक मंच है। इस ओलंपियाड के माध्यम से विद्यार्थी अपनी तैयारी का मूल्यांकन कर सकेंगे और यह जान पाएंगे कि राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन कैसा है।

### एआई बताएगा तैयारी की पूरी तस्वीर

अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड इस वर्ष एआई आधारित स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों को केवल अंक और रैंक ही नहीं, बल्कि एआई आधारित एडवांस इंटेलीजेंट असेसमेंट रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह रिपोर्ट हजारों प्रदर्शन मानकों के आधार पर विद्यार्थियों की तैयारी का विस्तृत विश्लेषण करेगी। इसमें विषयवार प्रदर्शन, कठिनाई स्तर के अनुसार विश्लेषण, उप-विषय आधारित रिपोर्ट, प्रश्न हल करने की प्रवृत्ति और व्यक्तिगत सुधार के सुझाव जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी। इससे विद्यार्थी अपनी आगामी तैयारी को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे।

### मिलेगा एआई डैशबोर्ड

- सभी पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए एआई डैशबोर्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थी अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉग-इन कर फ्री प्रैक्टिस मटेरियल, मॉक टेस्ट और रियल-टाइम परफॉर्मेंस एनालिसिस जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। वहीं, टेक एंड एआई ओलंपियाड पूरी तरह ऑनलाइन आयोजित होगा, जबकि अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं क्यूएमआर आधारित ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी।

### पहले से अधिक सक्षम हुई एआई रिपोर्ट

- अधिक प्रदर्शन मानकों और गहन विश्लेषण के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी तैयारी की विस्तृत और सटीक जानकारी प्राप्त होगी। इससे वे अपनी मजबूत और कमजोर विषय-वस्तुओं की पहचान कर सकेंगे तथा भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक लक्ष्यों के लिए बेहतर रणनीति बना सकेंगे।

### हर स्तर पर सम्मान, हर छात्र के लिए मौका

**सबसे बड़ा आकर्षण :** चैंपियन अवार्ड

- टॉप-3 चैंपियन अवार्ड विजेता छात्रों को एक अभिभावक के साथ यूरोपियन स्पेस सेंटर जाने का अवसर मिलेगा, जहां से शुरू होगी ग्लोबल एक्सोपजर की एक नई उड़ान

### विद्यार्थियों को पुरस्कार भी मिलेंगे

| | |
|---|---|
| **नेशनल लेबल** | : 21,000 रुपये + ट्राफी + सर्टिफिकेट |
| **स्टेट लेबल** | : 5,100 रुपये + ट्राफी + सर्टिफिकेट |
| **डिस्ट्रिक्ट लेबल** | : मेडल + सर्टिफिकेट |
| **स्कूल लेबल** | : मेडल (क्लास टॉपर्स के लिए) |
| **हर प्रतिभागी के लिए** | : पर्टिसिपेशन सर्टिफिकेट |

### पात्रता

कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थी

### उपलब्ध विषय

इंग्लिश, मैथमेटिक्स, साइंस, जनरल नॉलेज, लॉजिकल रीजनिंग, हिंदी, टेक एंड एआई

### अभी रजिस्टर करें

अर्ली बर्ड आफर का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने विद्यालय से संपर्क करें या क्यूआर कोड स्कैन कर तुरंत पंजीकरण करें।

**वेबसाइट :** www.amarujalaolympiad.com

**टोल फ्री नंबर :** 1800-121-1166

## हॉस्टल आवंटन में आरक्षण नीति के सख्त पालन की मांग

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में बिरसा आंबेडकर फुले स्टूडेंट्स एसोसिएशन (बापसा) ने डीन ऑफ स्टूडेंट्स (डीओएस) से नए शैक्षणिक सत्र में हॉस्टल आवंटन में तेजी लाने और आरक्षण नीति का पारदर्शी तरीके से पालन सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। बापसा के अनुसार बड़ी संख्या में छात्र देश के विभिन्न हिस्सों से जेएनयू आते हैं। खासकर आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के छात्रों के लिए हॉस्टल उच्च शिक्षा जारी रखने की अनिवार्य आवश्यकता है। समय पर हॉस्टल आवंटन नहीं होने से छात्रों को महंगे और असुरक्षित निजी आवास में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कई स्नातक (यूजी) छात्र अब भी डॉर्मिटरी में रह रहे हैं। जबकि उन्हें नियमित हॉस्टल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ब्यूरो

## सौश्रुतम् 2026 संगोष्ठी का समापन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सौश्रुतम् 2026 का शुक्रवार को समापन हुआ। यह संगोष्ठी 15 से 17 जुलाई तक चली। इस दौरान आईआईटी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया। इससे आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। संस्थान की वार्षिक हिंदी पत्रिका आयुषवल्लरी का तीसरा संस्करण जारी किया गया और नेत्र रोग्य सामान्य जानकारी व निवारण नामक पुस्तक का विमोचन भी हुआ। यह पुस्तक आम लोगों को आंखों की बीमारियों के बारे में आसान भाषा में जानकारी देती है। ब्यूरो

### गुरु मंत्र

## विद्यार्थी बड़े सपने देखने का साहस रखें

मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा मेरे पिताजी हैं। वे समर्पित शिक्षक रहे हैं और वर्तमान में दिल्ली सरकार के एक विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं। उनसे मैंने सीखा कि सच्चा शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान नहीं देता, बल्कि अपने आचरण, संस्कार और व्यक्तित्व से विद्यार्थियों का जीवन संवारता है। उन्हीं के आदर्शों से प्रेरित होकर मैंने हिन्दी शिक्षक बनने का संकल्प लिया। मेरा विश्वास है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ विचार, सुदृढ़ चरित्र और आत्मविश्वास का निर्माण करना है।


राहुल यादव, गवर्नमेंट बॉयज सीसे. स्कूल बापरौला दिल्ली

### डायटीशियन की सलाह

## शरीर में आयरन की पर्याप्त मात्रा जरूरी

शरीर में आयरन की पर्याप्त मात्रा होना अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। आयरन की कमी से एनीमिया, कमजोरी, थकान, चक्कर आना और कार्यक्षमता में कमी जैसी समस्याएं होती हैं। संतुलित आहार और सही खानपान की आदतें अपनाकर आयरन की कमी से बचाव किया जा सकता है। भोजन में रोजाना आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। पालक, मेथी और बथुआ का नियमित सेवन करें। राजमा, लोबिया, सोयाबीन, चना और अन्य दालों को आहार का हिस्सा बनाएं।


आयुषी शर्मा, डायटीशियन निजी अस्पताल

## पीएनबी और भाषिणी का बहुभाषी एआई बैंकिंग के लिए समझौता

**नई दिल्ली (वि)।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी) के साथ पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता बहुभाषी एआई बैंकिंग सेवाओं के लिए किया गया है। इस साझेदारी से भाषिणी की उन्नत बहुभाषी एआई क्षमताओं को पीएनबी के डिजिटल प्लेटफॉर्मों में एकीकृत किया जाएगा। इससे ग्राहक आवाज और पाठ दोनों माध्यमों से कई भारतीय भाषाओं में बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर पीएनबी के कार्यपालक निदेशक एम परमसिवम, डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग के सीईओ अमिताभ नाग और पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक (डी) आतिश कुमार राउत की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एम परमसिवम ने कहा कि यह सहयोग समावेशी डिजिटल परिवर्तन को तेज करेगा। अमिताभ नाग ने कहा कि आवश्यक बैंकिंग सेवाओं के लिए भाषा कभी बाधा नहीं बननी चाहिए। अतिश कुमार राउत ने कहा कि पीएनबी सुगम, सुरक्षित और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल बैंकिंग सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।



व्यावसायिक गतिविधि

## हेल्थओके ने क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के साथ ट्रस्ट कैंपेन की शुरुआत की

**नई दिल्ली (वि)।** मैनकाइंड फार्मा के शुद्ध शाकाहारी मल्टीविटामिन ब्रांड हेल्थओके ने क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के साथ एक नया डिजिटल इंफ्लुएंसर कैंपेन (अभियान) शुरू किया है। यह अभियान 'दिखावा नहीं, करके दिखाए' की थीम पर आधारित है। यह कैंपेन इस बात पर जोर देता है कि भरोसा दावों से नहीं, बल्कि प्रदर्शन से अर्जित होता है। भुवनेश्वर कुमार को इस अभियान के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि वह शुद्ध शाकाहारी हैं। भुवनेश्वर अपने स्वास्थ्य और प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हुए हेल्थओके मल्टी विटामिन से दैनिक पोषण की पूर्ति करते हैं। हेल्थओके 19 आवश्यक विटामिन, खनिज, टॉरिन और जिनसेंग से युक्त शुद्ध शाकाहारी पूरक है। भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह हेल्थओके के साथ जुड़कर खुश हैं। मैनकाइंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के उपाध्यक्ष और बिक्री व विपणन प्रमुख जॉय चटर्जी ने कहा कि यह कैंपेन क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के जीवन से प्रेरित है। लेगाक्सी के सह-संस्थापक और निदेशक टैलेंट अनीश गौतम ने साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह अभियान इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक और अन्य डिजिटल मंचों पर प्रसारित किया जाएगा।



व्यावसायिक गतिविधि

## एथर एनर्जी कम्युनिटी डे इवेंट पर नया इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश करेगी

**नई दिल्ली (वि)।** एथर एनर्जी लिमिटेड कंपनी अपने फ्लैगशिप इवेंट एथर कम्युनिटी डे के चौथे एडिशन पर नया इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश करने जा रही है। अगले माह 29 अगस्त 2026 को बंगलूरु में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की थीम 'न्यू डॉन ऑफ मैजिक' (जादू की नई सुबह) रखी गई है। इस दौरान कंपनी अपने नए ईएल प्लेटफॉर्म पर आधारित पहला स्कूटर लांच करेगी, जिसके जरिए एथर 1 लाख रुपये से 1.25 लाख रुपये के मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश करेगी। ईएल प्लेटफॉर्म एथर का नेक्स्ट-जनरेशन व्हीकल आर्किटेक्चर है, जिसे ज्यादा उपयोगिता, स्केलेबिलिटी और बेहतर मैन्युफैक्चरिंग एफिशिएंसी को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। कंपनी के भविष्य के कई वाहन इसी प्लेटफॉर्म पर आधारित होंगे। एथर कम्युनिटी डे 2026 में हजारों एथर मालिकों, ऑटोमोबाइल और टेक्नोलॉजी प्रेमियों के साथ कंपनी के पार्टनर भी शामिल होंगे। इवेंट में नए स्कूटर के अलावा टेक्नोलॉजी, चार्जिंग और ओनरशिप ईकोसिस्टम से जुड़े कई नए इनोवेशन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।



व्यावसायिक गतिविधि

## डूसू चुनाव में प्रिंटेड पोस्टर-बैनर पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव के रंग में रंगी नजर आएगी। सितंबर में होने वाले इन चुनावों को लेकर डीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव प्रचार के लिए इस बार सख्त रुख अपनाया गया है। इस बार उम्मीदवार चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की प्रिंटेड प्रचार सामग्री, पोस्टर, फ्लेक्स, बैनर या होर्डिंग्स नहीं लगा सकेंगे। केवल हाथ से बनी प्रचार सामग्री को निर्धारित वॉल ऑफ डेमोक्रेसी पर लगाने की अनुमति होगी। नियम तोड़ने पर उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो सकता है। डीयू के प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रॉक्टर कार्यालय में डूसू पदाधिकारियों और विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट और लिंगदोह समिति की गाइडलाइंस के अनुरूप चुनाव संचालन और आचार संहिता पर विस्तृत चर्चा हुई। छात्र संगठन प्रतिनिधियों ने इन पर अपनी सहमति भी जताई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि कैंपस और उसके आसपास किसी भी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। ब्यूरो

# दिल्ली विवि... पहले राउंड में ही 70 फीसदी सीटें फुल हुईं, दूसरे राउंड में संभावनाएं कम

## कॉलेजों में सबसे अधिक मांग बीकॉम, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी ऑनर्स और इतिहास ऑनर्स की

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक कोर्सेज में दाखिले के पहले राउंड में आवंटित की गई 93, 033 सीटों में से करीब 70 फीसदी सीटें महज चौबीस घंटे में ही फुल हो गई हैं। कुछ कॉलेजों में कुल सीटों में से 60-70 फीसदी सीट को छात्रों ने स्वीकार किया है। कॉलेजों में बीकॉम, राजनीति शास्त्र व अंग्रेजी ऑनर्स, इतिहास ऑनर्स की ज्यादा सीट स्वीकार हुई हैं।

बृहस्पतिवार देर शाम जारी की गई स्नातक की पहली सीट आवंटन सूची के तहत कुल 93, 033 सीट आवंटित की गई थी। इनमें से चौबीस घंटे में ही कुल आवंटित सीटों पर 66, 251 ने अपनी सीट को स्वीकार कर लिया।

### एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों में सीटें बढ़ाई जाएं, एबीवीपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सीटें बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को एबीवीपी ने प्रदर्शन किया। उधर, क्रांतिकारी युवा संगठन ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर से मुलाकात कर सीटें बढ़ाने की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए कैंपस में पुलिस फोर्स तैनात रहा। एबीवीपी से जुड़े छात्र डीयू के कला संकाय के बाहर प्रदर्शन करते हुए बैरिकेड पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के बाद एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने विवि के रजिस्ट्रार प्रो. विकास गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर सभी एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की। एबीवीपी के दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि सीटों की कमी छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने डीन एडमिशन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है, जो 10 दिनों के भीतर इस विषय पर अपनी रिपोर्ट और सुझाव देगी। दूसरी ओर इस मामले पर क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर से मुलाकात की और उन्हें कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि डीयू में एक-साल के स्नातकोत्तर कोर्स की सीटों की संख्या तुरंत बढ़ाई जाए। डीयू में 46 विभागों में एक-साल के कोर्स के लिए सीटों की संख्या बहुत कम है। ब्यूरो


वन-ईयर पीजी प्रोग्राम में सीटें बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन करती एबीवीपी। भूपिंदर सिंह

## 1194 सीटों के लिए आए 14,758 आवेदन

**नई दिल्ली।** डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी, पीएचडी, इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम दाखिले के लिए छात्रों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 23 स्नातक प्रोग्राम के दाखिले के लिए 1194 सीटों पर अब तक 14, 758 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

इस तरह से सीटों के मुकाबले में काफी आवेदन हो चुके हैं, जबकि अभी आवेदन प्रक्रिया 20 जुलाई तक जारी रहेगी। इसके बाद प्रवेश सूची जारी होगी। ब्यूरो

## नीट-यूजी 2026 के परिणामों में चमके एलन के विद्यार्थी

**कोटा (वि)।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के घोषित रिजल्ट में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन के टॉप-10 में 5 स्टूडेंट्स शामिल है। परिणामों में टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है। पंशुल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं, जबकि आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं। इसके साथ ही एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर रैंक-4 हासिल की है। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह आल इंडिया रैंक-9 हासिल की है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने सभी स्टूडेंट्स और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-10 में 5, टॉप-20 में 10, टॉप-50 में 23 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। एनटीए ने 690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स की लिस्ट जारी की है, इसमें 63 स्टूडेंट्स एलन से हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट पंशुल ने बताया कि उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है। एलन के फैकल्टीज का सपोर्ट काफी मिलता था। बिहार के नवादा जिले में वारसलीगंज निवासी आयुष भालोटिया ने नीट में एआईआर-710 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 04 हासिल की है।

व्यावसायिक गतिविधि




**कला** | प्रदर्शनी में लगाए गए हैं 80 स्टॉल, 25 जुलाई तक चलेगा आयोजन

# हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पाद एक मंच पर

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में शुक्रवार को 11 दिवसीय राष्ट्रीय एमएसएमई प्रदर्शनी एवं मार्केटप्लेस 'कारीगरी बाजार–दिल्ली 2026' का शुभारंभ हुआ। 25 जुलाई तक चलने वाले इस आयोजन में देशभर के कारीगर, बुनकर और लघु उद्यमी अपने पारंपरिक और हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रहे हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्य एमएसएमई, महिला उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को राष्ट्रीय स्तर का बाजार उपलब्ध कराना तथा उन्हें सीधे खरीदारों से जोड़ना है।

प्रदर्शनी का आयोजन अम्बपाली हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड ने एमएसएमई मंत्रालय की प्रोक्योरमेंट-मार्केटिंग सपोर्ट योजना के तहत किया है। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव डॉ. रश्मि सिंह रहीं, जबकि नीलम प्रताप रूडी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। कार्यक्रम में एमएसएमई, नेशनल जूट बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय और एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रदर्शनी में करीब 80 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें खुर्जा पॉटरी, बनारसी साड़ियां, भदोही के कालीन, भागलपुरी सिल्क, कांथा कढ़ाई, केरल की म्यूरल पेंटिंग, जूट, हस्तकरघा, हस्तशिल्प, हर्बल, ऑर्गेनिक और कृषि आधारित उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर के कारीगर इसमें भाग ले रहे हैं। आयोजकों ने लोगों से हस्तनिर्मित और स्वदेशी उत्पादों की खरीद कर स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

# कांवड़ यात्रा : सुरक्षा से समझौता नहीं, अफवाह पर करें सख्त कार्रवाई

## गाजियाबाद आए सीएम योगी ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से होगी निगरानी

**गाजियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता व यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

गाजियाबाद आए सीएम योगी ने कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए मेरठ व सहारनपुर मंडल के पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। सीएम ने कहा, यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से निगरानी की जाए। डीजे की आवाज निर्धारित मानक से अधिक न हो। कांवड़ की ऊंचाई भी तय सीमा के अनुरूप रहे।



**सुशासन, सुरक्षा और विकास से एनसीआर का ग्रोथ इंजन बना गाजियाबाद : योगी**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद को एनसीआर और दिल्ली के विकास का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि कानून के राज, सुशासन और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से जिले ने नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि जहां सुरक्षा होती है, वहीं सुशासन आता है। सुशासन से समृद्धि, विकास, निवेश और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

### यात्रा मार्ग पर बंद रहेंगी शराब व मांस की दुकानें

सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर मांस व शराब की सभी दुकानें बंद रहें। कोई भी चालक नशे की हालत में वाहन नहीं चलाए। ट्रांसफार्मरों व बिजली लाइनों की निगरानी रखने को कहा, ताकि कोई हादसा नहीं हो।

■ **गड्ढा मुक्त व स्वच्छ रहें मार्ग :** सीएम ने यात्रा मार्गों को समय रहते गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। कहा, मार्ग पर स्वच्छता बनी रहे और कूड़ा न दिखे। शिविरों में स्ट्रीट लाइट, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था की जाए।

शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की पुण्यतिथि पर मुरादनगर के रावली रोड स्थित कुशल पाल सिंह त्यागी तेज पाल त्यागी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में देश को सुशासन का मॉडल दिया है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से कानून का राज स्थापित हुआ है। इसका परिणाम है कि गाजियाबाद अब एनसीआर और दिल्ली के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद को 868 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जिले में 90 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही ओडीओपी योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

# मकान की दीवार गिरी तीन छात्र हुए घायल

**इंदिरापुरम।** मकनपुर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर निर्माणाधीन इमारत की तीसरे तल के छज्जे पर बन रही दीवार गिरने से तीन छात्र घायल हो गए। वें वैशाली परिषदीय विद्यालय से घर के लिए रहे थे।

तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार चल रहा है और हालत भी खतरे से बाहर बताई गई है। हादसा दीवार पर बंदर के कूदने से हुआ।दरअसल, मकनपुर गांव में निर्देश शर्मा छह मंजिला मकान की तीसरी मंजिल पर शुक्रवार को राजमिस्त्री छज्जे की दीवार बना रहे थे।
मजदूरों का कहना है कि दीवार की चिनाई के दौरानी एक बंदर दीवार पर कूद और वह गिर गई। दीवार का एक हिस्सा गली में गिरा। तीनों बच्चे वहां से गुजर रहे थे।

# भाजपा विधायक की जीत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**दिल्ली : आप नेता भारती की याचिका पर होगी सुनवाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में मालवीय नगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के सतीश उपाध्याय की जीत को चुनौती दी गई है। उपाध्याय ने पिछले साल फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारती को 2,131 वोटों के अंतर से हराया था।

भारती ने दिल्ली हाईकोर्ट के 17 जनवरी के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। उनकी याचिका पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के सामने सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि हम अनुमति देंगे और मामले की सुनवाई करेंगे। हाईकोर्ट में दायर अपनी चुनावी याचिका में भारती ने उपाध्याय पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट तौर-तरीके अपनाने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उपाध्याय ने लोगों को कारों से पोलिंग बूथ तक लाने के लिए अपने एजेंट तैनात किए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि उस निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र कुमार कोचर का पूरा चुनाव अभियान खास तौर पर उनके ही खिलाफ चलाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उपाध्याय ने जानबूझकर और सुनियोजित तरीके से एक नकली मुकाबला खड़ा करने की रणनीति अपनाई, जिसका मकसद धर्मनिरपेक्ष वोटों को भ्रमित और विभाजित करना तथा चुनाव में अनुचित लाभ हासिल करना था।

हाईकोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता (भारती) का कोचर को पक्षकार न बनाना कोई मामूली तकनीकी चूक नहीं, बल्कि एक ऐसी कमी है जिसे सुधारा नहीं जा सकता। कानून के प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के तय किए गए कानून के मुताबिक, यह इस चुनावी याचिका के स्वीकार्य होने की बुनियाद पर ही चोट करता है। हाईकोर्ट ने भारती की याचिका खारिज कर दी थी।

कोर्ट का कहना था कि कोचर को प्रतिवादी न बनाए जाने के कारण चुनाव याचिका खारिज किए जाने योग्य है। कोर्ट ने कहा था कि चुनाव याचिका कोई आम मुकदमा नहीं, बल्कि एक विशेष कार्यवाही है, जिसके नतीजे सीधे तौर पर जनता के जनादेश पर असर डालते हैं। हाईकोर्ट ने कहा था कि 1951 के कानून के प्रावधानों की व्याख्या सख्ती और सीमित दायरे में की जानी चाहिए। एजेंसी

# ई-रिक्शा से भिड़ी कैब, चालक के आर-पार हुआ सरिया, मौत

## गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे पर हादसा, कैब में सवार महिला घायल

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कैब के चालक ने ओवरटेक लेन में चल रहे एक ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में लदा सरिया कैब के अगले हिस्से को चीरता हुआ चालक के शरीर के आरपार हो गया। हादसे में कैब चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार की पिछली सीट पर बैठी महिला यात्री भी घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेक्टर-37 थाने की पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

कैब के मृत चालक की पहचान फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के मोहम्मदपुर नवादा गांव निवासी शिवेंद्र कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे द्वारका एक्सप्रेसवे पर दिल्ली की ओर जा रही कैब एवीएल सोसाइटी के पास ई-रिक्शा के पीछे टकरा गई। ई-रिक्शा पर सरिया लदा था, जोकि पिछली ओर काफी बाहर निकला हुआ था। ई-रिक्शा के चालक ने सुरक्षा के लिहाज से इन सरियों पर कोई लाल कपड़ा या रिफ्लेक्टर जैसा संकेत भी नहीं लगाया था। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही सेक्टर-37 थाना पुलिस और द्वारका एक्सप्रेसवे की यातायात पुलिस मौके पर पहुंची।



हादसे में कैब का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। संवाद

> परिवार वालों को घटना के बारे में सूचना दे दी है। शनिवार को परिवार वालों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। -संदीप कुमार, पुलिस प्रवक्ता

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कैब में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला। वहीं, कैब की पिछली सीट पर बेहोशी महिला यात्री को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद द्वारका एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालकों को निर्देश देकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में रिक्शा चालक ने बताया कि वह अपने वाहन को धीरे चला रहा था और कार ने उसे पीछे से टक्कर मारी। शुरुआती जांच में हादसे का मुख्य कारण कैब की तेज रफ्तार और द्वारका एक्सप्रेसवे पर ई-रिक्शा का गलत तरीके से आना माना जा रहा है। बता दें कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन व कम रफ्तार वाले वालों का चलाना प्रतिबंधित है।

# बंदरों के हमले से छत से गिरे बुजुर्ग की गई जान

## हादसे में टूटी गर्दन की हड्डी, अस्पताल में तोड़ा दम

**दनकौर (संवाद)।** बंदरों के हमले से कस्बा निवासी बुजुर्ग छत से नीचे गिर गए। हादसे में गर्दन की हड्डी टूटने से उनकी मौत हो गई। निवासियों ने बताया कि प्रेमनगर मोहल्ला निवासी कलुआ (63) मंगलवार शाम को छत पर थे। अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर धावा बोल दिया। बंदरों को अपनी तरफ बढ़ते देख आपाधापी में उनका संतुलन बिगड़ गया।



कलुआ (फाइल)

वह पहली मंजिल की छत से सीधे नीचे जमीन पर आ गिरे। आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर दौड़े। उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि गिरने के कारण उनकी गर्दन की हड्डी टूट चुकी है। बृहस्पतिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

परिजन और निवासियों ने नगर पंचायत अधिकारियों से बंदरों को पकड़ने की मांग की है। निवासियों ने कहा कि कस्बे में आए दिन बंदरों के हमले की घटनाएं हो रही हैं। बच्चे घर से नही निकल पा रहे हैं। बंदरों का झुंड घरों की छत पर बैठा रहता है। सभासद मोहित ने कहा कि बीते 10 दिन में बंदरों के काटने से रामपाल, महेश और शाहिद समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। बंदरों के डर से लोगों ने घर की छत पर जाना बंद कर दिया है।

# कुत्ते के काटने से बदला युवक का व्यवहार, लोगों पर झपटा



स्ट्रेचर पर लेटा साहिल। संवाद

### फरीदाबाद में पड़ोसियों ने युवक के हाथ-पैर बांधकर पहुंचाया अस्पताल

**फरीदाबाद।** जिले में रेबीज के संदिग्ध मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को सराय ख्वाजा क्षेत्र में एक युवक का व्यवहार अचानक असामान्य हो गया। उसने आसपास मौजूद कई लोगों पर हमला कर उन्हें काट लिया। युवक के अकेले रहने के कारण पड़ोसियों ने किसी तरह उसे काबू किया, हाथ-पैर बांधे और निजी एंबुलेंस से बीके नागरिक अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार और जांच के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान साहिल के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह अकेला रहता है। कुछ समय पहले उसे एक कुत्ते ने काटा था। शुक्रवार को उसका व्यवहार अचानक बदल गया और वह आसपास मौजूद लोगों पर झपटने लगा। इस दौरान उसने कई लोगों को काट लिया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गोयल ने बताया, मामला संज्ञान में आया है। मरीज की स्थिति का आकलन किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे दिल्ली रेफर किया गया है। संवाद

# 18वीं मंजिल के फ्लैट में एसी के कंप्रेसर फटने से लगी आग

## ग्रेनो वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में बुजुर्ग दंपती समेत चार ने भागकर बचाई जान

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में शुक्रवार को 18वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में एसी का कंप्रेसर फट गया। इसके फटते ही फ्लैट में तेजी से आग लग गई।

हादसे के दौरान घर में मौजूद महिला ने सूझबूझ दिखाते हुए बच्चे को फ्लैट से बाहर निकलकर जान बचाई। फ्लैट में मौजूद बुजुर्ग दंपती भी सुरक्षित बाहर निकल आए। करीब 40 मिनट तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित परिवार ने घटना में लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया है।

जानकारी के अनुसार घटना टावर-12 स्थित फ्लैट नंबर-1802 में हुई। इसमें मानवेंद्र प्रताप अपने परिवार के साथ रहते हैं। मानवेंद्र और उनकी पत्नी निजी कंपनियों में कार्यरत हैं। शुक्रवार सुबह उनके बुजुर्ग माता-पिता गांव से मिलने आए थे। मानवेंद्र ड्यूटी पर चले गए जबकि घर में बुजुर्ग दंपती, मानवेंद्र की पत्नी और बच्चे मौजूद थे। परिजनों के अनुसार शाम करीब साढ़े चार बजे बेडरूम में लगे एसी में अचानक शॉर्ट सर्किट होने के बाद कंप्रेसर फट गया। देखते ही देखते आग ने पूरे बेडरूम को अपनी चपेट में ले लिया और कमरे में धुआं भर गया। धुएं और आग की लपटों के बीच घर में मौजूद महिला ने बच्चे को लेकर तत्काल फ्लैट से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं बुजुर्ग दंपती भी सुरक्षित बाहर निकल आए।



राधा स्काई गार्डन के फ्लैट में लगी आग। स्रोत: निवासी

**दूसरे टावर की बालकनी से पानी का किया छिड़काव :** आग की सूचना मिलते ही सोसाइटी के मेंटेनेंस स्टाफ हितेंद्र और किशन तथा निवासी एसपी यादव मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। धुएं के कारण उन्हें बेडरूम तक पहुंचने में भी काफी परेशानी हुई। इसी दौरान अन्य निवासियों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया।

# धारदार हथियार से पत्नी का काटा गला, मौत

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र स्थित श्याम कॉलोनी में पारिवारिक विवाद के दौरान 60 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर धारदार हथियार से अपनी 52 वर्षीय पत्नी का गला काट दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बेटे की शिकायत पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। फरीदाबाद के पल्ला थाना क्षेत्र की श्याम कॉलोनी में बृहस्पतिवार रात पारिवारिक कलह खूनी वारदात में बदल गई। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान 52 वर्षीय किरण के रूप में हुई है, जबकि हत्या का आरोप उसके पति अरुण सिंह पर है। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस को दी शिकायत में मृतका के बड़े बेटे करण ने बताया कि बृहस्पतिवार रात परिवार के सभी सदस्य घर पर मौजूद थे और अपने-अपने कमरों में थे। ब्यूरो

# केंद्रीय कर्मियों के सरकारी आवास की लाइसेंस फीस बढ़ी

## अब 21 दिन पहले एलटीसी पर बुक करना होगा हवाई यात्रा का टिकट

जितेंद्र भारद्वाज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सरकारी आवास की मासिक लाइसेंस फीस बढ़ा दी है। यह लाइसेंस फीस, किराये के अतिरिक्त देनी पड़ती है।

शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन, रुल्स 2017 के नियम 74 के अनुसार लाइसेंस फीस की बढ़ी हुई दरें एक जुलाई से लागू हो गई हैं। मंत्रालय की एस्टेट शाखा ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए हैं। जीपीआरए हॉस्टल में रहने की जगह, सर्वेंट क्वार्टर और गैरेज के लिए भी लाइसेंस फीस बढ़ा दी गई है। जीपीआरए की लाइसेंस फीस में 12 प्रतिशत और हॉस्टल में रहने की जगह के लिए लाइसेंस फीस में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

इससे पहले पहली जुलाई 2023 को लाइसेंस फीस में वृद्धि की गई थी। साथ ही केंद्र सरकार ने खर्च घटाओ नीति के तहत अधिकारियों और कर्मियों से कहा है कि वे एलटीसी पर हवाई यात्रा करना चाहते हैं तो कम-से-कम 21 दिन पहले फ्लाइट टिकट बुक करा लें। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने यह आदेश जारी किया है। एलटीसी के लिए विभाग से एडवांस लेना है तो इसके लिए कार्मिकों को अपनी यात्रा की प्रस्तावित तारीख से 30 दिन पहले संबंधित शाखा में आवेदन जमा करना होगा। एलटीसी क्लेम की जांच के दौरान यह देखा गया है कि कई मामलों में हवाई टिकट यात्रा से कुछ दिन पहले ही बुक किए जा रहे हैं। कुछ मामलों में तो उसी हफ्ते बुक किए जा रहे हैं, जिस हफ्ते यात्रा की जानी है। इस तरह की आखिरी समय की बुकिंग से आम तौर पर हवाई किराया ज्यादा लगता है। यह डीओपीटी के निर्देशों की भावना के अनुरूप नहीं है।

### सुइट के फ्लैट रेट पर लाइसेंस फीस में बदलाव

अब तक सिंगल रूम वाला सुइट, जिसका लिविंग एरिया 21.5 से 30 वर्ग मीटर है। इसकी लाइसेंस फीस के लिए 550 रुपये देने होते थे। अब फीस 620 रुपये हो गई है। इसमें किचन शामिल नहीं है। किचन साथ लेते हैं तो वह फीस 870 रुपये होगी। अभी इसके लिए 780 रुपये देने पड़ते थे। डबल रूम के लिए यह फीस 1,070 रुपये थी। अब इसे 1,200 रुपये कर दिया गया है।


**थाना सैक्टर 10 ए** | **जिला गुरुग्राम**
अभियोग संख्या 483 दिनांक 14-07-2026
धारा 137 (2) बी.एन.एस. थाना सै. 10ए गुरुग्राम



**इश्तहार तलाश लड़की प्रिती कुमारी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13-07-2026 को समय करीब 08 बजे सुबह लड़की प्रिती कुमारी पुत्री गुमस्ता कुमार मंडल पुत्र स्वः चलित्र मंडल ग्राम पाराडीह थाना क्यूटी जिला पाराडीह थाना टी जिला दरभंगा बिहार हाल पता अल्फा अस्पताल वाली गली बसई इनक्लैव गली 1 गुरुग्राम से लापता हो गई है। जिसकी तलाश के प्रयास किये गये हैं जो अभी तक नहीं मिली है, जो किसी भी सज्जन को इस बारे कोई जानकारी मिले तो नीचे लिखे मोबाइल नम्बरों पर सूचित किया जाये जो लापता लड़की का विवरण निम्न है-
**हुलिया-** प्रिती कुमारी, रंग सांवला गोल चेहरा पतला शरीर कद करीब 4"6" वा उम्र 15 वर्ष है। **कपड़े जो पहने हैं-** काली चेकदार पैंट वा आसमानी कमीज पैरों में हवाई चप्पल पहने है।
**प्रबन्धक अफसर थाना सैक्टर 10 गुरुग्राम**
**मो0 9999981836**

अनुसंधान अधिकारी
उपनि. धर्मबीर सिंह
थाना सै. 10 गुरुग्राम- 8053529125

**थाना सैक्टर 10ए** | **जिला गुरुग्राम**
अभियोग संख्या 483
दिनांक 14-07-2026 धारा 137 (2)
बी. एन. एस. थाना सै0 10ए गुरुग्राम



**इश्तहार तलाश लड़की प्रियंका कुमारी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13-07-2026 को समय करीब 08 बजे सुबह लड़की प्रियंका कुमारी पुत्री गुमस्ता कुमार मंडल पुत्र स्वः चलित्र मंडल ग्राम पाराडीह थाना क्यूटी जिला पाराडीह थाना टी जिला दरभंगा बिहार हाल पता अल्फा हस्पताल वाली गली बसई इनक्लैव गली नं. 1 गुरुग्राम से लापता हो गई है। जिसकी तलाश के प्रयास किये गये हैं जो अभी तक नहीं मिली है जो किसी भी सज्जन को इस बारे कोई जानकारी मिले तो नीचे लिखे मोबाइल नम्बरों पर सूचित किया जाये जो लापता लड़की का विवरण निम्न है-
**हुलिया** -प्रियंका कुमारी- रंग सांवला गोल चेहरा पतला मजबूत शरीर कद करीब 4"6" या उम करीब 13 वर्ष है। **कपड़े जो पहने हैं-** काली चेकदार पैंट कमीज पैरों में हवाई चप्पल पहने है।
**प्रवन्धक अफसर थाना सैक्टर 10 गुरुग्राम**
**मो. 9999981836**

अनुसंधान अधिकारी
उपनि. धर्मबीर सिंह
थाना सै. 10 गुरुग्राम - 8053529125

**थाना सैक्टर 10ए** | **जिला गुरुग्राम**
अभियोग संख्या 483
दिनांक 14-07-2026 धारा 137 (2)
बी.एन.एस. थाना सै0 10ए गुरुग्राम



**इश्तहार तलाश लड़की काजल कुमारी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13-07-2026 को समय करीब 08 बजे सुबह लड़की काजल कुमारी पुत्री श्री लक्ष्मण कुमार चौहान गांव दुलारी विगहा थाना एकंगर सराय जिला नालन्दा बिहार हाल पता अल्फा हस्पताल वाली गली बसई इनक्लैव गली 1 गुरुग्राम से लापता हो गई है। जिसकी तलाश के प्रयास किये गये हैं जो अभी तक नहीं मिली है जो किसी भी सज्जन को इस बारे कोई जानकारी मिले तो नीचे लिखे मोबाइल नम्बरों पर सूचित किया जाये जो लापता लड़की का विवरण निम्न है-
**हुलिया-** रंग गोरा गोल चेहरा, पतली फुर्तीला शरीर कद 4"6" करीब उम्र 15 वर्ष है। **कपड़े जो पहने है-** गुलाबी रंग का सूट सलवार व पैरो में हवाई चप्पल पहने है।
**प्रबन्धक अफसर थाना सैक्टर 10 गुरुग्राम**
**मो. 9999981836**

अनुसंधान अधिकारी
उपनि. धर्मबीर सिंह
थाना सै. 10 गुरुग्राम - 8053529125

PRDH:- 1084/11/5042/2027/47291/1/7 Dated 17/07/2026



**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती (कार्य) मंडल रेल प्रबंधक (समन्वय) निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता है। निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–119–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दो विविध कार्य– पार्ट 1. सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप मंडल के तहत पिपरिया में आर.पी.एफ. बैरक का अपग्रेडेशन/मॉडिफिकेशन का कार्य। पार्ट 2. सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप मंडल के तहत सहायक मंडल अभियंता कार्यालय का निर्माण कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,69,18,719/–, बयाना राशिः 3,38,400/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–120–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,28,75,512/–, बयाना राशिः 2,57,500/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–121–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह उप–मंडल के अंतर्गत असलाना में प्लेटफॉर्म नंबर 2 डाउन साइड को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण। (कार्य का हिस्सा:– असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफॉर्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना) कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 3,65,56,849/–, बयाना राशिः 731100/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–122–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह सबडिविजन के अंतर्गत बांदकपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 की रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण। (कार्य का हिस्साः असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफॉर्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना), कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 5,68,27,750/–, बयाना राशिः 113660/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–123–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर मंडल में पश्चिम, स्थितो एवं एस.ई.जे.एम आदि का पुनरसाधारण रीकंडीशनिंग कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 58,47,866/–, बयाना राशिः 1,17,000/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–124–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन 02 विविध कार्य– 1. Limited height subway संख्या 243, 237 एवं 256 पर जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना। 2. Limited height subway संख्या 248 पर शेड की व्यवस्था करना तथा Limited height subway संख्या 255 पर सड़क, शेड एवं जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना।, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 2,31,15,710/–, बयाना राशिः 4,62,300/–, समापन अवधिः 10 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–125–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर पूर्व जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,23,60,492/–, बयाना राशिः 2,47,200/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15बजे – 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–126–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर मध्य जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपर्युक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 94,76,377/–, बयाना राशिः 1,89,377/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–127–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर उत्तर जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,36,99,545/–, बयाना राशिः 2,74,000/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–128–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर पश्चिम जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,90,55,759/–, बयाना राशिः 381100/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–129–2026 दिनांक– 10.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता उत्तरम सतना उप–मंडल के अधिकार क्षेत्र में जैतवारा स्टेशन पर रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण। कार्य का भागः झुकेही, जैतवारा एवं टिकरिया स्टेशनों पर कुल 06 प्लेटफॉर्मों को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 4,66,66,427/–, बयाना राशिः 9,33,300/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजे: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे– 04.08.2026, उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# चढ़ावा चोरी : रामलला से माफी मांग रहे आचार्य

## गुप्त नवरात्र पर राम मंदिर में शुरू हुई प्रायश्चित पूजा, 70 आचार्य कर रहे अनुष्ठान

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चढ़ावा चोरी की घटना के बाद मंदिर की धार्मिक परंपराओं के अनुरूप नौ दिवसीय प्रायश्चित पूजन शुरू कराया गया है। यह अनुष्ठान गुप्त नवरात्र के अवसर पर शुरू हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से गुप्त नवरात्र के शुभारंभ पर 15 जुलाई को शुरू कराए गए अनुष्ठान का समापन 23 जुलाई को होगा। अनुष्ठान में भगवान श्रीराम का विशेष पूजन किया जा रहा है और उनसे वैदिक क्रियाओं के माध्यम से क्षमा मांगी जा रही है और परिसर का शुद्धिकरण कराया जाएगा।

इस विशेष अनुष्ठान में मंदिर परिसर के भीतर और आसपास कुल 70 वैदिक आचार्य शामिल होकर वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर रहे हैं। प्रायश्चित पूजन राम मंदिर के गर्भगृह, यज्ञ मंडप और परकोटा के शिव मंदिर में एक साथ संपन्न कराया जा रहा है। अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, रुद्राभिषेक और भगवान श्रीराम का विशेष पूजन किया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिर में किसी भी प्रकार की अशुभ या अपवित्र मानी जाने वाली घटना के बाद शुद्धिकरण और प्रायश्चित के लिए ऐसे अनुष्ठान कराए जाते हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि इस अनुष्ठान का उद्देश्य भगवान के समक्ष क्षमा-याचना के साथ मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा और पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखना है।

अनुष्ठान में शामिल आचार्य विट्ठल ने बताया कि प्रायश्चित का सबसे बड़ा अर्थ अपनी भूल को स्वीकार कर उसे दोबारा न होने देना है। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान सुबह नौ से 12:30 बजे और दोपहर 3:30 बजे से सात बजे तक हो रहा है। प्रायश्चित पूजन में दिल्ली, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से 10 आचार्य शामिल हैं। शेष आचार्य अन्य अनुष्ठानों में लगे हैं।

### अकाउंटिंग व्यवस्था पर अंतरिम महासचिव की सीधी नजर



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव डॉ. कृष्ण मोहन इन दिनों राम मंदिर की वित्तीय एवं लेखा व्यवस्था को दुरुस्त करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह इन दिनों मंदिर परिसर की अपेक्षा ट्रस्ट के अकाउंट कार्यालय में अधिक समय दे रहे हैं और रोजाना लेखा अनुभाग के कर्मचारियों तथा बैंक अधिकारियों के साथ बैठकों के जरिये पूरी अकाउंटिंग व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि चढ़ावा व्यवस्था और वित्तीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक दिन खातों के मिलान, बैंकिंग प्रक्रिया, रिकॉर्ड के सत्यापन और अन्य वित्तीय पहलुओं की समीक्षा की जा रही है।

## कलंक से मुक्ति की साधना... अयोध्या में चातुर्मास करेंगे चंपत

■ 4 माह रामलला की शरण में रहेंगे, रामचरितमानस पाठ, मंत्र जाप और तपस्या का लिया संकल्प

नितिन मिश्र

अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण की एसआईटी जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने अपने जीवन का पहला चातुर्मास अयोध्या में करने का निर्णय लिया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार 25 जुलाई से शुरू होकर 21 नवंबर (देवउठनी एकादशी) तक चलने वाले इस चार माह के कालखंड में वह अयोध्या नहीं छोड़ेंगे और रामलला की शरण में रहकर साधना, मंत्र जाप, रामचरितमानस का नियमित पाठ तथा सात्विक जीवनचर्या का पालन करेंगे चंपत 23 जून से ही राम मंदिर से सटे रामकोट स्थित तीर्थ क्षेत्र भवन में एक तरह से एकांतवास में हैं। बताया जा रहा है कि वह प्रतिदिन लगभग चार घंटे तक साधना करते हैं। सुबह राम मंत्र का जाप और



रामचरितमानस का पाठ करते हैं, जबकि शाम के समय ही सीमित लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। अब चातुर्मास के दौरान एक ही स्थान पर रहकर तपस्या करने का उनका निर्णय कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मान्यता है कि चातुर्मास के दौरान जप, तप, दान, व्रत और भगवान की आराधना से व्यक्ति अपने दोषों का परिमार्जन करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का प्रयास करता है। चंपत ऐसे समय में चातुर्मास कर रहे हैं, जब राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर उन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और एसआईटी की जांच जारी है।

## एसआईटी की गणना में बैंक के नियमित कर्मियों की ड्यूटी लगवाने की सिफारिश

**लखनऊ।** गणना प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो इसको लेकर एसआईटी ने विस्तृत जांच में कई अहम सिफारिशें की हैं। अब गणना में जो बैंक कर्मी लगाए जाएंगे, वे नियमित कर्मचारी होंगे। इनकी ड्यूटी बदलती रहेगी। हर पंद्रह दिनों में इन कर्मचारियों को बदला जाएगा। बैंक की तरफ से निगरानी के लिए एक अधिकारी भी तैनात होगा। एसआईटी ने इसके अलावा भी कई अहम सिफारिशें की हैं, जो जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद लागू की जाएंगी। चढ़ावा चोरी की घटना में जो छह गणना कर्मी जेल गए हैं, वे लिखा-पढ़ी में हाउसकीपिंग के कार्य के लिए भर्ती किए गए थे

**ट्रस्ट के जो पदाधिकारी एमओयू करेंगे उनकी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, कई और सिफारिशें भी की**

गणना की ड्यूटी उनसे ट्रस्ट के पदाधिकारी करवा रहे थे। एसआईटी ने इसको सबसे बड़ी लापरवाही में से एक माना है। लिहाजा इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई बिंदुओं पर सिफारिश की है। पहला बिंदु यह है कि नियमित बैंक कर्मी ही इसमें तैनात किए जाएंगे। जो कर्मी होंगे उनमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों का किसी तरह का हस्ताक्षेप नहीं होगा। दान पात्रों की चाबी ट्रस्ट के एक पदाधिकारी के पास होगी, जिसकी निगरानी में ही गणना होगी। ब्यूरो

### अभी तक नहीं सौंपी गई रिपोर्ट

■ *एसआईटी की विस्तृत जांच करने की तारीख 15 जुलाई थी, जो बीत चुकी है। इसके बाद अब रिपोर्ट शासन को सौंपी जानी है। पहले यह बताया जा रहा था कि इस हफ्ते रिपोर्ट सौंप दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, कुछ ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि एसआईटी ने थोड़ा समय मांगा है। उसके बाद यह रिपोर्ट कोर्ट में सुनवाई के दौरान पेश की जाएगी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं है। सीधे कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने की बात सिर्फ चर्चा ही लग रही है। एसआईटी से जुड़े अफसर इसको लेकर कुछ नहीं बोल रहे हैं।*

### हिंदू महासभा ने की ट्रस्ट भंग करने की मांग

**अयोध्या।** हिंदू महासभा ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पंजीकरण तत्काल रद्द करने की मांग की है। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली के उप निबंधक भास्कर प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार, चोरी और गबन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों की मिलीभगत से राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, पैसों का गबन और दान की वस्तुओं में हेराफेरी हुई है। ट्रस्ट पर जमीन खरीद में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के साक्ष्य होने का दावा है। आरोप है कि संदेह के घेरे में रही कंपनियों को निर्माण कार्य देकर सदस्यों ने कमीशन प्राप्त किया। मनीष पांडेय ने चेतावनी दी कि ट्रस्ट भंग न होने पर लूटपाट जारी रहेगी। कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी पर दायित्वों की पूर्ति न करने का आरोप है। संवाद

### जिम्मेदारी तय होनी चाहिए

**अयोध्या।** गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जनजागरण यात्रा रुदौली पहुंची। शंकराचार्य ने राम मंदिर में कथित दान चोरी पर जिम्मेदारी तय करने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरफ्तार लोग केवल बलि का बकरा हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर शंकराचार्य ने कहा कि हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर कभी नमाज नहीं पढ़ी गई। उन्होंने दान चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। कथित प्रायश्चित अनुष्ठान पर सवाल उठाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। शंकराचार्य ने अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को शास्त्रसम्मत नहीं बताया। मिल्कीपुर में शंकराचार्य ने राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी पर गंभीर आरोप लगाए। संवाद



## 39 घंटे की पुलिस कस्टडी में होगी टिन्नू व मनीष से पूछताछ



टिन्नू यादव



मनीष यादव

**अयोध्या।** जेल में बंद राम शंकर उर्फ टिन्नू यादव और मनीष यादव आरोपी हैं। पुलिस ने इनकी सात दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी। अदालत ने 39 घंटे की रिमांड मंजूर की है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट रजत वर्मा ने पारित किया। उन्होंने विशेष अभियोजन अधिकारी और बचाव पक्ष के लीगल एड डिफेंस काउंसिल उप मुख्य कुलशेखर सिंह के तर्कों को सुना। जेल में बंद टिन्नू और मनीष को पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजा गया है। यह रिमांड 18 जुलाई की सुबह 8:00 बजे से प्रभावी होगी। यह अगले दिन 19 जुलाई को रात 11 बजे तक जारी रहेगी।

### लवकुश व अनुकल्प की मिली है सबसे अधिक 40 घंटे की पुलिस कस्टडी

*26 जून से जिला कारागार में निरुद्ध आठ आरोपियों में से अब तक छह आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की जा चुकी है। आरोपी अविनाश शुक्ला की सबसे कम 13 घंटे वहीं लवकुश, अनुकल्प व करुणेश की सबसे अधिक 40 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड की मंजूरी अदालत ने दिया था। जबकि आरोपी सुभाष श्रीवास्तव व रमाशंकर मिश्रा की 14 घंटे के लिए ही पुलिस कस्टडी रिमांड की स्वीकृति ही अदालत से मिल पाई थी।*

# ट्रेन से कूदकर भागे, बच्चे को बनाया ढाल...दो बदमाश ढेर

## फिरोजाबाद-इटावा पुलिस की कार्रवाई, बदमाशों पर 25-25 हजार का था इनाम, फायरिंग में दो एसओजी जवान घायल...झारखंड जा रहे थे दोनों

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)।** फिरोजाबाद पुलिस और इटावा जिले की एसओजी व सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को झारखंड भाग रहे 25-25 हजार के दो इनामी बदमाशों को मार गिराया। मारे गए बदमाशों की पहचान सुमित यादव उर्फ विवेक निवासी नगला हरनाथ सैफई, इटावा और अंकित उर्फ सीपू निवासी मोतीगंज, भरथना, इटावा के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग में इटावा एसओजी टीम के दो सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, बीती 3 जुलाई को थाना इकदिल क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी में एक डॉक्टर से दिनदहाड़े चेन की लूट हुई थी। इस घटना में फरार अंकित और थाना चौबिया के एक अन्य लूट मामले में फरार सुमित यादव के संबंध में इटावा पुलिस को इनपुट मिला था कि दोनों गाजियाबाद से संभलपुर एक्सप्रेस से झारखंड भाग रहे हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडीजी आगरा जोन एसके भगत, डीआईजी आगरा शैलेश कुमार पांडेय, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद, एसएसपी फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे और एसएसपी इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।



बदमाश सुमित



अंकित। फाइल

### बाइक छीन भागे, पेट्रोल हो गया खत्म

सिपाही पुष्पेंद्र के घायल होने के बाद भी पुलिस ने बदमाशों का पीछा जारी रखा। स्टेशन से भागकर बदमाशों ने स्वामी नगर के पास एक राजमिस्त्री से हथियार के बल पर बाइक लूटी लेकिन कुछ ही दूरी पर बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया।

### बच्चे की आड़ लेकर पुलिस पर फायरिंग

पेट्रोल होते ही बदमाश भागते हुए प्राथमिक विद्यालय नीम खेरिया की बाउंड्रीवाल लांघकर भीतर घुस गए और वहां एक मासूम बच्चे को बंधक बनाकर उसकी आड़ से पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने पहले बच्चे को मुक्त कराया। इसके बाद घबराए बदमाश अलग-अलग दिशाओं में भागे। एसओजी इटावा ने पहली घेराबंदी कर नीम खेरिया के एक चरी के खेत में अंकित उर्फ सीपू को मार गिराया। वहीं, दूसरी तरफ भाग रहे सुमित को नगला कनही गांव के एक खेत में ढेर कर दिया।

## सोना पप्पू के खिलाफ ईडी की 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के कारोबारी विश्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू के खिलाफ जमीन कब्जा, रंगदारी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में 100 पन्नों की दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सोना पप्पू और उसके सहयोगियों ने 37 करोड़ 76 लाख 74 हजार रुपये की हेराफेरी की है। 200 लोगों के बयान के आधार पर तैयार यह चार्जशीट शुक्रवार को न्याय भवन स्थित विशेष अदालत में दाखिल की गई। फिलहाल जेल में बंद सोना पप्पू प्रभाव और दबाव का इस्तेमाल कर जमीनों पर कब्जा करता था। चार्जशीट में पूर्व पुलिस अधिकारी शांतनु सिंह विश्वास और कारोबारी जय कामदार की भूमिका का भी जिक्र है। दोनों ने सोना पप्पू को संरक्षण और सहयोग उपलब्ध कराया। एजेंसी गिरफ्तार कर आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। ब्यूरो

## ऑरोविले टेलीविजन का पुडुचेरी के एलजी कैलाशनाथन ने किया उद्घाटन

**पुडुचेरी।** अपने वैश्विक दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑरोविले ने अपने टेलीविजन की आधिकारिक शुरुआत की है। पुडुचेरी के उपराज्यपाल (एलजी) के. कैलाशनाथन (आईएएस) ने शुक्रवार को इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के जरिये इस वैश्विक शहर के आदर्श, संस्कृति और प्रगति दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगी।

ऑरोविले फाउंडेशन की सचिव डॉ. जयंती एस रवि (आईएएस) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि श्री अरविंद ने अपने महाकाव्य सावित्री में टेलीविजन शब्द का उल्लेख केवल एक भौतिक उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अवधारणा (जैसे महाभारत में संजय की दिव्य दृष्टि) के रूप में किया था। उन्होंने कहा कि इस चैनल का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप भौतिक दुनिया को दिव्यता से जोड़ना और धरती पर एक दिव्य जीवन की संभावना को प्रदर्शित करना है। उन्होंने बताया कि चैनल का कंटेंट माताजी के चार रूपों ज्ञान, साहस, महालक्ष्मी (समृद्धि) और महासरस्वती (ईमानदारी) पर आधारित होगा। एजेंसी



कहा- इसके जरिये वैश्विक शहर के आदर्श दुनिया भर में पहुंचेंगे

# प्रेमी संग मिलकर स्कूल संचालक पति की हत्या पहले दीं नींद की गोलियां फिर सांप से डसवाया

## हस्तिनापुर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने पत्नी, प्रेमी व दो सपेरों को किया गिरफ्तार

**मेरठ।** हस्तिनापुर थानाक्षेत्र के जे ब्लॉक कॉलोनी में पत्नी दामिनी ने प्रेमी बस चालक तुषार के साथ मिलकर स्कूल संचालक अपने पति अतुल कुमार पंवार (32) की हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले अतुल को दूध में नींद की गोलियां खिलाईं और फिर सोते समय सांप से डसवाकर उनकी जान ले ली। दामिनी, प्रेमी तुषार, दो सपेरे सोनू और उदय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या को अंजाम देने के लिए तुषार ने अपने सपेरे दोस्तों की मदद ली। दोनों सपेरे हस्तिनापुर निवासी है।

मृतक अतुल कुमार मूल रूप से बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव भंडोरा के रहने वाले थे। वे अपनी पत्नी दामिनी और छह वर्षीय बेटे मानिक के साथ जे ब्लॉक कॉलोनी में किराये के मकान में रहते थे। अतुल कस्बे में एक निजी स्कूल का संचालन करते थे। शुक्रवार सुबह अतुल अपने कमरे में मृत मिले। पत्नी दामिनी ने शुरू में यह कहकर घटना बताई कि अतुल को सांप ने डस लिया है। अतुल के बिस्तर पर एक सांप भी मिला जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने मार डाला। अतुल के हाथ और पैर पर सांप के डसने के निशान भी थे जिससे शुरुआत में मामला सामान्य सर्पदंश जैसा प्रतीत हुआ। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच मृतक के पिता अजब सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बहू दामिनी ने ही उनके बेटे की हत्या की है। संवाद



अतुल व दामिनी

### आठ साल पहले हुआ था प्रेम विवाह

*अतुल और दामिनी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। दोनों मिल-जुलकर कस्बे में स्कूल का संचालन कर रहे थे। लेकिन पत्नी के अवैध संबंधों ने इस रिश्ते को इतने क्रूर अंजाम तक पहुंचा दिया। एसपी देहात का कहना है कि अतुल को सांप से डसवाकर मारा गया। अतुल की गला दबाया था या नहीं। इसको लेकर पत्नी, आरोपी प्रेमी और दोनों सपेरों से पूछताछ की जा रही है।*

### 20 लाख का बीमा लेने की थी योजना

स्कूल संचालक ने एक कंपनी से अपना 20 लाख रुपये का बीमा करा रखा था। महिला ने प्रेमी को बीमे की जानकारी दी थी। इसके बाद दोनों ने युवक को रास्ते से हटाने की योजना बनानी शुरू कर दी थी। आरोपियों के अनुसार दोनों बीमे के पैसे लेकर नई जिंदगी शुरू करने की योजना बना रहे थे। प्रेमी अपनी पत्नी से तलाक लेने की तैयारी कर रहा था। आरोपियों ने सपेरों को 15 हजार रुपये का लालच दिया था।

### दामिनी ने रचा था नाटक

खुद पर शक न आए इसके लिए दामिनी ने बड़ी चालाकी से पूरा नाटक रचा। उसने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार रात गर्मी अधिक होने के कारण वह अपने बेटे मानिक के साथ कमरे से बाहर जाकर सो गई थी जबकि अतुल कमरे के अंदर ही सोए हुए थे। दामिनी के अनुसार शुक्रवार सुबह जब वह चाय लेकर कमरे में पहुंची तो अतुल अचेत अवस्था में मिले। शोर मचाने पर आसपास के लोग तुरंत मौके पर जुट गए और अतुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन पुलिस की गहन पूछताछ और जांच में कुछ ही घंटों के भीतर यह मामला हत्या का निकला।

## मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति और प्रमोशन के नियम बदले

**नई दिल्ली।** देश के मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति और प्रमोशन की प्रक्रिया को तेज और जवाबदेह बनाने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने बड़ा बदलाव किया है। अब फैकल्टी की नियुक्ति या प्रमोशन से जुड़े सामान्य मामलों में एनएमसी पात्रता प्रमाणपत्र या स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगा। ऐसे मामलों का फैसला संबंधित मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय या नियुक्ति प्राधिकरण को ही करना होगा।

आयोग केवल उन्हीं मामलों में हस्तक्षेप करेगा, जहां नियमों की व्याख्या को लेकर वास्तविक भ्रम या जटिलता होगी। आयोग ने इसको लेकर सभी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को पत्र जारी किया है। यह व्यवस्था मेडिकल इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशन-2025 के तहत तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। एनएमसी ने कहा है कि बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज, शिक्षक और अन्य संस्थाएं नियुक्ति व प्रमोशन के लिए पात्रता संबंधी स्पष्टीकरण मांग रही थीं, जबकि अधिकांश मामलों का फैसला मौजूदा नियमों के आधार पर संबंधित संस्थान स्वयं कर सकते हैं। इसलिए अब ऐसे सामान्य मामलों में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ब्यूरो

## राकांपा में दोनों गुटों के विलय की चर्चा तेज

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से दोनों गुटों के नेताओं की अलग-अलग मुलाकातों के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हुई हैं। राकांपा (एसपी) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटिल ने बीते मंगलवार को मुख्यमंत्री फडणवीस से उनके सरकारी आवास वर्षा पर मुलाकात की थी। इस दौरान राकांपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश राकांपा अध्यक्ष सुनील तटकरे भी मौजूद थे। इसके बाद, बृहस्पतिवार को जयंत पाटिल और जितेन्द्र आव्हाड ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके निवास नंदनवन पर 45 मिनट तक बातचीत की। ब्यूरो


**थाना सैक्टर 9ए — जिला गुरुग्राम**

**शिकायतकर्ता:-** धनंजय कहार पुत्र श्री मुसाफिर कहार निवासी गाँव बड्डी थाना शिवसागर जिला रोहताश बिहार हाल किरायेदार बिशम भारद्वाज का द्रोणा पब्लिक स्कूल रवि नगर थाना सैक्टर 9ए जिला गुरुग्राम

**अभियोग संख्या:-169 दिनाँक 09-06-2026 धारा 127 (6) BNS थाना सैक्टर 9ए गुरुग्राम**

**आमजन सूचना**

आप सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अभियोग उपरोक्त में शिकायतकर्ता धनंजय कहार उपरोक्त का लड़का बशु कुमार जो कि दिमाग से कमजोर है जो दिनांक 31-05-2026 को दिन के समय अपने घर पर बिना बताए कहीं पर चला गया है। जिसने लाइनदार टी शर्ट, नीले रंग का लोवर पहन रखा है।

**पहचान:-** रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, ठोडी पर पुरानी चोट का निशान कद करीब 5 फूट 5 इंच, उम्र 22 साल हैं। अगर किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई सूचना मिले तो प्रबंधक अफसर थाना सैक्टर 9ए गुरुग्राम व अनुसंधान अधिकारी को निम्न मोबाइल नंबरो पर सूचित करें।

प्रबंधक अफसर थाना सैक्टर 9ए गुरुग्राम

**मोबाईल न. 9205892117**

**अनुसंधान अधिकारी मोबाईल न.-9467786147**



**BHAJAN LAL ASI**
**थाना सैक्टर 9ए गुरुग्राम**
**दिनांक:-09-06-2026**

PRDH:-1084/11/5045/2027/47299/1/7 DT.17/07/2026



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 से 02 हेतु 27.07.2026 एवं सरल क्र. 03 से 07 हेतु 30.07.2026 एवं सरल क्र. 08 से 09 हेतु 05.08.2026** तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | नि.आ.सू. क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 210 | सेलर बरभांठा मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। **छठवां आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर । मद संख्या -24-5054-2457** | 126.30 |
| 2 | 211 | जिला बिलासपुर के लिम्हा से बरपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी. का -कार्य। **पंचम आमंत्रण। संभाग क्र. - 1 बिलासपुर । मद संख्या 24-5054-2457** | 101.61 |
| 3 | 212 | जिला रायगढ़ के छुहीपाली से राजघाट मार्ग लंबाई 2.50 किमी. निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ । मद संख्या 24-5054-1222 -** | 179.91 |
| 4 | 213 | जिला रायगढ़ के सियारपाली पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 किमी निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ । मद संख्या 24-5054-1222** | 119.04 |
| 5 | 214 | जिला रायगढ़ के विश्वनाथपाली से कोसमपाली मार्ग लंबाई 2.00 किमी. कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ । मद संख्या 24-5054-1222** | 180.00 |
| 6 | 215 | जिला रायगढ़ के सकरबोगा दारँगडीपा पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 किमी. कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या -24-5054-1222** | 192.76 |
| 7 | 216 | जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ कापू मार्ग के पहाड़ी क्षेत्र किमी. 24/10 में दुर्घटनाजन्य भाग कों निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ । मद संख्या - 8443 जमा मद** | 40.88 |
| 8 | 217 | औराईकला-उसलापुर-जर्वे मार्ग के कि.मी. 9/8 में विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या 24-5054-4090** | 12.19 |
| 9 | 218 | जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बिलासपुर में सैनिक विश्रामगृह / एकीकृत सैनिक परिसर के लिए कमरों का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. - 1 बिलासपुर । मद संख्या 67-4059-9262** | 31.06 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-262702208/1






**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:** JRDA/CIVIL/26-27/16/187

**Date:** 15.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Rural Water Supply Scheme with Solar Motor Pump and Supply & Installation of associated materials at Belgaria Township, Dhanbad. |
| 2. | Estimated Cost | Rs.1,33,89,607.38 |
| 3. | EMD | Rs. 2,67,800.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 02 months |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 22.07.2026 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 05.08.2026 at 05:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 07.08.2026 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

**Note :** 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

**Head of Department (Civil),** JRDA, Dhanbad

PR 385147 District(26-27)#D



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य अभियंता / निर्माण / आरएसपी / एनआर, 901 बी, टॉवर– I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली–110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | उत्तरी रेलवे के रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट्स यूनिट (RSPU), नई दिल्ली के अंतर्गत 3 सड़क ऊपरी पुल (ROB) का निर्माण, जिसमें–फिरोजपुर मंडल के जालंधर कैंट–होशियारपुर खंड पर कि.मी. 18/1–2 स्थित समपार फाटक संख्या C–28 के स्थान पर 2–लेन सड़क ऊपरी पुल (ROB) का निर्माण। अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड पर कि.मी. 71.461 स्थित समपार फाटक संख्या 48 के स्थान पर 2–लेन सड़क ऊपरी पुल (ROB) का निर्माण। अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड पर कि.मी. 86.541 स्थित समपार फाटक संख्या 58 के स्थान पर 2–लेन सड़क ऊपरी पुल (ROB) का निर्माण (सीमित ऊंचाई वाले सबवे (LHS) सहित)। |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | 1,45,17,58,240.51/- रुपये मात्र (एक सौ पैंतालीस करोड़ सत्रह लाख अट्ठावन हजार दो सौ चालीस रुपये एवं इक्यावन पैसे मात्र) |
| 3 | कार्य समाप्ति अवधि | 18 महीने की अवधि |
| 4 | बयाना राशि | 2,90,35,200.00/- मात्र रुपये (दो करोड़ नब्बे लाख पैंतीस हजार दो सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री / उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 17.07.2026 से 08.08.2026 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 08.08.2026, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.08.2026, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |
| 8 | पूर्व–निविदा बैठक | दिनांक: 22.07.2026 समय: 11:30 बजे से 12:30 बजे तक स्थान: सीएओ/सी/आरएसपी कार्यालय, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी भवन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली – 110002 तथा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) लिंक के माध्यम से (uploaded on IREPS)। |

पत्रांक: 29-W-09-2026-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 17.07.2026 2481/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाईट | नोडल अधिकारी /संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि बल्लभगढ़ सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि. बल्लभगढ़ (वीटा) | सीएक्यूएम निर्देशन सं.-98 एवं सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये बॉयलर उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिये एनसीपी द्वारा अनुमोदित अनुसार या बैग हाउस फिल्टर सिस्टम वाले रेट्रोफिटेड एपीसीडी की आपूर्ति, संस्थापन परीक्षण एवं चालू करना (बल्लभगढ़) | 16.07.2026 30.07.2026 | Rs. 80,000/- | www.vitaindia.org.in | 9968604717 vitablb@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in व www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।

PRDH:-13/2027/40/47277/I/1/7 Dt.17/07/2026



**कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून**

संख्या: 8227/सात लाई०-48/आबकारी नीति-2025/ देहरादून: दिनांक: 17 जुलाई, 2026

**सार्वजनिक विज्ञप्ति शुद्धि पत्र**

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड के पत्रांक 8177/सात लाई०-48/आबकारी नीति-2025/देहरादून दिनांक जुलाई 16, 2026 के द्वारा सार्वजनिक विज्ञप्ति में उल्लिखित कि उक्त विज्ञप्ति विभागीय वेबसाइट www.uttrakhandexcise.org.in व www.uk.nic.in पर भी उपलब्ध है त्रुटिवश अंकित हो गया था, इसके स्थान पर विभागीय वैवसाईड www.uttrakhandexcise.org.in व uk.gov.in पर भी उपलब्ध है, पढ़ा जाये।

(अनुराधा पाल)
आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड

# संघ किसी को भी धर्म के आधार पर नहीं परखता : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने संघ के 100 वर्ष के सफर पर पुस्तक का किया विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन व रक्षा मंत्री राजनाथ।

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी भी व्यक्ति को उसके धर्म के आधार पर नहीं परखता है। सिर्फ यही चाहता है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण हो। उसने हमेशा ही समाज में सामंजस्य, एकता और अनुशासन और सद्भाव के लिए ही प्रयास किया है। वह शुक्रवार को आरएसएस के 100 वर्ष : एक सदी संकल्प की नामक पुस्तक के लोकार्पण के मौके पर संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आरएसएस 100 वर्षों से अनवरत देश और समाज के लिए सेवा कार्य कर रहा है। लेकिन उसके बारे में आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग या तो अनभिज्ञ है या फिर भ्रामक जानकारी रखता है।

संघ का विचार सभी को एक जैसा बनाने का नहीं है, बल्कि सबको एक सूत्र में जोड़ने का है। संघ एकरूपता की नहीं, बल्कि एकात्मता की बात करता है। करीब 101 वर्ष पहले, 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में जो बीज बोया था, वह आज एक वटवृक्ष बन चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर स्वयंसेवी संगठन बन चुका है। राजनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र रक्षा में संघ के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. हेडगेवार स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जेल गए थे और भारत छोड़ो आंदोलन में स्वयंसेवकों ने क्रांतिकारियों को पनाह दी थी। ब्यूरो

### आरएसएस ने सेवा, एकता व त्याग की भावना को सुदृढ़ किया : राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि संघ की सौ वर्षों की यात्रा भारत की सांस्कृतिक जड़ें व विरासत मजबूत करने की रही है। सेवा, एकता व त्याग के मूल आदर्शों ने स्वयंसेवकों की पीढ़ियों को प्रेरित किया है। तमिल कविता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उसमें संघ की तुलना पवित्र गंगा से की गई है, जो दूसरों के कल्याण के लिए निरंतर प्रवाहित होती है। राधाकृष्णन ने शुक्रवार को पुस्तक विमोचन करते हुए कहा कि उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ दीर्घकालिक जुड़ाव रहा है। इसकी सेवा समाज के प्रति निस्वार्थ प्रतिबद्धता को दर्शाती है; एकता भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता से ऊपर उठकर बंधनों को मजबूत करती है और त्याग हमें स्मरण कराता है कि स्थायी संस्थाएं समर्पण, दृढ़ता और निस्वार्थ प्रयास से ही बनाई जाती हैं।

■ उपराष्ट्रपति ने आरएसएस द्वारा चरित्र-निर्माण और नेतृत्व विकास पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि संस्थाएं तभी जीवित रहती हैं जब उन्हें दृढ़विश्वास, प्रतिबद्धता और आम लोगों की बड़े उद्देश्यों के लिए काम करने की इच्छा का समर्थन मिले।

# तेल संकट के बावजूद रेल रुकी न विकास की गाड़ी : मोदी

## बोले-पश्चिम एशिया संकट 2014 से पहले आता तो भारत की ट्रेनें ठप हो जातीं

अमर उजाला ब्यूरो

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद जींद में पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते तेल संकट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज समुद्री मार्ग पर खतरा बना हुआ है, जहां से भारत बड़ी मात्रा में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और खाद का आयात करता है। मोदी ने कहा कि यदि 2014 से पहले ऐसी स्थिति पैदा होती तो ट्रेनें ठप हो जातीं। देश के सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाता मगर आज भारत पहले से तैयार है।

मोदी ने कहा कि यह 2014 से पहले का भारत नहीं, ये मोदी है, जो पहले सोचता भी है और समस्याओं का समाधान जमीन पर उतारता भी है। वैश्विक तेल संकट के बावजूद भारत की रेल नहीं रुकी और विकास की गाड़ी अटकी नहीं। प्रधानमंत्री ने जींद से हरियाणा में 14,721 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।


हाइड्रोजन ट्रेन में छात्राओं से बात करते पीएम मोदी।

**पहले की रफ्तार होती तो रेलवे के बिजलीकरण में 300 साल लगते**

पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा, रेलवे में बिजलीकरण की शुरुआत 1925 में हुई थी, लेकिन 2014 तक केवल 30 फीसदी रेल नेटवर्क का ही बिजलीकरण हो पाया था। उस समय 70 फीसदी ट्रेनें डीजल से चलती थीं। अगर पहले की ही रफ्तार से काम चलता रहता तो पूरे रेल नेटवर्क का बिजलीकरण करने में 300 साल लग जाते। मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के 99 फीसदी रेलवे नेटवर्क का बिजलीकरण पूरा हो चुका है।

## न्यूज डायरी

### झारखंड : गिरिडीह में 25 लाख का इनामी नक्सली अजय महतो गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह जिले में सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली अजय महतो



उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया है। वह प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य है। उस पर विभिन्न जिलों में 240 से अधिक केस दर्ज हैं। सीआरपीएफ और पुलिस ने बृहस्पतिवार को हरलाडीह चौकी क्षेत्र के एक घर में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर उसे दबोचा। एजेंसी

### बद्रीनाथ धाम : चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व मंदिर अधिकारी गिरफ्तार

**गोपेश्वर/बदरीनाथ।** बदरीनाथ मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने पूर्व मंदिर अधिकारी व तत्कालीन थाली भेंट गणना प्रभारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज, दस्तावेज और मौखिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने आरोपी से करीब चार घंटे तक गहन पूछताछ भी की। इस मामले में संलिप्त एक अन्य भी पुलिस के रडार पर है। संवाद

### होटल की लिफ्ट में फंसे शशि थरूर, दमकल विभाग ने सुरक्षित निकाला बाहर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर शुक्रवार शाम केरल के एक होटल की लिफ्ट में फंस गए। वे एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तिरुवनंतपुरम दमकल केंद्र को शाम 7:37 बजे इसकी सूचना मिली। होटल स्टाफ और मैकेनिकों के नाकाम रहने पर दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकलकर्मियों ने हाइड्रोलिक स्प्रेडर की मदद से शाम 7:51 बजे लिफ्ट का दरवाजा खोला। लिफ्ट पूरी तरह मंजिल तक नहीं पहुंची थी। सुरक्षित बाहर आने पर थरूर ने मुस्कुराते हुए मीडियाकर्मियों को बताया कि सभी लोग पूरी तरह ठीक हैं। एजेंसी

### अवैध खनन : बिहार दिल्ली व राजस्थान में आठ ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 131 करोड़ के अवैध बालू खनन मामले में बिहार, दिल्ली और राजस्थान में आठ ठिकानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई बिहार की महादेव एन्क्लेव प्रा.लि. से जुड़े मामले में की गई। अधिकारियों के अनुसार कंपनी का नियंत्रण राजस्थान के श्रीगंगानगर के चंडक परिवार के पास है। परिवार का नेतृत्व अशोक चंडक और उनके बेटे राघव चंडक करते हैं। ईडी की पटना जोनल कार्यालय की टीम ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा-17 के तहत यह कार्रवाई की। ब्यूरो

# नगरपालिकाओं के नामित सदस्य विधान परिषद चुनाव में वोट देने के हकदार नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-नामित सदस्यों को मतदान का अधिकार देने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर होगी

अमर उजाला ब्यूरो

**मामला 1**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नगरपालिकाओं के नामित सदस्य विधान परिषद चुनाव में वोट देने के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने 2021 के चुनाव में वोटों की दोबारा गिनती के खिलाफ भाजपा के कर्नाटक विधान परिषद (केएलसी) सदस्य प्राणेश एमके की अपील को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के एकल जज की पीठ और बाद में खंडपीठ के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें 3 जनवरी, 2022 और 20 अप्रैल, 2023 को दिए गए फैसलों में वोटर लिस्ट में 12 नामित सदस्यों को शामिल करने को असांविधानिक घोषित किया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने बृहस्पतिवार को सुनाए एक आदेश में कहा, कर्नाटक नगरपालिका अधिनियम की धारा 352(1)(बी) के तहत चार नगर पंचायतों में नियुक्त 12 नामित सदस्य वोट देने के लिए अयोग्य थे और विधान परिषद चुनाव की वोटर लिस्ट में शामिल होने के हकदार नहीं थे। उन्हें शामिल करना सांविधानिक व्यवस्था के खिलाफ था और इसे कानूनन सही नहीं ठहराया जा सकता। चार नगर पंचायतों के 12 नामित सदस्यों के वोट करने के बाद प्राणेश छह वोटों के मामूली अंतर से विधान परिषद सदस्य चुने गए थे।

पीठ ने कहा, अहम सवाल यह है कि क्या संविधान के तहत नगर निगम के मामलों में मतदान करने से प्रतिबंधित लोग विधान परिषद के सदस्यों के चुनाव में मतदान कर सकते हैं। हमारे विचार से इसका जवाब निश्चित रूप से 'नहीं' है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 171(3)(ए) का मकसद सिर्फ स्थानीय प्राधिकारियों को संस्थाओं के तौर पर प्रतिनिधित्व देना नहीं है, बल्कि विधान परिषद में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी है। चूंकि नामित सदस्य लोकतांत्रिक तरीके से नहीं चुने जाते और निकाय के अपने मामलों में वोट नहीं दे सकते, इसलिए उन्हें विधान परिषद चुनावों में हिस्सा लेने की इजाजत देने से चुनावी प्रक्रिया का लोकतांत्रिक स्वरूप कमजोर होगा और यह स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व मजबूत करने के सांविधानिक मकसद के खिलाफ होगा।

### ये था मामला

वर्ष 2021 में 12-चिकमंगलूर लोकल अथॉरिटीज निर्वाचन क्षेत्र सीट से कर्नाटक विधान परिषद के चुनाव के लिए 16 नवंबर, 2021 को अधिसूचना जारी हुई थी। वोटिंग 10 दिसंबर, 2021 को हुई और वोटों की गिनती 14 दिसंबर, 2021 को की गई। कुल 2,410 वोट डाले गए, जिनमें 2,371 वोट सही पाए गए। प्राणेश को 1,188 वोट मिले (जिनमें नामित सदस्यों के वोट भी शामिल थे), जबकि कांग्रेस उम्मीदवार एवी गायत्री को 1,182 वोट मिले और प्राणेश को छह वोटों के मामूली अंतर से विजेता घोषित किया गया। इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं में जिला पंचायत, तालुक पंचायत, नगर पालिका और टाउन पंचायत समेत कई स्थानीय निकायों के सदस्य शामिल थे। इनमें कोप्पा, मुदिगेरे, श्रृंगेरी और नरसिम्हराजपुरा टाउन पंचायतों में कर्नाटक सरकार ने तीन-तीन सदस्यों को नामित किया था। इनके नाम भी वोटर लिस्ट में शामिल किए गए थे। नतीजे घोषित होने के बाद, नामित सदस्यों को शामिल करने और उनके वोटिंग अधिकारों को चुनौती दी गई और हाईकोर्ट जनवरी, 2025 में 12 नामित सदस्यों के वोट हटाकर मतों की दोबारा गिनती करने का निर्देश दिया। प्राणेश ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### आसाराम की सेहत की पूरी जानकारी दें कोई अप्रिय स्थिति नहीं होनी चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह नहीं चाहता कि आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर कोई अप्रिय घटना हो। अदालत ने राजस्थान सरकार से कहा कि वह उनकी मौजूदा स्वास्थ्य स्थिति पर पूरी जानकारी लेकर आए। अदालत आसाराम की स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

**मामला 2**

**राजस्थान सरकार से 20 जुलाई तक स्वास्थ्य संबंधी हलफनामा मांगा**

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की रिपोर्ट के अनुसार आसाराम को जीवनशैली में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेट संबंधी समस्या के कारण कुछ रक्तस्राव हुआ है, लेकिन यह अस्थायी है और उनका इलाज चल रहा है। इस पर पीठ ने कहा, हम नहीं चाहते कि बाद में किसी को दोष दिया जाए। कृपया उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में उचित निर्देश लेकर आइए। हम नहीं चाहते कि कोई अप्रिय स्थिति पैदा हो। अदालत ने राज्य सरकार से 20 जुलाई तक इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। ब्यूरो

### मुफ्त योजनाओं के चुनावी वादों वाली याचिका पर सुनवाई टली, कहा-मामलों का बोझ ज्यादा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त योजनाओं के वादों से जुड़ी जनहित याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग फिलहाल टाल दी। अदालत ने कहा कि

**मामला 3**

उसके सामने इस समय बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, इसलिए इस याचिका पर अभी सुनवाई नहीं की जा सकती। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी हो चुके हैं। ब्यूरो

### भारत में पहली बार कैंसर से उबरे बच्चों का डाटाबेस तैयार

**नई दिल्ली।** कैंसर से ठीक होने के बाद भी हर तीन में से एक बच्चे को भविष्य में इलाज के दुष्प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। इनमें से करीब आधे मामले जानलेवा भी हो सकते हैं। इन्हीं चुनौतियों को समझने और बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के नेतृत्व में भारत का पहला राष्ट्रीय चाइल्डहुड कैंसर सर्वाइवर डाटाबेस तैयार किया गया है।

कैंसर सर्वाइवर डाटाबेस में देश के 20 अस्पतालों के 5,400 से अधिक ऐसे बच्चों को शामिल किया गया है, जो कैंसर से उबरे हैं। डाटाबेस के जरिये एम्स के विशेषज्ञ कैंसर से उबर चुके बच्चों की निगरानी करेंगे ताकि समय रहते कैंसर के बाद होने वाली समस्याओं से निपटा जा सके। ब्यूरो

### राष्ट्रपति मुर्मू की यूरोप यात्रा से खुलेगी कारोबार की नई राह

**यूरोप के बाजार में प्रवेश का नया गेटवे बनेंगे बाल्कन देश**

आशुतोष भाटिया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मोल्दोवा, उत्तरी मैसेडोनिया और रोमानिया की यात्रा भारत के लिए यूरोपीय बाजार तक अपनी आर्थिक और रणनीतिक पहुंच मजबूत करने का जरिया बनने जा रही है। राष्ट्रपति की इन तीन देशों की यात्रा व्यापारिक कनेक्टिविटी के नए युग की शुरुआत करेगी।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने शुक्रवार को कहा कि रोमानिया यूरोप का एक प्रमुख परिवहन केंद्र है, जो पश्चिमी यूरोप को एशिया और मध्य-पूर्व से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण ट्रांजिट मार्गों पर स्थित है। उन्होंने कहा कि काला सागर तट पर स्थित रोमानिया का कॉन्स्टैंटा बंदरगाह यूरोपीय बाजार को मध्य एशिया और सुदूर पूर्व से जोड़ने वाला अहम प्रवेश द्वार है। भारतीय माल इस बंदरगाह के जरिये बेहद कम समय में यूरोप के मुख्य बाजारों तक पहुंच सकता है।

उत्तरी मैसिडोनिया जैसे देशों को यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में शुल्क मुक्त निर्यात की सुविधा है। ऐसे में यदि भारतीय कंपनियां वहां निवेश करती हैं तो उन्हें बिना किसी अतिरिक्त टैक्स बाधा के सीधे पूरे यूरोपीय संघ के विशाल बाजार तक पहुंच मिल जाएगी। मोल्दोवा भारतीय छात्रों के लिए मेडिकल की पढ़ाई का पसंदीदा केंद्र बनकर भी उभरा है। वहां पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र दोनों देशों के बीच सामाजिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं।

### वंदे मातरम...प्रधानमंत्री का लिखा संदेश लेकर आज रवाना होगा विक्रम-1

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। देश का पहला निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल-श्रेणी का रॉकेट विक्रम-1 शनिवार को अपनी पहली परीक्षण उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। मिशन की सबसे खास बात यह है कि यह रॉकेट अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा विशेष संदेश लेकर अंतरिक्ष में रवाना होगा, जिसकी शुरुआत वंदे मातरम से हुई है।

**निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ऑर्बिटल रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान को तैयार**

हैदराबाद स्थित कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करके बताया कि मिशन आगमन के तहत रवाना किया जा रहा रॉकेट उसकी टीम, निवेशकों, नीति निर्माताओं और दुनियाभर के शुभकामना संदेशों को लेकर अंतरिक्ष के सफर पर रवाना होगा। इसमें सबसे खास संदेश प्रधानमंत्री मोदी का होगा, जो उन्होंने एक पोस्टकार्ड पर लिखकर भेजा था। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में स्काईरूट के युवा वैज्ञानिकों की सराहना की है। विक्रम-1 शनिवार को सुबह 11:30 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। एजेंसी

### भगवान जगन्नाथ मौसी के घर पहुंचे, बहुड़ा यात्रा 24 को


पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के साथ शुक्रवार दोपहर मौसी के घर यानी गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। बृहस्पतिवार को सूर्यास्त हो जाने के कारण रथ रोक दिया गया था। शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ दोबारा रथ खींचना शुरु किया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासक अराबिंदा पाढ़ी ने बताया कि वापसी की बहुड़ा यात्रा 24 को होगी।

# जापान की ई-10 ट्रेन आने से पहले भारत की अपनी हाई स्पीड ट्रेन दौड़ेगी

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बुलेट ट्रेन पर पूर्व जापानी मंत्री की राय तथ्यों से परे, भारत और जापान के बीच बातचीत अच्छी तरह से जारी


देश की पहली बुलेट ट्रेन की पहली झलक। एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना पर जापान के पूर्व मंत्री हिदेकी माकिहारा के आरोपों को सिरे से नकार दिया। मंत्रालय ने कहा कि जापान के पूर्व मंत्री का बयान उनकी व्यक्तिगत राय और यह जमीनी सच्चाई व तथ्यों से काफी अलग है।

मंत्रालय में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमने उस सोशल मीडिया पोस्ट को देखा है, जिसमें जिक्र किया गया है। यह एक व्यक्ति की राय है और तथ्यों से काफी अलग है। उन्होंने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन को लेकर भारत और जापान के बीच बातचीत असल में अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। जापान ई-10 सीरीज की ट्रेनें भारत को देगा, लेकिन ये ट्रेनें अभी निर्माण के चरण में हैं और 2030 तक उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड ट्रेन कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। पहला सेक्शन 2027 में ही खोल दिया जाएगा। इसलिए दोनों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि शुरुआती ऑपरेशन मौजूदा उपलब्ध भारतीय हाई-स्पीड ट्रेनों के साथ शुरू किए जाएं, ताकि परियोजना में कोई देरी न हो। जायसवाल ने यह भी कहा कि पूर्व जापानी मंत्री का यह दावा कि भारत ने जापानी तकनीक को जानबूझकर नजरअंदाज किया, पूरी तरह से गलत है। असल में, जापान की ओर से विशिष्ट सिग्नलिंग के लिए कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि भारत ने सुरक्षा और संचालन को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सिग्नलिंग उपकरणों का ऑर्डर दिया है, जो प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए सबसे सही फैसला है। ब्यूरो

**माकिहारा का भारत पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप**

*भारत में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में देरी को लेकर जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा ने दावा किया कि परियोजना में देरी की सबसे बड़ी वजह भारतीय पक्ष का रवैया रहा। वह खुद इस परियोजना से जुड़े रहे हैं और जापानी टीम ने पूरी मेहनत के साथ काम किया, लेकिन उम्मीद के मुताबिक प्रगति नहीं हो सकी।*

# अस्पतालों व बीमा कंपनियों के बीच क्लेम होगा डिजिटल, मरीजों को मिलेगा फायदा

## आयुष्मान भारत और डिजिटल हेल्थ मिशन की समीक्षा बैठक में बनी रणनीति

**नई दिल्ली।** अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के बीच इलाज के क्लेम की लंबी और जटिल प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) को देशभर में लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके जरिये अस्पताल और बीमा कंपनियां एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इलाज से जुड़े क्लेम का आदान-प्रदान कर सकेंगी। इससे क्लेम के निपटारे में तेजी आएगी।

यह फैसला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में लिया गया, जिसमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई।

एनएचसीएक्स एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो अस्पतालों, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और बीमा कंपनियों के बीच स्वास्थ्य बीमा क्लेम का मानकीकृत और डिजिटल आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा। अभी अलग-अलग अस्पताल और बीमा कंपनियां अलग-अलग सिस्टम और फॉर्मेट का इस्तेमाल करती हैं, जिससे क्लेम के निपटारे में देरी होती है। ब्यूरो

**चिंताजनक** | डब्ल्यूएचओ ने वायु प्रदूषण को डिमेंशिया के खतरे में शामिल किया, दिशा-निर्देश जारी किए

# हर 100 में 7 भारतीयों में भूलने की बीमारी का खतरा, प्रदूषण बड़ा कारण

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत तेजी से बुजुर्ग होती आबादी वाले देशों में शामिल हो रहा है। ऐसे में याददाश्त कमजोर होने और डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार अपनी नई गाइडलाइन में वायु प्रदूषण (खासतौर पर पीएम 2.5) को डिमेंशिया के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल किया है।

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि प्रदूषण के संपर्क को कम करने से याददाश्त कमजोर होने के खतरे को कम किया जा सकता है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए भी अहम है क्योंकि देश के कई शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। साथ ही, भारतीयों में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा और स्ट्रोक जैसी बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिन्हें डब्ल्यूएचओ ने डिमेंशिया के प्रमुख कारणों में गिना है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 2021 तक 5.7 करोड़ लोग डिमेंशिया के साथ रह रहे थे। हर साल करीब 1 करोड़ नए मामले सामने आते हैं। अनुमान है कि यह संख्या 2030 तक 7.8 करोड़ और 2050 तक 13.9 करोड़ पहुंच जाएगी। इनमें 60% से अधिक कम और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।



### इन वजहों से भी बढ़ी भूलने की बीमारी

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक डिमेंशिया केवल बढ़ती उम्र की बीमारी नहीं है। जीवनशैली और पर्यावरण से जुड़े कई कारण इसे बढ़ाते हैं। इनमें वायु प्रदूषण (पीएम2.5), हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान, शराब का अधिक सेवन, डिप्रेशन समेत कई कारण शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने गाइडलाइन में 2024 लैंसेट कमीशन का हवाला देते हुए कहा है कि डिमेंशिया के करीब 45% मामलों का संबंध ऐसे जोखिम कारकों से है जिन्हें बदला या नियंत्रित किया जा सकता है।

**पहली बार प्रदूषण पर स्पष्ट सिफारिश**

डब्ल्यूएचओ ने अपनी दूसरी संस्करण की गाइडलाइन में पहली बार साफ कहा है कि बाहरी वायु प्रदूषण, विशेषकर पीएम 2.5, और घर के अंदर होने वाले प्रदूषण के संपर्क को कम करने से डिमेंशिया का खतरा घट सकता है। हालांकि उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाणों को अभी सीमित माना गया है, लेकिन डब्ल्यूएचओ ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम बताया है।

**खतरा और बढ़ने की आशंका**

भारत में करीब 10.4 करोड़ लोग 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं। विभिन्न भारतीय अध्ययनों के अनुसार, इस आयु वर्ग के करीब 6 से 7 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार के डिमेंशिया से प्रभावित हैं। यानी हर 100 भारतीयों में लगभग 6-7 लोगों को यह बीमारी है या उसका खतरा है। आबादी के हिसाब से यह संख्या 60 से 70 लाख के बीच बैठती है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूएचओ भी मानता है कि कम और मध्यम आय वाले देशों में डिमेंशिया का बोझ तेजी से बढ़ रहा है।

# दादी को कैंसर से खोया, अब ऑन्कोलॉजिस्ट बनकर सेवा करना चाहते हैं नीट टॉपर आर्यन

## आर्यन के माता-पिता दोनों डॉक्टर, 17 घंटे करते थे पढ़ाई



**लुधियाना।** लुधियाना के आर्यन गुप्ता ने 2026 की नीट-यूजी पुनर्परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। उन्होंने हरियाणा के पांशुल बंसल के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों के 720 में से 715 अंक आए।

परिणाम बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने घोषित किया। आर्यन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करना किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता और माता दोनों डॉक्टर हैं। आर्यन ने बताया कि वह रोजाना 16 से 17 घंटे पढ़ते थे। आर्यन ने बताया कि वह ऑन्कोलॉजिस्ट बनकर सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह तीसरी कक्षा में थे, तब उनकी दादी का कैंसर से निधन हो गया था। उसी दिन उन्होंने तय किया था कि वह इसी क्षेत्र में काम करेंगे।

**दोबारा परीक्षा ने गलती सुधारने का मौका दिया : उपलक्ष्य गोयल**

ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल करने वाले उपलक्ष्य गोयल ने कहा कि उन्होंने रोज 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। पेपर लीक के बाद वह निराश हुए थे, लेकिन पुनर्परीक्षा को अपनी गलतियां सुधारने का अवसर माना। उन्होंने अभ्यर्थियों को नियमित अभ्यास, टेस्ट और शिक्षकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। एजेंसी

***नौवीं कक्षा से तैयारी कर रही थी श्रावणी...*** *पुणे जिले के बारामती तहसील की रहने वाली श्रावणी कुडाले ने 710 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-5 प्राप्त की है। श्रावणी ने कहा, ऐसा लग रहा है, जैसे सपना सच हो गया हो। श्रावणी ने कहा, जब मैं नौवीं कक्षा में थी, तब मैंने परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी और जब तक मैं नीट में शामिल हुई, तब तक मेरी नींव मजबूत हो चुकी थी।*

# भोजशाला से दो किमी दूर नमाज की अनुमति

## प्रशासन ने चालीसा दरगाह के पास जमीन चिह्नित की, मुस्लिम पक्ष ने कहा-फिर जाएंगे कोर्ट

**धार।** भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद धार जिला प्रशासन ने जुमे की नमाज के लिए मालीवाड़ा स्थित चालीसा पीर दरगाह के पास खाली जमीन चिह्नित की है। हालांकि मुस्लिम पक्ष ने इस स्थान को अस्वीकार करते हुए आरोप लगाया कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह भोजशाला से करीब दो किलोमीटर दूर है।

उनका कहना है कि इस मुद्दे को फिर सुप्रीम कोर्ट में उठाया जाएगा। वहीं, जगह तय नहीं होने के कारण इस शुक्रवार लोगों ने अपने-अपने मोहल्लों, कॉलोनियों और घरों में जुमे की नमाज अदा की। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दिन पहले मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया था कि भोजशाला के पास किसी खाली वैकल्पिक स्थान पर मुस्लिम समाज के लिए जुमे की नमाज की व्यवस्था की जाए। शुक्रवार सुबह अदालत का विस्तृत आदेश मिलने के बाद कलेक्टर राजीव रंजन मीणा और एसपी सचिन शर्मा की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। नमाज में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने, सुरक्षा, यातायात और आवाजाही को ध्यान में रखते हुए ग्राम मालीवाड़ा के सर्वे नंबर 664 स्थित चालीसा पीर दरगाह के पास की खाली जमीन को चुना गया। प्रशासन ने मुस्लिम प्रतिनिधियों को बताया कि अब हर शुक्रवार दोपहर एक से तीन बजे के बीच यहां नमाज अदा की जा सकेगी। ब्यूरो



### हिंदू पक्ष ने रहमत मस्जिद का दिया सुझाव

हिंदू पक्ष के प्रतिनिधि गोपाल शर्मा ने कहा कि भोजशाला के आसपास का क्षेत्र कब्रों से घिरा है और इस्लामी परंपरा के अनुसार भी ऐसी जगह नमाज नहीं पढ़ी जाती। हिंदू पक्ष ने सुझाव दिया कि जुमे की नमाज के लिए 1942 में बनी रहमत मस्जिद का उपयोग किया जाना चाहिए।

### प्रशासन ने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया : मुस्लिम पक्ष

मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी के अब्दुल समद ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें करीब तीन घंटे इंतजार कराने के बाद भोजशाला से करीब दो किमी दूर स्थान आवंटित किया। उनका आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला परिसर से सटे स्थान पर व्यवस्था करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इस फैसले के खिलाफ आपत्ति दर्ज करा दी गई है और मामला फिर सुप्रीम कोर्ट में ले जाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुस्लिम पक्ष चालीसा पीर परिसर में नमाज अदा नहीं करेगा।

# निवेश आकर्षित करने में गुजरात अव्वल दिल्ली छठे स्थान पर, यूपी-बिहार पिछड़े

**नीति आयोग ने पहली बार जारी किया निवेश सूचकांक, आठ मानक**

**नई दिल्ली।** देश में निवेश आकर्षित करने के मामले में गुजरात सबसे आगे है। उसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है। वहीं दिल्ली छठे, मध्य प्रदेश सातवें, उत्तर प्रदेश 19वें, पश्चिम बंगाल 24वें और बिहार 26वें स्थान पर हैं। पंजाब को 22वां स्थान मिला है।

नीति आयोग की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडलीनेस इंडेक्स संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष प्रदर्शनकर्ता राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा और ओडिशा शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात को बंदरगाहों की बेहतर कार्यक्षमता, भरोसेमंद बिजली व्यवस्था, मजबूत कारोबारी माहौल और बेहतर वित्तीय स्थिति का फायदा मिला। हालांकि राज्य को तकनीकी मानव संसाधन बढ़ाने पर और काम करने की सलाह दी गई है। महाराष्ट्र ने प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेश आकर्षित करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं तमिलनाडु को बेहतर बुनियादी ढांचे, मजबूत कारोबारी माहौल, निर्यात प्रदर्शन और औद्योगिक निवेश के कारण ऊंची रैंक मिली। ब्यूरो

**टॉप-10 राज्यों की सूची**

| रैंक | राज्य | स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 56.6 |
| 2 | महाराष्ट्र | 53.7 |
| 3 | तमिलनाडु | 53.3 |
| 4 | गोवा | 53.1 |
| 5 | ओडिशा | 52.4 |
| 6 | दिल्ल | 49.9 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 48.9 |
| 8 | आंध्र प्रदेश | 48.7 |
| 9 | कर्नाटक | 48.7 |
| 10 | राजस्थान | 48.1 |

### कैसे तैयार हुआ इंडेक्स?

इसके लिए सभी 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों का आकलन किया गया। मूल्यांकन आठ प्रमुख मानकों पर आधारित है। इनमें बुनियादी ढांचा, कारोबारी माहौल, मानव एवं प्राकृतिक संसाधन, सरकारी नीतियां, नियामकीय सुगमता, संस्थागत व्यवस्था, वित्तीय स्थिति और पर्यावरणीय लचीलापन शामिल है। इंडेक्स तैयार करने से पहले 1,850 से अधिक निवेशकों से राय भी ली गई, ताकि सिर्फ सरकारी आंकड़ों के बजाय जमीनी अनुभव भी रैंकिंग में दिख सके। नीति आयोग का कहना है कि यह इंडेक्स केवल राज्यों की रैंकिंग नहीं है, बल्कि सुधार का रोडमैप भी है। इससे राज्यों को यह पता चलेगा कि निवेशकों को आकर्षित करने के लिए किन क्षेत्रों में सुधार करना है।



■ *साथ ही निवेशकों को भी अलग-अलग राज्यों की ताकत और कमजोरियों की स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे वे निवेश संबंधी बेहतर निर्णय ले सकेंगे।*

## विदेश संक्षेप

### युवाओं का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं कर रही नेपाल सरकार : ओली

**काठमांडो।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की सरकार पर फासीवाद की ओर बढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार द्वारा युवाओं के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की। ललितपुर में सीपीएन-यूएमएल की वेबसाइट और एप के नए संस्करण के लॉन्च पर ओली ने कहा कि सरकार सड़कों पर युवाओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी बर्दाश्त नहीं कर रही है। एजेंसी



### श्रीलंका : जाफना किंग्स का भारतीय सह-मालिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की फ्रेंचाइजी जाफना किंग्स के सह-मालिक और भारत के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा को श्रीलंका के खेल भ्रष्टाचार निरोधक जांचकर्ताओं ने खिलाड़ी को रिश्वत देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एलपीएल के छठे सीजन की शुरुआत से कुछ घंटे पहले शुक्रवार को हुई। वर्ष 2018 के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में मैच विजेता शतक बनाने वाले 27 वर्षीय कालरा को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर के चेरी और बेर की पहली खेप सिंगापुर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने जम्मू-कश्मीर से चेरी और बेर की पहली खेप का सिंगापुर पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार के विस्तार की उम्मीद जताई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एपीडा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद देते हुए लिखा कि लीची और आम के बाद सिंगापुर को आखिरकार चेरी और बेर का स्वाद मिल रहा है, हमें ऐसा और चाहिए। एजेंसी

### यमन के तट पर रासायनिक टैंकर पर हथियारबंद समूह का कब्जा

**काहिरा।** ब्रिटिश सेना के अनुसार शुक्रवार को अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक रासायनिक टैंकर पर एक हथियारबंद समूह ने कब्जा कर लिया। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यमन के अल-मुकल्ला प्रांत के दक्षिण में अनधिकृत कर्मियों द्वारा जहाज पर नियंत्रण कर लिया गया। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म एम्ब्रे के अनुसार, इस टैंकर पर सोमाली डाकुओं के सवार होने की आशंका है क्योंकि जहाज पर कोई सशस्त्र सुरक्षा टीम मौजूद नहीं थी। संकट का संदेश मिलने के बाद एक कोरियाई नौसैनिक जहाज मदद के लिए रवाना हो गया है। एजेंसी

### ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

**क्या फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में पिछली बार की चैंपियन टीम अर्जेंटीना स्पेन को हराकर अपना खिताब बरकरार रख पाएगी?**

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

दक्षिण कोरिया 14 वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। क्या भारत सरकार को भी इस तरह की नीति बनाने के बारे में विचार करना चाहिए?

| | |
|---|---|
| हां | 98.73% |
| नहीं | 1.27% |

# मतदाता सूची से नाम कटने का मतलब नागरिकता खत्म होना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## कहा, चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं, बंगाल सरकार व आयोग को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर साफ किया है कि विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से नाम हटा दिए जाने का मतलब यह कतई नहीं है कि उस व्यक्ति की नागरिकता खत्म हो गई है। कोर्ट ने दोहराया कि नागरिकता तय करने का अंतिम अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है और केवल वोटर लिस्ट से नाम कटने के आधार पर किसी को नागरिकता के अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है।

यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने पश्चिम बंगाल के कांग्रेस नेता प्रसेनजीत बोस की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की। इस याचिका में मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की अपीलों पर जल्द सुनवाई करने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग की गई है। पीठ ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने पीठ को बताया कि 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के सामने करीब 34 लाख अपीलें लंबित हैं। न्यायाधिकरणों से दो जजों ने इस्तीफा भी दे दिया है। अब तक केवल 38 हजार अपीलों का ही निपटारा हो सका है। इनमें से 70 फीसदी लोगों के नाम सही पाए गए और उन्हें दोबारा वोटर लिस्ट में शामिल करने की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कोर्ट का ध्यान इस ओर खींचा कि अपीलें लंबित होने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐसे लोगों को राशन (पीडीएस ) और अन्नपूर्णा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से बाहर करने के आदेश जारी कर दिए हैं। ब्यूरो

**मामला 1**



### कोर्ट ने बिहार एसआईआर का जिक्र किया

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने बिहार एसआईआर मामले के सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा, हमारा फैसला बिल्कुल साफ है। संविधान के अनुच्छेद 9, 10, 11 और 12 के तहत चुनाव आयोग नागरिकता तय करने वाली सांविधानिक प्राधिकारी नहीं है। चुनाव आयोग का काम सिर्फ मतदाता सूची का रखरखाव करना है। अगर आयोग को किसी की नागरिकता पर संदेह होता है और वह नाम हटाता है, तो उसकी यह जिम्मेदारी है कि वह इस मामले को नागरिकता अधिनियम के तहत फैसला लेने के लिए सीधे केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को भेजे।

### सरकार के आदेश से लोग परेशान

वकील शंकरनारायणन ने कहा कि कानूनी स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद राज्य सरकार के कुछ आदेशों के कारण जमीनी स्तर पर लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को यह अंदाजा नहीं था कि मतदाता सूची से नाम हटने के बाद सरकार लोगों के बुनियादी नागरिक अधिकार और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनसे छीन लेगी। उन्होंने कहा कि जब तक लंबित अपीलों पर फैसला नहीं आता, तब तक गरीबों को इस तरह वंचित रखना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी के पास पासपोर्ट है, तो उसे नागरिकता का स्पष्ट प्रमाण माना जाना चाहिए।

■ **25 जुलाई को सुनवाई संभव**...सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ जोड़कर आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

# जीवन रक्षक दवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुनिश्चित करने पर होगी सुप्रीम सुनवाई, डीसीजीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** जीवन रक्षक दवाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार और ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से जुड़े मामलों के तेज निपटारे के लिए देशव्यापी निर्देश जारी करेगा। मामला केरल के एर्नाकुलम की एक महिला से जुड़ा है, जो ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थीं और इलाज के लिए दवाओं की बहुत अधिक कीमतों को चुनौती देते हुए उन्होंने राज्य हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

**मामला 2**

■ सुनवाई के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मौत के बाद भी हाईकोर्ट ने इस मामले को बंद नहीं होने दिया। कोर्ट का मानना था कि यह सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है, बल्कि देश की उन हजारों-लाखों महिलाओं का मसला है जिन्हें दवा की सख्त जरूरत है। हालांकि, आलम यह है कि पिछले चार सालों में यह मामला 57 बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका। ब्यूरो

■ इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने गौर किया कि पेटेंट वाली कैंसर दवाओं की कीमत के बारे में मामला केरल हाईकोर्ट में लंबित है। पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी किया और केरल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वह उनके सामने मौजूद इस मामले का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें।



# गुजरात : जैश से जुड़े पांच और संदिग्ध आतंकियों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

## 10 दिन पहले गिरफ्तार किए गए थे आठ संदिग्ध

**गांधीनगर।** गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच और आतंकियों को राज्य के अलग-अलग जिलों से गिरफ्तार किया है। अदालत ने इन सभी को आठ दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान बिलाल आबिद शेरा, मोहम्मद अयूब कादीवाल, मोहम्मद शफी मुखी, मोहम्मद हसन कराड़िया और मोहम्मद अयूब सुनासरा के रूप में हुई है।

गुजरात एटीएस के एसपी के. सिद्धार्थ सिंगल ने बताया कि 10 दिन पहले विभिन्न राज्यों से आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। उनसे लगातार 14 दिनों तक हुई पूछताछ और मिली जानकारियों के आधार पर ही इन पांच नए आरोपियों को दबोचा गया है। एटीएस के मुताबिक ये आरोपी पिछले दो-तीन साल में मसूद अजहर के भाषण सुनकर कट्टरपंथी बने थे। इन्होंने स्थानीय बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर, कोयला, तार और डेटोनेटर जैसी कच्ची सामग्रियां जुटाई थीं। इसके बाद उन्होंने विस्फोटक बनाने के लिए करीब आठ प्रयोग किए, जिनमें से दो प्रयासों में उन्हें सफलता भी मिली थी। इससे पहले 3 जुलाई को गुजरात और मध्य प्रदेश से जैश-ए-मोहम्मद के आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। ये सभी गुजरात में आतंकी नेटवर्क तैयार करने में जुटे थे। इन आठ आतंकियों के खिलाफ यूएपीए और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज है। एजेंसी



जैश से जुड़े गिरफ्तार आतंकी।

# रेलवे क्रॉसिंग पर स्कूली वैन ट्रेन से टकराई, 2 छात्रों समेत 5 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह एक रेल हादसे में दो स्कूली छात्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा गोबिंदपुर में खुले समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग) पर हुआ। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गोविंदपुर में रेलवे ट्रैक पर विरोध-प्रदर्शन किया। हादसे के चलते अजीमगंज-कटवा रेल खंड पर ट्रेनों का परिचालन कुछ समय बाधित रहा।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गेटमैन को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, रेलवे के एक स्थायी मार्ग निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सुबह 7 बजे अजीमगंज-कटवा सेक्शन में कर्णा सुबर्णा रेलवे स्टेशन के पास छात्रों को स्कूल ले जा रही स्कूल वैन (पूल कार) पटरी पार कर रही थी, तभी निमतीता-कटवा पैसेंजर ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान पटरी पार कर रहा एक साइकिल सवार भी ट्रेन की चपेट में आ गया। घायलों को बहरामपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 2.5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। ब्यूरो



ट्रेन से टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त वैन।

# रेल टिकट न होना हादसे का मुआवजा न देने का आधार नहीं

## शीर्ष अदालत ने रेलवे कानून के तहत जिम्मेदारी बताया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि रेल हादसे में जान गंवाने वाले यात्री के शव के पास टिकट न मिलने का मतलब यह नहीं है कि उसके परिवार को मुआवजा देने से इन्कार किया जाए। कोर्ट ने इसे रेलवे कानून के कल्याणकारी दायरे में आने वाली जिम्मेदारी बताया है।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने रेलवे दावा अधिकरण (आरसीटी) और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उन आदेशों को खारिज कर दिया, जिनमें मृतक के पास टिकट न होने के कारण मुआवजा देने से मना कर दिया गया था। कोर्ट ने केंद्र सरकार को लता नामक महिला को चार सप्ताह में 8 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिनके पति की 2015 में चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गई थी। यदि समय सीमा में भुगतान नहीं होता है, तो रेलवे को 8 फीसदी वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

पीठ ने कहा, रेलवे अधिनियम एक कल्याणकारी कानून है, इसलिए इसकी व्याख्या संकुचित न होकर उदार और उद्देश्यपूर्ण होनी चाहिए। तकनीकी खामियों या प्रक्रियाओं को बहाना बनाकर रेलवे को मुआवजे से नहीं भागना चाहिए। रेलवे अधिनियम की धारा 124ए नो-फॉल्ट लायबिलिटी के सिद्धांत पर आधारित है। इसका उद्देश्य रेल हादसों के पीड़ितों को तुरंत मुआवजा देना है। इसके लिए लापरवाही साबित करने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट के अनुसार, यदि दावेदार (पीड़ित का परिजन) एक हलफनामा देकर यह बता दे कि पीड़ित यात्री था, तो शुरुआती जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। इसके बाद यह रेलवे की जिम्मेदारी है कि वह उसे गलत साबित करे।



### भीड़ प्रबंधन बेहतर बनाने की जरूरत

फैसले में कोर्ट ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा, भीड़ के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं और रेलवे को इस दिशा में और अधिक लोगों को लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने यात्रियों को भी नसीहत दी। अदालत ने कहा, रेलवे को ही पूरी तरह जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है, यात्रियों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन पकड़ने की जिद करते हैं, यह आदत सुधारने की जरूरत है।

**द्वितीय श्रेणी यात्री शब्द का प्रयोग बंद करे रेलवे**...सुप्रीम कोर्ट ने द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सेकंड क्लास पैसेंजर शब्द का इस्तेमाल किए जाने पर भी सख्त आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि रेलवे के मैनुअल में सेकंड-क्लास पैसेंजर शब्द का इस्तेमाल मानवीय गरिमा और समानता के सांविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। अदालत ने सुझाव दिया कि यह वर्गीकरण यात्री की ओर से किए गए खर्च के बजाय सिर्फ कोच (डिब्बे) के लिए होना चाहिए, ताकि किसी यात्री को उसके दर्जे से न आंका जाए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत के इतिहास में वर्ग विभाजन की पृष्ठभूमि को देखते हुए, किसी व्यक्ति को इस तरह संबोधित करना संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

# तीन हजार किलो की 400 साल पुरानी तोप चुरा ले गए 30 चोर

## ट्रक और क्रेन लेकर आए थे, चोरों के पास थे अत्याधुनिक हथियार

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित ऐतिहासिक नरवर किले से हथियारबंद बदमाशों ने सिंधिया राजवंश की करीब 400 साल पुरानी तोप चोरी कर ली है। वारदात ने किले की सुरक्षा व्यवस्था और पुरातत्व विभाग के संरक्षण के इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, 15 और 16 जुलाई की दरम्यानी रात करीब 30 हथियारबंद बदमाश किले में घुसे और किले के ओपन कचहरी परिसर में रखी 14 ऐतिहासिक तोपों में से 3,000 किलो वजनी अष्टधातु की एक तोप चुरा ले गए।

खास बात यह है कि बदमाश चोरी की पूरी योजना को अंजाम देने के लिए क्रेन और ट्रक के साथ आए थे। नरवर किले में 14 तोपें रखी गई थीं, ऐतिहासिक तोप चोरी होने के बाद अब यह संख्या 13 रह गई है। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने बेबसी जाहिर करते हुए बताया कि बदमाशों के पास आधुनिक हथियार थे। उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर हमें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। किले में पर्याप्त रोशनी और टॉर्च जैसी सुविधाएं तक नहीं थीं। हमारे पास सिर्फ लाठी थी। एजेंसी



नरवर किले में लगी तोपें (चोरी तोप इनसेट में)

### 16वीं शताब्दी की है तोप तीन से पांच करोड़ कीमत

पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, यह तोप 16वीं शताब्दी की है। यह भारतीय सैन्य इतिहास और उस समय की उन्नत धातु कर्म तकनीक का प्रतीक है। इस तोप पर बनी विशेष नक्काशी और ऐतिहासिक चिह्न इसे खास और बेहद दुर्लभ बनाते हैं। इस ऐतिहासिक धरोहर की कीमत पैसों में नहीं आंकी जा सकती है, लेकिन अवैध एंटीक बाजार में इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में तीन से पांच करोड़ बताई जा रही है। इसी वजह से पुलिस को शक है कि इस वारदात के पीछे किसी अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह का हाथ हो सकता है।

**बदलाव** | रिजर्व बैंक ने शुरू की तैयारी, कागज के नोट भी चलते रहेंगे, पहले होगी छोटे नोटों की छपाई

# अगले साल तक बाजार में आ सकते हैं प्लास्टिक के नोट

अजीत खरे

**नई दिल्ली।** भारत में पॉलीमर यानी प्लास्टिक के नोट चलन में लाने की तैयारी शुरू हो गई है। फिलहाल दस व बीस रुपये के प्लास्टिक नोट बाजार में लाए जाएंगे। इसमें सुरक्षा के उन्हीं उन्नत नियमों का पालन किया जाएगा जो कागज के नोट छापने में अपनाए जाते हैं। अगले साल यह नोट बाजार में आ सकते हैं।

रिजर्व बैंक ने पॉलीमर शीट आपूर्ति के लिए निजी कंपनियों को भी आमंत्रित किया है। शुरुआती चरण सफल रहा तो बड़े नोट भी चरणबद्ध तरीके से लाए जाएंगे। इन पॉलीमर नोटों के लिए डिजाइन, आकार व छपाई उसी तरह होगी जैसे कागज के नोट पर होगी। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए इन नोटों में विशेष तकनीक अपनाई जाएगी। रिजर्व बैंक के अधिकारियों के मुताबिक पॉलीमर नोटों के प्रचलन में आने की समय सीमा नहीं बताई जा सकती। इतना जरूर है कि पॉलीमर यानी प्लास्टिक के नोट लाने का नीतिगत निर्णय हो चुका है और चार चरणों से गुजरने के बाद पॉलीमर नोट छापे जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में वक्त लगना स्वाभाविक है। इसमें मौसम, इस्तेमाल के तौर-तरीकों व जनता की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में कितने नोट तैयार होंगे इसका आकलन बाजार में दस व बीस रुपये मूल्य वर्ग के नोटों की उपलब्धता, एटीएम व बैंकों की जरूरत के हिसाब से तय होगा। यह नोट एक पतले, लचीले प्लास्टिक सब्सट्रेट से बनेंगे। ये क्रेडिट या डेबिट कार्ड की तरह कठोर नहीं हल्के, लचीले होंगे।



*__पहले भी हो चुकी है कवायद__...वर्ष 2012 में भारत सरकार ने मैसूर, जयपुर, भुवनेश्वर और शिमला समेत कुछ शहरों में 10 रुपये के एक अरब पॉलीमर नोटों के परीक्षण को मंजूरी दी थी। लेकिन तकनीकी चुनौतियों के कारण यह पहल आगे नहीं बढ़ सकी।*

### कटे-फटे नोटों से निजात

*लोगों को कटे, फटे व गंदे नोटों से निजात मिलेगी। इसे वह आसानी से ले जा सकेंगे। पॉलीमर करेंसी नोट में नए सुरक्षा फीचर होंगे। इससे नकली नोट तैयार होने की संभावना न के बराबर हो जाएगी। पॉलीमर नोटों में माइक्रो-ऑप्टिक होलोग्राम और विशेष स्याही जैसी उन्नत, सुविधाओं का उपयोग होगा। कागज के मुकाबले इनके निर्माण पर खर्च भी कम आएगा। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसे कई देशों में पॉलीमर नोट कई सालों से चलन में हैं।*

### नोटों की छपाई पर बढ़ रहा खर्च

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, नोटों की छपाई पर व्यय वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 6,372.8 करोड़ रुपये हो गया, यह पिछले वर्ष 5,101.4 करोड़ रुपये था। यह वृद्धि मुख्य रूप से नोटों की बढ़ती मांग के कारण हुई है। वित्त वर्ष 2025 में, लगभग 23.8 अरब गंदे नोटों का निस्तारण किया गया। 10 रुपये और 20 रुपये जैसे कम मूल्यवर्ग के नोटों की जांच सबसे पहले होने की संभावना है।

# वरिष्ठ मंत्रियों ने परिसीमन बिल पर विपक्ष के हमलों के लिए तैयार की व्यूह रचना

**वंदे मातरम के अपमान पर सजा वाले बिल पर भी हुई माथापच्ची**

**नई दिल्ली।** संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी और मंत्रियों के समूह की औपचारिक बैठक में शुक्रवार को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने महिला आरक्षण, परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने की व्यूहरचना तैयार की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हुई अलग-अलग बैठकों में मानसून सत्र के दौरान वंदे मातरम के अपमान पर तीन साल तक की सजा के प्रावधान वाले विधेयक को पारित कराने पर भी माथापच्ची हुई। गौरतलब है कि बीते बजट सत्र में महिला आरक्षण व परिसीमन संबंधी बिल पर मुंहकी खाने के बाद आगामी सत्र के लिए सरकार अतिरिक्त सावधानी बरत रही है। खासकर पांच राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजे आने बाद बदली सियासी परिस्थितियों से सरकार उत्साहित है। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना यूबीटी में बड़ी टूट हुई है तो डीएमके ने विपक्षी इंडिया ब्लॉक से दूरी बना ली है। डीएमके के साथ लोकसभा में आठ और राज्यसभा में एक सांसद वाले एनसीपी (शरद) ने इससे जुड़े संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने का संकेत दिया है। ब्यूरो



### आज होंगे कई अहम फैसले

शनिवार को लोकसभा स्पीकर तृणमूल के 20 बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय के फैसले और शिवसेना यूबीटी के छह सांसदों का शिवसेना में विलय को मंजूरी दे सकते हैं। इसके अलावा डीएमके की सदन में कांग्रेस के इतर अलग बैठने की मांग भी पूरी करने के साथ संविधान सदन में शिवसेना यूबीटी को आवंटित दफ्तर को भी निरस्त करने का फैसला कर सकते हैं।

### विपक्षी गठबंधन की 20 को बैठक डीएमके को होगी साधने की कोशिश

संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन भी अपनी रणनीति तय करने में जुट गया है। सत्र के पहले दिन 20 जुलाई को गठबंधन के प्रमुख नेताओं की बैठक होगी। इसमें संसद में सरकार को घेरने की रणनीति और परिसीमन बिल को लेकर विपक्ष के रुख पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन की नजर डीएमके पर है। डीएमके ने एसआईआर के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के साथ साझा पत्र लिखा था। इसी के बाद उम्मीद है कि डीएमके इस बार भी उसका सहयोग करेगी।

बीएसई ↑ 964.58 (78,151.45) | एनएसई ↑ 261.55 (24,334.30) | डॉलर ↑ ₹0.12 (₹96.30) | सोना /10 ग्राम ↓ ₹1,45,500 (800) | चांदी /1 किग्रा ↓ ₹2,25,500 (2,000)

दिल्ली में 24 कैरेट की हाजिर दरें ■ स्रोत : पीटीआई

# एनआरआई के लिए चल रही विशेष जमा योजना से सरकारी बैंक जुटा सकते हैं 30 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** ईरान संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने और रुपये को सहारा देने की रणनीति के तहत आरबीआई की ओर से अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए विशेष एफसीएनआर(बी) जमा योजना शुरू करने का अच्छा परिणाम दिख रहा है। योजना के तहत बैंक सीमित अवधि के लिए एफसीएनआर (बी) जमा पर उच्च ब्याज दरों की पेशकश कर रहे हैं।

भारतीय सरकारी बैंकों ने अनुमान जताया है कि इस सीमित अवधि की विशेष जमा योजना के जरिये करीब 30 अरब डॉलर जुटाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, यह अनुमान इस सप्ताह की शुरुआत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त मंत्रालय के अन्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सरकारी बैंकों के प्रमुखों ने जताया है। मामले से जुड़े एक सरकारी बैंक अधिकारी ने कहा, सरकारी बैंकों ने इस योजना अवधि के दौरान डॉलर की उस मात्रा का अनुमान दिया है, जिसे वे जुटाने में सक्षम होंगे। बड़े बैंकों ने लगभग 4-5 अरब डॉलर के प्रवाह का अनुमान लगाया है, जबकि छोटे बैंक एक-दो अरब डॉलर का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। ■ बोनस डेस्क

### 70-80 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है रकम



**इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सिंगापुर चैप्टर के चेयरमैन संजय गट्टानी ने कहा,** 30 सितंबर, 2026 तक खुली एफसीएनआर पहल के तहत अब तक 10 अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं। यह रकम 70-80 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। **इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ बिनोद कुमार ने कहा,** शुरुआत धीमी रही है, लेकिन हमें भरोसा है कि सितंबर तक योजना के तहत 2 अरब डॉलर जुटा लेंगे।

# आरआईएल का लाभ 22 फीसदी घटकर 20,946 करोड़ रुपये, आय पहली बार तीन लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 22 फीसदी घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 26,994 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शुक्रवार को बताया, बीते वर्ष जून तिमाही के नतीजों में एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी बेचने से 8,924 करोड़ का एकमुश्त लाभ शामिल था। इसके चलते इस बार मुनाफा कमजोर दिखाई दे रहा है। कंपनी की आय करीब 25 फीसदी बढ़कर पहली बार 3 लाख करोड़ के पार निकल गई, जो एक साल पहले 2.49 लाख करोड़ थी। खुदरा कारोबार से आय 7.4 फीसदी बढ़कर 90,408 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल समान तिमाही में यह 84,171 करोड़ रुपये थी। अगर एकमुश्त आय को अलग कर दिया जाए, तो प्रमुख कारोबारों का प्रदर्शन मजबूत बना रहा। ऑयल-टू-केमिकल्स, खुदरा, डिजिटल सर्विसेज का योगदान बेहतर रहा है। ब्यूरो

### जियो का शुद्ध मुनाफा 9 फीसदी बढ़ा, ग्राहक संख्या 53.3 करोड़

रिलायंस समूह की डिजिटल एवं दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 9.2 फीसदी बढ़कर 7,764 करोड़ रुपये हो गया, जो



पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7,110 करोड़ था। परिचालन आय 11.8 फीसदी बढ़कर 39,173 करोड़ रुपये पहुंच गई। औसत राजस्व प्रति उपभोक्ता 208.8 रुपये से 3.3 फीसदी बढ़कर 215.6 रुपये हो गय। जियो का ग्राहक आधार भी लगातार बढ़ रहा है। जून तिमाही के अंत तक कंपनी के कुल ग्राहक 53.3 करोड़ हो गए, जो एक वर्ष पहले 49.8 करोड़ थे। इस तरह, ग्राहक संख्या में सालाना आधार पर 7.1 फीसदी की वृद्धि रही।

## एक्सप्लेनर

म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए राहत

# नॉमिनी को क्लेम मिलने में अब होगी आसानी?

**छोटी विसंगतियों की वजह से महीनों तक लटकने वाले क्लेम को निपटाने के लिए एम्फी लेकर आया नए नियम**

दस्तावेजों में नाम की स्पेलिंग, पुराने पते या बदलते हस्ताक्षर के मिसमैच के कारण शोक संतप्त और पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत देते हुए म्यूचुअल फंड उद्योग की शीर्ष संस्था एम्फी ने मृत निवेशकों के फंड को उनके नॉमिनी या कानूनी वारिसों के नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को बेहद सरल और सुगम बना दिया है।

एम्फी की ओर से जारी संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से पूरे देश में लागू हो गई है।

### पते का मिसमैच अब रोड़ा नहीं?

■ कई बार ऐसा होता था कि निवेशक ने जब 10-15 साल पहले म्यूचुअल फंड खरीदा था, तब उसका पता कुछ और था एवं मृत्यु के समय उसका स्थायी पता बदल चुका था। रिकॉर्ड में दर्ज पुराने पते और मृत्यु प्रमाण पत्र या नॉमिनी के दस्तावेजों में दर्ज नए पते में अंतर होने के कारण फंड कंपनियां क्लेम रोक देती थीं।



■ एम्फी ने साफ निर्देश दिया है कि अगर मृत यूनिटधारक के पुराने रिकॉर्ड और नए दस्तावेजों के पते में कोई मिसमैच है, तो फंड कंपनियां निवेशक के नवीनतम उपलब्ध पते को ही सही मानेंगी। इसके लिए नॉमिनी को उस नए पते से जुड़े वैध और प्रासंगिक दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, बिजली बिल आदि) सबूत के तौर पर देने होंगे।

### नाम की स्पेलिंग और दस्तखत में अंतर की समस्या होगी खत्म

*बुजुर्गों के हस्ताक्षर बदल जाना या पैन कार्ड, डेथ सर्टिफिकेट और म्यूचुअल फंड फोलियो में नाम की स्पेलिंग (जैसे...कुमार या कुमारी, सरनेम आदि) में मामूली अंतर होना आम बात है। इन छोटी मानवीय गलतियों के कारण एसेट मैनेजमेंट कंपनियां नॉमिनी को हफ्तों चक्कर कटवाती थीं।*

■ इस प्रशासनिक बाधा को जड़ से खत्म करने के लिए एम्फी ने एक सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। अब सभी म्यूचुअल फंड कंपनियां नाम और हस्ताक्षर की विसंगतियों को दूर करने के लिए बाजार नियामक सेबी के 6 फरवरी, 2026 के मास्टर सर्कुलर के तहत तय नियमों का पालन करेंगी।

■ इसके तहत मामूली और बड़े विसंगति को वर्गीकृत करके आरटीए के जरिये तुरंत हल किया जाएगा, जिससे क्लेम अटकेंगे नहीं।

### जानिए...ये बदलाव क्यों है महत्वपूर्ण?

■ *हाल के दिनों में ऐसी खबरें आई थीं कि दुख की घड़ी में भी परिवारों को मामूली कागजी विसंगतियों के कारण अपनी ही जमा-पूंजी पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा था। सेबी के नियमों के मुताबिक, निवेशकों के हितों की रक्षा करने और दावा प्रक्रिया को पूरी तरह मुकदमेबाजी एवं झंझट मुक्त बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।*

■ *एम्फी ने अपने सभी सदस्य म्यूचुअल फंड हाउस को ये गाइडलाइंस भेज दी हैं। साथ ही, पूरे उद्योग में इस नियम को एक समान रूप से लागू करने के लिए एम्फी अब फंड कंपनियों के कर्मचारियों और रजिस्ट्रार को विशेष ट्रेनिंग भी देने जा रही है ताकि ग्राउंड लेवल पर किसी भी नॉमिनी को परेशान न किया जाए।* ■ बोनस डेस्क

## न्यूज डायरी

### लौह अयस्क बना देश का नौवां कोर सेक्टर

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों के प्रदर्शन के अधिक सटीक मापन के लिए लौह अयस्क को कोर सेक्टर में शामिल किया गया है। अब इनकी संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, उद्योगों में लौह अयस्क के उपयोग को देखते हुए इसे संशोधित इंडेक्स ऑफ कोर इंडस्ट्रीज (आईसीआई) में शामिल किया गया है। 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए तैयार की गई नई आईसीआई शृंखला 20 जुलाई को जारी होगी। यह मौजूदा 2011-12 आधार वर्ष वाली शृंखला की जगह लेगी। एजेंसी

### विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.15 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह भी यह भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़ा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 10 जुलाई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 93 करोड़ डॉलर बढ़कर 546.51 अरब डॉलर पहुंच गई। देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 2.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 105.22 अरब डॉलर रहा। विशेष निकासी अधिकार में 30 लाख डॉलर की बढ़त रही। एजेंसी

क्रूड में तेजी के बावजूद बड़ी कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों से सुधरी बाजार की धारणा

# बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी के दम पर सेंसेक्स 965 अंक चढ़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी के दम पर शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी में बंद हुए। सेंसेक्स करीब 965 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी में 262 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा, कच्चे तेल में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में खरीदारी से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि, व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा।

सेंसेक्स 964.58 अंक या 1.25 फीसदी उछलकर 78,151.45 पर बंद हुआ। दिन में यह 1,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 261.55 अंक या 1.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,334.30 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त में बंद हुए। सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 37,260 करोड़ रुपये बढ़कर 480.92 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई।




| ये शेयर सर्वाधिक उछले | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 3.91 फीसदी |
| कोटक बैंक | 3.37 फीसदी |
| टीसीएस | 3.02 फीसदी |
| रिलायंस | 2.59 फीसदी |
| एचयूएल | 2.17 फीसदी |

| ये इंडेक्स हरे निशान में | |
|---|---|
| निजी बैंक्स | 1.81 फीसदी |
| टॉप-10 बैंक्स | 1.78 फीसदी |
| बैंकेक्स | 1.58 फीसदी |
| आईटी | 1.38 फीसदी |
| वित्तीय सेवा | 1.20 फीसदी |

**विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बना बाजार :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल के 85 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने इस हफ्ते उतार-चढ़ाव को मात देकर बढ़त दर्ज की है। इस बाजार में अब निवेशकों का झुकाव मिड और स्मॉलकैप के मुकाबले लार्जकैप शेयरों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत के मजबूत आर्थिक फंडामेंटल्स और घरेलू मांग के चलते भारतीय बाजार लंबी अवधि की विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। **-विनोद नायर रिसर्च हेड, जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स**

### सोना तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

दिल्ली सराफा बाजार में सोना शुक्रवार को 800 रुपये सस्ता होकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। चांदी की कीमत में भी 2,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुआ। हालांकि, विदेशी बाजारों में सोना बढ़त के साथ 3,992 डॉलर प्रति औंस रहा।

### रुपया 12 पैसे मजबूत

रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 96.30 पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप के बाद घरेलू मुद्रा में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थम गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव है।

# पुराने विवाद सुलझाने के लिए विश्वास 2026 योजना शुरू

### ईपीएफओ की पहल के तहत छह महीने तक मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** कारोबारियों और नियोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने विश्वास-2026 योजना की शुरुआत की है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत शुरू इस एकमुश्त विवाद समाधान का उद्देश्य नियोक्ताओं को भविष्य निधि के बकाया पर लगने वाले हर्जाने और जुर्माने से जुड़े पुराने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने का मौका देना है। यह योजना 29 जून, 2026 से आगामी छह माह के लिए प्रभावी रहेगी।

इसका लाभ उठाने के लिए नियोक्ताओं को आवेदन से पहले वैधानिक ब्याज जमा करना होगा। यह वचनपत्र भी देना होगा कि समझौते के बाद वे आगे कानूनी अपील नहीं करेंगे। कोर्ट केस, लंबित नोटिस और वसूली प्रमाणपत्र वाले मामले भी दायरे में आएंगे।

### जुर्माने की दर बेहद कम

इस पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी योजना के तहत, 14 जून 2024 से पहले की डिफॉल्ट अवधि के लिए जुर्माने की दरें बेहद कम की गई हैं। ■ 2 महीने तक की चूक : महज 0.25 फीसदी प्रति माह। ■ 2 से 4 महीने तक की चूक : 0.50 फीसदी प्रति माह। ■ 4 महीने से अधिक की चूक : 1.00 फीसदी प्रति माह।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### रेलवे भर्ती बोर्ड ने निकाली भर्ती

टेक्नीशियन के पदों पर करें आवेदन



**6557 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 29 जुलाई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष व 33 वर्ष
यहां आवेदन करें : www.rrbapply.gov.in

**नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ■ 500 पद**
असिस्टेंट के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 07 अगस्त, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : nationalinsurance.nic.co.in

**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ■ 259 पद**
माइनिंग सरदार व अन्य पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 05 अगस्त, 2026
पात्रताएं : दसवीं व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : nclcil.in

**एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ■ 114 पद**
असिस्टेंट इंजीनियर व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 31 जुलाई, 2026
योग्यताएं : इंजीनियरिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : ngel.in

**ओएनजीसी में करें आवेदन ■ 52 पद**
इंजीनियर व अन्य पदों पर नौकरी के मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 31 जुलाई, 2026
योग्यताएं : इंजीनियरिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : ongcindia.com

**बीईएमएल लिमिटेड ■ 23 पद**
कार्यकारी निदेशक व अन्य पदों पर संभावनाएं
आवेदन की अंतिम तिथि : 01 अगस्त, 2026
योग्यताएं : इंजीनियरिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : bemlindia.in

### विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी...

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली : कार्यपालक अभियंता का पद रिक्त।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 07 अगस्त, 2026
■ home.iitd.ac.in
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ : लेखा अधिकारी आदि के पद खाली।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 03 अगस्त, 2026
■ svpuat.edu.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## एजुकेशन & कॅरिअर

अगर मन में विश्वास हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

एग्जाम टिप्स : यूपीएससी मुख्य परीक्षा

# सिलेबस को माइक्रो-लेवल पर समझें



**श्याम सुन्दर पाठक**
एग्जाम एक्सपर्ट

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सामान्य अध्ययन (जीएस) के चारों पेपर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जीएस की अच्छी तैयारी मुख्य परीक्षा में उच्च अंक और अंतिम चयन की संभावना को काफी बढ़ाती है। चारों पेपर आपकी अवधारणात्मक समझ, विश्लेषण क्षमता, समसामयिक घटनाओं की जानकारी तथा उत्तर लेखन कौशल का मूल्यांकन करते हैं। चूंकि जीएस के सभी पेपर एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, इसलिए उनकी तैयारी समग्र दृष्टिकोण और सही रणनीति के साथ एक साथ करनी चाहिए।

**■ संभावित प्रश्नों का अभ्यास करें**

सामान्य अध्ययन (जीएस) का सिलेबस भले ही छोटा दिखाई दे, लेकिन इसकी गहराई काफी अधिक होती है। इसलिए हर टॉपिक को तीन स्तरों पर तैयार करें-पहले उसके मूल कॉन्सेप्ट को समझें, फिर उसका विश्लेषण करें और अंत में उसे करंट अफेअर्स से जोड़ें। हर विषय से पूछे गए पुराने प्रश्नों और संभावित प्रश्नों का अभ्यास करें, ताकि तैयारी परीक्षा के अनुसार हो सके। जीएस में केवल पढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समझ, विश्लेषण और प्रभावी प्रस्तुति का संतुलन ही अच्छे अंक दिलाता है। इस प्रकार की रणनीतिक तैयारी से उत्तरों में गुणवत्ता, स्पष्टता और परिपक्वता आती है।

**■ उत्तर लेखन का अभ्यास करें**

मुख्य परीक्षा के लिए शुरुआत से ही उत्तर लेखन का अभ्यास करें। प्रतिदिन दो से तीन उत्तर लिखें और हर उत्तर में परिचय, मुख्य भाग व निष्कर्ष रखें। उत्तर को बहुआयामी, समाधान-उन्मुख और संतुलित बनाएं तथा जहां संभव हो, डायग्राम/फ्लोचार्ट का उपयोग करें। आर्थिक सर्वेक्षण, नीति आयोग और अन्य विश्वसनीय रिपोर्टों का उचित उल्लेख करें। याद रखें, यूपीएससी में ज्ञान के साथ उसकी प्रभावी प्रस्तुति भी अच्छे अंक दिलाती है।

**■ हर मुद्दे को बहु-आयामी दृष्टिकोण से देखें**

सामान्य अध्ययन में एक ही मुद्दे को कई कोणों से देखने की क्षमता ही आपको अलग बनाती है। उदाहरण के लिए, किसी भी विषय को आप इस तरह देख सकते हैं- ऐतिहासिक दृष्टिकोण, सामाजिक दृष्टिकोण, आर्थिक दृष्टिकोण, प्रशासनिक दृष्टिकोण, तकनीकी दृष्टिकोण, पर्यावरणीय दृष्टिकोण और नैतिक दृष्टिकोण। जब आप किसी मुद्दे को इतने आयामों से समझते हैं, तो आपका उत्तर स्वाभाविक रूप से समृद्ध हो जाता है।

- *स्टैंडर्ड बुक पढ़ें और पुस्तकों की संख्या सीमित रखें।*
- *नोट्स में केवल परीक्षा और उत्तर लेखन के उपयोगी बिंदु लिखें।*
- *डिजिटल नोट्स बनाएं, ताकि उन्हें आसानी से खोजा और अपडेट किया जा सके।*
- *एथिक्स के उत्तरों में मानवीय, संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण रखें।*

**■ छोटे नोट्स बनाएं**

नोट्स का उद्देश्य पढ़ाई को आसान बनाना है, न कि नया बोझ बढ़ाना। प्रत्येक विषय के एक से दो पेज के संक्षिप्त और उपयोगी नोट्स बनाएं, जिनमें केवल उत्तर लेखन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदु हों। एथिक्स (जीएस-4) में अच्छे अंक पाने के लिए मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं, प्रत्येक विषय के चार से पांच उदाहरण तैयार रखें तथा केस स्टडी का उत्तर समस्या, हितधारक, विकल्प, समाधान और नैतिक सिद्धांत के क्रम में लिखने का अभ्यास करें।

**इंटर्नशिप अलर्ट**

### आईपीएसआर इंटर्नशिप

- **पात्रताएं :** किसी भी स्ट्रीम के बीटेक/यूजी/पीजी/डिप्लोमा या प्लेसमेंट या आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रहे छात्र आवेदन के पात्र हैं।
- **अवधि :** दो सप्ताह से छह माह
- **फायदे :** इंटर्नशिप सर्टिफिकेट
- **आवेदन लिंक :** ipsrsolutions.com/summerinternship/

**अंतरराष्ट्रीय पहल**

### इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड

- **संस्थान :** यूनिवर्सिटी ऑफ सरे
- **पात्रताएं :** फुल-टाइम मास्टर्स प्रोग्राम में पढ़ाई करने लिए एक ऑफर लेटर हो।
- **फायदे :** चुने गए छात्रों को 5,000 जीबीपी (लगभग छह लाख से अधिक रुपये) की ट्यूशन फीस में छूट मिलेगी।
- **अंतिम तिथि :** 03 अगस्त, 2026
- **आधिकारिक लिंक :** surrey.ac.uk

**फेलोशिप प्रोग्राम**

### टीच फॉर इंडिया फेलोशिप

- **कार्यानुभव :** एक फेलो के तौर पर, आप पढ़ाने और लीडरशिप से जुड़ी बहुत कीमती स्किल्स सीखेंगे और एक जैसे सोच-विचार वाले शिक्षकों और मेंटर्स के बड़े नेटवर्क से जुड़ेंगे। इसके साथ ही, आप एलुमनाई नेटवर्क का हिस्सा बनेंगे।
- **अंतिम तिथि :** 01 अगस्त, 2026
- **आधिकारिक लिंक :** apply.teachforindia.org/

**आवेदन आमंत्रित**

### फुलब्राइट फॉरेन लैंग्वेज टीचिंग असिस्टेंट प्रोग्राम

- **पात्रताएं :** आवेदकों के पास प्रथम श्रेणी में मास्टर डिग्री या स्नातक डिग्री होनी चाहिए।
- **अंग्रेजी दक्षता :** अंग्रेजी में दक्षता होनी चाहिए और चयनित होने पर टीओईएफएल परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- **अंतिम तिथि :** 10 अगस्त, 2026
- **आधिकारिक लिंक :** tinyurl.com/3at624ns

**वीकली जीके**

1. **इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्विरल, जो हाल ही में उत्तराखंड में देखी गई थी, मुख्य रूप से किस क्षेत्र में पाई जाती है?**
(a) दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया
(b) ऑस्ट्रेलिया
(c) उत्तरी अमेरिका और दक्षिणी अमेरिका
(d) दक्षिण अफ्रीका
2. **जुलाई 2026 में, 31वां 'दिव्य कला मेला' किस शहर में आयोजित किया गया था?**
(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता
(c) चेन्नई (d) हैदराबाद
3. **कुष्ठ रोग, जिसे हाल ही में जम्मू और कश्मीर में 'नोटिफिएबल डिजीज' घोषित किया गया था, किस पैथोजन (रोगाणु) के कारण होता है?**
(a) बैक्टीरिया (b) वायरस
(c) फंगस (d) प्रोटोजोआ
4. **'ऑल इंडिया वॉटर सेक्रेटरीज कॉन्फ्रेंस 2026' कहां आयोजित किया गया था?**
(a) नई दिल्ली (b) चेन्नई
(c) हैदराबाद (d) बंगलूरू

उत्तर : 1.a, 2.b, 3.a, 4.a

18 जुलाई, 1857

## आज का दिन



बंबई (अब मुंबई) विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। यह भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित आधुनिक विश्वविद्यालयों में से एक है।

■ **1743 :** न्यूयार्क के साप्ताहिक अखबार में पहली बार आधे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित हुआ था।
■ **1872 :** ब्रिटेन में चुनाव में गुप्त मतदान अधिनियम आया था।
■ **1918 :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म हुआ था।
■ **2012 :** हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता राजेश खन्ना का निधन हुआ था।

**व्रत त्योहार**

**आज :** आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी।
**कल :** कौमारिकी षष्ठी, वर्षा ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** सायं 16.30 से 18.00 तक।

■ सूर्योदय : 05.39
■ सूर्यास्त : 19.15
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 28 आषाढ़ मास शक 1948, श्रावण मास 04 प्रविष्टे, 04 सफर हिजरी 1448, आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 27.29 तक उपरांत सप्तमी, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र 18.11 तक उपरांत हस्त नक्षत्र, परिध योग 19.22 तक उपरांत शिव योग, कौलव करण 15.35 तक उपरांत तैतिल करण, चंद्रमा कन्या राशि में दिन-रात।

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** मानसिक उथल-पुथल बनी रहेगी। नौकरी में सावधानी बरतें। साझेदारी के व्यवसाय में सहनशीलता अपनाएं।

**वृष :** अनुभवी का मार्ग दर्शन मिलेगा। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी। इच्छापूर्ति में विलंब होगा।

**मिथुन :** दिनमान सहायक रहेगा। बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है। अटके कार्य पूर्ण होंगे। विवाद से बचें।

**कर्क :** अध्ययन में रुचि रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बना रहेगा। व्यवसाय में उतावलेपन से बचें।

**सिंह :** दिनमान श्रम साध्य रहेगा। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**कन्या :** स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। नौकरी में सावधानी बरतें।

**तुला :** भाग्य सहायक रहेगा। नौकरी में उन्नति का अवसर मिल सकता है। विरोधी शांत रहेंगे। शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक :** मनोत्साह बना रहेगा। नौकरी प्राप्ति का अवसर मिल सकता है। अचानक अर्थ प्राप्ति संभव है। घर में शांति रहेगी।

**धनु :** पूर्वनियोजित कार्य अधूरे रहेंगे। अचानक व्यय हो सकता है। कार्य क्षेत्र में धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर :** अनजानी आशंका बनी रहेगी। नौकरी में मान-सम्मान बना रहेगा। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें।

**कुंभ :** मनोइच्छा पूर्ति का अवसर मिलेगा। अधिकारी अनुकूल रहेंगे। व्यवसाय में लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मीन :** सरकारी क्षेत्र में सावधानी बरतें। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

**सुडोकू**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | 5 | | 2 | |
| | | | | 8 | 1 | | | 3 |
| 4 | | | | | 7 | | | 1 |
| 3 | | 5 | | 9 | | 1 | | |
| 8 | 4 | | | 5 | | | 7 | 6 |
| | | 7 | | 6 | | 3 | | 2 |
| 6 | | | 5 | | | | | 9 |
| 9 | | | 3 | 2 | | | | |
| | 3 | | 8 | 1 | | | 6 | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

**उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 | 1 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 |





# मेसी के लिए 'अनलकी' विन्सिक फाइनल में रेफरी, तस्करी में पकड़े गए थे

## फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना की आखिरी हार में निभाई थी स्लोवेनियाई रेफरी ने अहम भूमिका

**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्वकप 2026 का निर्णायक मुकाबला रविवार रात अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होगा। फाइनल के लिए फीफा ने शुक्रवार को रेफरी और सहायक रेफरी के नाम की घोषणा की। इस चर्चित मैच में मुख्य रेफरी की जिम्मेदारी स्लोवेनिया के स्लावको विन्सिक को सौंपी गई है।

इस नाम को सुनने के बाद अर्जेंटीना फुटबाल टीम के प्रशंसक नाखुश हैं। विन्सिक का अर्जेंटीना के साथ कड़वा इतिहास है।इसके अलावा विन्सिक ड्रग्स, हथियार और यौन तस्करी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी नियुक्ति विवादित मानी जा रही है। खास बात यह है कि विन्सिक स्पेन के लिए भाग्यशाली माने जाते हैं, जिनकी रेफरी के तौर पर मौजूदगी में स्पेन ने कई बड़े मुकाबले जीते हैं।

46 वर्षीय विन्सिक को सबसे ज्यादा चर्चा अर्जेंटीना की फीफा विश्वकप में आखिरी हार के दौरान मुख्य रेफरी की भूमिका निभाने के लिए मिली थी। कतर में फीफा विश्वकप 2022 के दौरान 22 नवंबर को लुसैल स्टेडियम में अर्जेंटीना ने अपने पहले ग्रुप मैच में सऊदी अरब का सामना किया था। विन्सिक ने मैच के 8वें मिनट में सऊदी खिलाड़ी के लिएंड्रो पारेदेस को धक्का देने पर अर्जेंटीना को पेनल्टी दी, जिसे मेसी ने गोल में बदल दिया था। विन्सिक ने मैच में सऊदी अरब के 6 खिलाड़ियों को पीले कार्ड भी दिखाए। लेकिन इस मैच में अर्जेंटीना को 1-2 से चौंकाने वाली हार मिली थी। इससे अर्जेंटीना का लगातार 36 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत का सिलसिला टूट गया था। हालांकि इसके बाद अर्जेंटीना ने विश्वकप जीता और अब तक लगातार 11 मैच विश्वकप में जीत चुकी है, लेकिन अर्जेंटीना के प्रशंसक अब भी उस हार के लिए विन्सिक को दोषी मानते हैं। इसके अलावा विन्सिक एक संदिग्ध वेश्यावृत्ति गिरोह पर पुलिस छापे के दौरान गिरफ्तार भी हुए थे। एजेंसी



**02** मैच में रेफरी रहे थे विन्सिक कतर में खेले गए उस विश्वकप के दौरान

### इस विश्वकप में भी रेड कार्ड विवाद में फंसे

विन्सिक मौजूदा विश्वकप में भी मेक्सिको बनाम इक्वाडोर मैच के दौरान तब विवाद में फंसे थे, जब उन्होंने सैंटियागो जिमेनेज से बहस के दौरान मुंह ढंकने के लिए पिएरो हिकांपी को चेतावनी देने के बजाय सीधा रेड कार्ड दिखा दिया था।

### विश्वकप में विन्सिक...

- फीफा विश्वकप 2022 रेफरी के तौर पर स्लावको विन्सिक का पदार्पण टूर्नामेंट था।
- 04 मैच में मौजूदा विश्वकप के दौरान फाइनल समेत रेफरी रहेंगे विन्सिक।

### नाम घोषित होते ही आंखों में आए आंसू

फीफा के रेफरी विभाग ने विन्सिक की नियुक्ति की घोषणा की। यह सुनकर विन्सिक की आंखों में आंसू आ गए, जिसका वीडियो फीफा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। फाइनल में विन्सिक के अलावा टोमाज क्लैंकनिक (सहायक रेफरी-1), एंड्राज कोवाचिक (सहायक रेफरी-2), अधम मखादमेह (चौथे अधिकारी) और अलकलाफ (आरक्षित सहायक रेफरी) को भी चुना गया है।

### हिटमैन के संन्यास की अटकलें खारिज

# लॉर्ड्स में रोहित का नहीं होगा अंतिम मैच : बोर्ड



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाला मौजूदा शृंखला का तीसरा और निर्णायक मुकाबला हिटमैन रोहित शर्मा का अंतिम मैच नहीं होगा। बीते कुछ दिनों से चल रही ऐसी अटकलों को बीसीसीआई ने खारिज कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को कहा, मीडिया में हिटमैन के संन्यास को लेकर जो अटकलें लगाई जा रही हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि लॉर्ड्स रोहित शर्मा का अंतिम मैच नहीं है।

बोर्ड सचिव ने जोर देकर कहा, मैं बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि रोहित भारतीय वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं। वह जब तक टीम का योजनाओं का हिस्सा रहेंगे, तब तक देश के लिए खेलते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार बोर्ड के बड़े पदाधिकारी इस बात से कतई खुश नहीं हैं कि मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस मामले को किस नजरिये से देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चर्चा चली थी कि टीम प्रबंधन रोहित शर्मा की जगह युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को ज्यादा मौके देना चाहता है। बोर्ड सचिव ने यह बयान देर रात टीम के सभी हितधारकों से चर्चा के बाद जारी किया है। इस मामले में खुद बीसीसीआई सचिव सैकिया ने हस्तक्षेप किया है। एजेंसी

## शर्मा की फॉर्म खराब नहीं है : कोटक

**कार्डिफ।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने रोहित शर्मा की खराब प्रदर्शन के लिए हो रही आलोचना को खारिज करते हुए कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद पूर्व भारतीय कप्तान न तो दबाव में हैं और न ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। दूसरे वनडे मैच के बाद कोटक ने कहा, मुझे नहीं लगता कि रोहित जैसे काबिल खिलाड़ी पर किसी तरह का दबाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह सही है कि उन्होंने दो मैचों में रन नहीं बनाए, पर मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ता है। कोटक ने यह जवाब तब दिया जब उनसे पूछा गया था कि क्या यशस्वी जायसवाल या ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को सीरीज खत्म होने के बाद वनडे में सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि वह संघर्ष कर रहे थे। लेकिन शायद वह जिन शॉट को आमतौर पर ऊपर की ओर खेलते हैं उन पर सहज महसूस नहीं कर रहे थे। एजेंसी

**विराट-गंभीर में होती है खूब बात**
कोटक ने उन बातों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच आमने-सामने के बजाय तीसरे व्यक्ति के जरिये बातचीत होती है। कोटक ने कहा, विराट और गंभीर के बीच दिन में करीब 10 से 12 बार बातचीत होती है।

## विश्वकप विजेता भारतीय फिक्सिंग में गिरफ्तार

**कोलंबो।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की शुरुआत से पहले ही एक भारतीय खिलाड़ी शुक्रवार को श्रीलंका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अंडर-19 विश्वकप 2018 की विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे मनजोत कालरा पर दूसरे खिलाड़ियों को मैच फिक्सिंग के लिए तैयार करने की कोशिश करने का आरोप है। अंडर-19 विश्वकप फाइनल में शतक बनाने वाले 27 वर्षीय कालरा एलपीएल की टीम जाफना किंग्स के सह-मालिकों में से एक है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कालरा व एक अन्य भारतीय नागरिक युवराज पुष्पा को खेल संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस विशेष जांच दल (एसआईयू) ने हिरासत में लेकर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जिसने उन्हें 31 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एजेंसी

### न्यूज डायरी

#### डोप में फंसे पाकिस्तानी क्रिकेटर नवाज निलंबित

**दुबई।** डोपिंग में फंसे पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को आईसीसी ने तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है। टी-20 विश्वकप के दौरान नवाज ने नशीले पदार्थ का सेवन किया था। बाद में वह डोप टेस्ट में विफल हो गए। उन पर निलंबन 1 मई से लागू होगा। नवाज का सैंपल 7 फरवरी को नीदरलैंड से मैच के दौरान लिया गया था। एजेंसी

#### हंसिका ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में जीता रजत

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत विजेता हंसिका लांबा ने पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। फाइनल में हंसिका यूक्रेन की नतालिया को कड़ी टक्कर देने के बावजूद पॉइंट्स के आधार पर 0-5 से हार गईं। एजेंसी

#### महिला हॉकी विश्वकप की भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** बेल्जियम-नीदरलैंड में 15 अगस्त से होने वाले महिला हॉकी विश्वकप के लिए भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे होंगी। **टीम :** सविता, बिचू देवी, इशिका चौधरी, सुशीला चानू, लालथंतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास, निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, लालरेमसियामी, रुतुजा, नवनीत, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग। एजेंसी

# कोच को विजयी विदाई देने उतरेगा फ्रांस

## फीफा विश्वकप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में हैरी केन की इंग्लैंड के साथ भिड़ेगी म्बापे की टीम

**मियामी।** फीफा विश्वकप 2026 में फाइनल से पहले शनिवार रात को तीसरे स्थान के लिए इंग्लैंड-फ्रांस का आमना-सामना होगा, जो सेमीफाइनल मुकाबले हारकर ट्रॉफी होड़ से बाहर हो चुकी हैं। खिताबी मुकाबले से दूर होने के कारण दोनों ही टीमें भावनात्मक रूप से टूटी हुई हैं, लेकिन विश्वकप से कम से कम कांस्य पदक लेकर वापस जाने की बात उन्हें जोश दिला सकती है।

फ्रांस को फुटबाल पावर बनाने वाले कोच डिडियर डेसचैंप्स इस मैच में आखिरी बार लेस ब्लूज की कमान संभालेंगे। ऐसे में काइलिन म्बापे के नेतृत्व वाला फ्रांस विजयी विदाई देने के लिए मैदान में उतरेगा। हालांकि फ्रांस की राह में इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और फॉर्म में चल रहे युवा स्ट्राइकर जूड बेलिंघम चुनौती बनकर खड़े दिखाई देंगे। म्बापे के सामने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में अब भी एक रिकॉर्ड बनाने का मौका है। म्बापे इस विश्वकप में 8 गोल कर गोल्डन बूट की होड़ में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी (8 गोल) के साथ सबसे आगे हैं। यदि म्बापे इंग्लैंड के खिलाफ 2-3 गोल करने में सफल रहते हैं तो वे मेसी को इतना पीछे छोड़ देंगे, जहां से फाइनल में मेसी के लिए वापसी करना संभव नहीं होगा। म्बापे ने विश्वकप 2022 में भी गोल्डन बूट जीता था।

**फ्रांस-इंग्लैंड बदल सकते हैं अपनी शुरुआती टीम...** मैच की बहुत ज्यादा अहमियत नहीं होने के चलते फ्रांस-इंग्लैंड अपनी शुरुआती टीम बदल सकते हैं। शुरुआत में दोनों टीमें उन खिलाड़ियों को मौका दे सकती हैं, जिन्हें इस विश्वकप में कम मौका मिला है। हालांकि विश्वकप इतिहास में कुल 20 गोल करके नंबर-1 की होड़ में मेसी (21 गोल) के ठीक पीछे चल रहे म्बापे यह रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए शुरू से ही खेलने उतर सकते हैं। इंग्लैंड की तरफ से भी 6-6 गोल दाग चुके कप्तान हैरी केन और जूड बेलिंघम शुरुआत के बजाय बीच में खेलने उतर सकते हैं। एजेंसी



मैच रात 2:30 बजे

सेमीफाइनल में फ्रांस की हार के बाद म्बापे व डेसचैंप्स। फाइल फोटो

### स्वर्णिम रहा है कोच के तौर पर डेसचैंप्स का कॅरिअर

फ्रांस के साथ डेसचैंप्स का 14 साल लंबा कोच के तौर पर साथ स्वर्णिम रहा है। करीब 14 साल के कार्यकाल में 57 वर्षीय डेसचैंप्स ने फ्रांस को 2018 विश्वकप का खिताब जिताया था और चार साल बाद 2022 में भी फाइनल में पहुंचाया था। काइलिन म्बापे भी डेसचैंप्स के ही कार्यकाल में चमके हैं।

इंग्लैंड का कोई खिलाड़ी और ना ही कोई भी फ्रांसीसी खिलाड़ी यह मैच खेलना चाहता है। सभी फाइनल खेलने आए थे और इसके लिए सबकुछ झोंका था। फिर भी असफल रहे। **-थॉमस ट्यूशेल, इंग्लैंड के कोच**

**72** गोल इंग्लैंड ने और 41 गोल फ्रांस ने किए हैं, दोनों टीमों के बीच मैचों के दौरान

**आमने-सामने**
32 मैच
17 इंग्लैंड जीता
10 फ्रांस जीता
05 ड्रॉ रहे

**विश्वकप में...**
- 03 बार दोनों टीमों के बीच भिड़ंत में 2 बार इंग्लैंड व 1 बार फ्रांस जीता है।
- **1966 विश्वकप (ग्रुप स्टेज) :** इंग्लैंड ने फ्रांस को 2-0 से हराया था।
- **1982 विश्वकप (ग्रुप स्टेज) :** इंग्लैंड ने फ्रांस को 3-1 से हराया था।
- **2022 विश्वकप (क्वार्टर फाइनल) :** फ्रांस ने इंग्लैंड को 2-1 से मात दी थी।

### पहली बार खास अंगूठी भी पहनेंगे विजेता

**न्यूयॉर्क।** विश्वकप इतिहास में पहली बार विजेता टीम के खिलाड़ियों को स्वर्ण पदकों के साथ खास अंगूठी भी दी जाएगी। अमेरिकी फुटबाल एनएफएल की तर्ज पर दी जा रही अंगूठी की फोटो फीफा ने जारी की है, जिस पर एक तरफ विश्वकप ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के हिसाब से खास डिजाइन भी उकेरा जाएगा। ऐसी 30 अंगूठियों में से हर एक पर खास नंबर होगा। साथ इसके असली होने का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। एजेंसी



### खास है फीफा विश्वकप ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** फीफा विश्वकप फाइनल में विजेता टीम को दी जाने वाली ट्रॉफी 1970 के दशक में तैयार की गई थी। दरअसल ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा खिताब जीतकर हमेशा के लिए ट्रॉफी जीत ली थी। इसके बाद फीफा ने विश्वकप ट्रॉफी का नया डिजाइन तैयार करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें इटली के मूर्तिकार सिल्वियो गजानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में मौजूदा डिजाइन तैयार किया था। एजेंसी

### पेले की जर्सी 47 करोड़ में बिकी

**न्यूयॉर्क।** ब्राजील के दिग्गज फुटबालर पेले की 1958 के विश्वकप फाइनल में पहनी 10 नंबर जर्सी नीलामी में 49 लाख डॉलर (47 करोड़ 21 लाख रुपये) में बिकी है। पेले ने 17 वर्ष की उम्र में रासुंडा स्टेडियम में स्वीडन के खिलाफ ब्राजील की 5-2 की खिताबी जीत में दो गोल किए थे। फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड पेले का है। यह दूसरी सबसे महंगी फुटबाल जर्सी है। डिएगो माराडोना की 1986 विश्वकप क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी। एजेंसी

# नहीं रहे 6 गेंद में 6 छक्के लगाने वाले सोबर्स

**बारबाडोस।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज गैरी सोबर्स का शुक्रवार को निधन हो गया। दिग्गज कैरेबियाई ऑलराउंडर सोबर्स ने 89 वर्ष की उम्र में बारबाडोस स्थित घर में आखिरी सांस ली। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। सोबर्स को टेस्ट क्रिकेट में सबसे महान ऑलराउंडर माना जाता है, जो बाएं हाथ से गजब की आक्रामक बल्लेबाजी करते थे तो आर्थोडॉक्स व कलाई की स्पिन के साथ तेज गेंदबाजी भी करते थे। वह असाधारण फील्डर भी थे। आईसीसी हर साल सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर को गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से ही सम्मानित करती है। 1968 में सोबर्स ने नॉटिंघमशायर के लिए खेलते हुए ग्लैमोरगन के गेंदबाज मैल्कम नैश के ओवर में 6 छक्के लगाए थे। 1975 में नाइटहुड (सर) की उपाधि से सम्मानित सोबर्स को 2000 में विजडन क्रिकेटर्स अल्मानैक ने सदी के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक माना था। एजेंसी



1936 से 2026

- **16** साल की उम्र में 1952 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट पदार्पण।
- 18 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया।
- 1954 से 1974 तक वेस्टइंडीज के लिए खेले।
- 365* रन 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ बनाए।
- 36 साल यह किसी बल्लेबाज का उच्चतम स्कोर था।
- 39 टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी की।
- 8,000 टेस्ट रन बनाने व 200 विकेट लेने वाले दो खिलाड़ियों में से एक थे सोबर्स।

**एक नजर में बल्लेबाजी...**

| प्रारूप | मैच | रन | औसत | उच्चतम |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 93 | 8032 | 57.78 | 365* |
| प्रथम श्रेणी | 383 | 28314 | 54.87 | 365* |

**गेंदबाजी में गैरी...**

| प्रारूप | विकेट | औसत | श्रेष्ठ | 5/10 |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 235 | 34.03 | 6/73 | 6/0 |
| प्रथम श्रेणी | 1043 | 27.74 | 9/49 | 36/1 |

**साहस** एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली देश की पहली महिला शूटर का बीमारी के कारण चलना हो गया था बंद

# पिस्टल भी नहीं उठती थी, अब निशाने पर एशियाड स्वर्ण

हेमंत रस्तोगी

**नई दिल्ली।** निशानेबाज राही सरनोबत ने वैसे तो राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, लेकिन 2022 की विश्व चैंपियनशिप उनके दिमाग में छप चुकी है। यह वह चैंपियनशिप थी जिसमें खेलने के लिए वह भारतीय टीम के साथ जाने की तैयारी कर रही थीं। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

वह न्यूरोलॉजिकल डिसॉर्डर की शिकार हो गईं, जिससे वह ढंग से चल भी नहीं पा रही थीं। डेढ़ वर्ष बाद वह कुछ ठीक हुई थीं तो उन्होंने अपनी .22 पिस्टल को फिर थामा, लेकिन शुरुआत में वह पिस्टल भी नहीं उठा पा रही थीं। राही ने हिम्मत नहीं हारी और एक बार फिर उन्होंने एशियाड के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है।



### तब लगा कभी शूटिंग नहीं कर पाऊंगी

चीन में होने जा रहे विश्वकप से पूर्व राही ने अमर उजाला को बताया कि उन्हें लगा कि वह अब कभी शूटिंग नहीं कर पाएंगी, लेकिन एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज राही के लिए शूटिंग ही उनकी ताकत बन गई। राही बताती हैं कि उनकी मेडिकल टीम और परिवार ने उन्हें बिस्तर से खड़ा होने लायक बनाया। भारतीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं था, लेकिन खुद को फिट किया और ट्रायल-4 में जीत हासिल कर एशियाड टीम में जगह बनाई।

**टीम के साथ डॉक्टर होना सही रहेगा...** राही बड़े टूर्नामेंटों में टीम के साथ एक डॉक्टर होने की भी वकालत करती हैं। इस वर्ष म्यूनिख में हुए विश्वकप के दौरान राही भी वहां थीं। राही बताती हैं कि कोच जसपाल राणा को वहां समस्या हुई थी और उन्होंने डॉक्टर को भी दिखाया था। राही कहती हैं कि अगर टीम के साथ कोई डॉक्टर होगा तो इससे टीम के प्रदर्शन पर तो कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन जसपाल सर जैसा या मेरे जैसा कुछ मामला होता है तो डॉक्टर का होना फायदेमंद रहेगा।

- *वर्ष 2022 में विश्व चैंपियनशिप में जाने से पहले राही न्यूरोलॉजिकल डिसॉर्डर से पीड़ित हो गई थीं।*

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए प्रकाशक जुगल किशोर गौड़ द्वारा, अमर उजाला लिमिटेड, 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक जुगल किशोर गौड़ द्वारा अमर उजाला लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201306 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

# बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें
amarujala.com/entertainment

मैं बड़ा पैशनेट एक्टर हूं। पहले दिन से लेकर डबिंग खत्म होने तक पूरी तरह पैशनेट रहता हूं। इसके बाद पूरी तरह निर्मोही हो जाता हूं। -केके मेनन

परदे पर गंभीर किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले कलाकार केके मेनन अभिनय को अलग नजरिये से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है।

# 'सीन के दौरान मैं केके मेनन नहीं रहता'

**वेब सीरीज** 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान अमर उजाला से बातचीत में अभिनेता केके मेनन ने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की।

**अंदर से किरदार नहीं निकलेगा तो एक्टिंग फेक लगेगी**

सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मेरी एक्टिंग फेक लगेगी। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझाना, क्योंकि उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।'

'स्क्रिप्ट जितनी पढ़ो, हर बार कुछ नया मिलता है।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरी बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'



**आज भी पहले दिन टेंशन होती है**

करीब तीन दशक के लंबे कॅरिअर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने सालों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, जरूरी टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम अच्छा नहीं होता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है तब होता है। बस उस टेंशन को स्ट्रेस नहीं बनाना चाहिए।'

**पूरी तरह निर्मोही हो जाता हूं**

क्या कभी किसी ठुकराए हुए रोल का अफसोस हुआ? इस सवाल पर उनका जवाब था, 'मैं बड़ा पैशनेट एक्टर हूं। पहले दिन से लेकर डबिंग खत्म होने तक मैं पूरी तरह पैशनेट रहता हूं। उसके बाद मैं पूरी तरह निर्मोही हो जाता हूं। मैं किसी फिल्म या सीरीज की सफलता या असफलता से खुद को नहीं जोड़ता, क्योंकि मुझे पता है कि हमने जितनी ईमानदारी और पैशन के साथ काम करना था, कर लिया। अब उस काम की अपनी किस्मत है। मुझे उससे चिपककर रहने की जरूरत नहीं है। पहले मुझे भी दुख होता था। फिर लगा कि मैं इतना तनाव क्यों ले रहा हूं? उसका कोई फायदा नहीं है। वह अपना रास्ता खुद बनाएगा। आपको सिर्फ इस बात की खुशी होनी चाहिए कि आप उसका हिस्सा थे। ऐसे शोज हैं, जिन्हें उन्होंने आज तक नहीं देखा।'

# अक्तूबर से शुरू होगा 'बिग बॉस 20'

चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। इसे लेकर एक नया अपडेट आया है।



**हाई** वोल्टेज ड्रामा, लड़ाई-झगड़े, विवादों और इमोशन्स से भरपूर रियलिटी शो 'बिग बॉस' की लोकप्रियता दर्शकों के बीच अलग ही है। इसके अब तक 19 सीजन आ चुके हैं। अब दर्शकों को 'बिग बॉस 20' का इंतजार है। एक बार फिर सलमान खान बतौर होस्ट शो की कमान संभालते दिखेंगे।

**कब तक शुरू हो सकता है शो?**

बेसब्री से 'बिग बॉस 20' का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए नया अपडेट आया है। अक्तूबर में यह शो दस्तक दे सकता है। हालांकि शो कब शुरू होगा, इसे लेकर कोई तारीख सामने नहीं आई है। न ही कोई आधिकारिक पुष्टि हुई है।

अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने अपनी दोस्त मौनी रॉय के साथ डेटिंग की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने उनकी दोस्ती को रिश्ते का नाम देने की कोशिश की।

# मौनी संग डेटिंग की अफवाहों पर भड़के अर्जुन बिजलानी

**हाल** ही में अर्जुन बिजलानी और मौनी रॉय का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे डिनर के बाद साथ निकलते दिखे। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर तरह-तरह की बातें होने लगीं।

**एक हेडलाइन के लिए गॉसिप बना दिया**

अर्जुन बिजलानी ने कहा, 'प्रिय क्लिकबेट पेजेज, दो लोग जो 15 साल से दोस्त हैं, वे अचानक कपल नहीं बन जाते सिर्फ, इसलिए कि किसी गॉसिप पेज को हेडलाइन चाहिए। कभी-कभी लोग एक-दूसरे के साथ सिर्फ इसलिए खड़े होते हैं, क्योंकि उनका दोस्त मुश्किल दौर से गुजर रहा होता है। हर दोस्ती को रोमांटिक एंगल देना जरूरी नहीं है, सिर्फ व्यूज के लिए। कुछ भी पब्लिश करने से पहले थोड़ा फैक्ट चेक करना बहुत जरूरी है। हमें अपनी बनाई कहानियों के लिए जिम्मेदार होना चाहिए।' बता दें कि अर्जुन और मौनी पिछले 15 साल से एक-दूसरे को जानते हैं और कई बार अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात कर चुके हैं।



बात पते की

## रबी के लिए बीजों पर 50% अनुदान

# अभी करें ऑनलाइन आवेदन



**रबी** सीजन 2026-27 के लिए यूपी सरकार ने 50 फीसदी अनुदान पर प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य किसानों को कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है।

**मिलेंगे इन फसलों के बीज**

किसान गेहूं, चना, मटर, मसूर, जौ, सरसों समेत कई फसलों के बीजों के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। विभाग ने किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

**ये हैं आवेदन की तारीखें**

इस योजना के तहत तोरिया के लिए 16 अगस्त 2026, दलहन एवं तिलहन के लिए 10 सितंबर 2026 और गेहूं व अन्य रबी फसलों के लिए किसान 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

■ ऑनलाइन बुकिंग : किसान https://agridarshan.up.gov.in वेबसाइट पर जाकर अपनी पसंदीदा फसल के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। ■ लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से होगा।

## कृषि यंत्र खरीदने के लिए पाएं आर्थिक सहायता



**यूपी** के कृषि विभाग ने 2026-27 के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। कृषि यंत्रों की खरीद के लिए किसान 30 जुलाई 2026 रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**ऐसे करें आवेदन**

- किसान https://agriculture.up.gov.in के 'किसान कॉर्नर' में 'यंत्र बुकिंग प्रारंभ' विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- योजना के तहत कृषि ड्रोन, लेजर लैंड लेवलर, रोटावेटर, पावर टिलर, कंबाइन हार्वेस्टर, स्ट्रॉ रीपर, मिनी राइस मिल समेत कई कृषि यंत्रों पर अनुदान मिलेगा।

फसल मंत्र

### सब्जियों की लगाएं नर्सरी, बोएं चारा फसलें

- चारा फसलों, सब्जियों की बुआई व नर्सरी का यह सही समय है। चारा ज्वार की पूसा चरी-9, पूसा चरी-6 या अन्य संकर किस्मों की बुआई करें। प्रमाणित बीज का उपयोग करें। 40 कि.ग्रा./हेक्टेयर बीज दर रखें।
- किसान इस समय मिर्च, बैंगन और सितंबर में तैयार होने वाली फूलगोभी की नर्सरी तैयार करें। स्वस्थ पौध तैयार करने और वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए शेड नेट का उपयोग करें तथा नर्सरी को लगभग 6.5 फीट ऊंचाई तक नेट से ढककर रखें।

*सब्जियों की बुआई के लिए लौकी (पूसा नवीन, पूसा समृद्धि), करेला (पूसा विशेष, पूसा-2 मौसमी), कद्दू (पूसा विश्वास, पूसा विकास), तोरी (पूसा चिकनी), खीरा (पूसा उदय, पूसा बरखा) की संकर किस्में चुनें।*

# मानसून में फफूंद रोगों से बचाएं फसल

**मानसून में बारिश की नमी और उमस के कारण खरीफ फसलों में फफूंद जनित रोग तेजी से फैलते हैं। रोग का संदेह होने पर लक्षणों की पहचान करें और रोकथाम के लिए ट्राइकोडर्मा जैसे जैव-नियंत्रकों अथवा पंजीकृत फफूंदनाशियों का निर्धारित मात्रा में उपयोग करें।**

**मा**नसून में नमी, जलभराव, धूप की कमी और घनी फसलें फफूंद जनित रोगों को बढ़ावा देती हैं। खरीफ की दलहनी, तिलहनी, अनाज व बागवानी फसलों पर इसका ज्यादा असर पड़ता है। अरहर में विल्ट व तना झुलसा, मूंग-उड़द में पत्ती धब्बा, एन्थ्रेक्नोज, शुष्क जड़ सड़न, जालीनुमा झुलसा और बाद में चूर्णिल आसिता, मटर-बीन्स-सोयाबीन में रतुआ, मूंगफली में पत्ती धब्बा व तना सड़न, सूरजमुखी में पत्ती धब्बा तथा सब्जियों और फलों में कई फफूंद रोग आम हैं। मक्का व बाजरा में कंडुआ, गन्ने में कंडुआ तथा लाल सड़न, जबकि धान में झोंका या ब्लास्ट, भूरी चित्ती, शीथ ब्लाइट और आभासी कंडुआ जैसे रोग काफी नुकसान पहुंचाते हैं। हर रोग के लक्षण भिन्न होते हैं। इसलिए, किसान फसल का निरीक्षण करते रहें। रोग के लक्षण दिखें तो नियंत्रण के उपाय अपनाएं।

**नजरअंदाज न करें बीज उपचार**

आम, मिर्च और चाय जैसी फसलों में धंसे हुए काले घाव एन्थ्रेक्नोज के लक्षण हो सकते हैं। वहीं, मक्का, बाजरा, धान व गन्ने में दानों की जगह काला चूर्ण कंडुआ रोग का संकेत हो सकता है। इन रोगों की रोकथाम के लिए विशेषज्ञ की सलाह के आधार पर ट्राइकोडर्मा आधारित जैव एजेंट या कार्बेन्डाजिम-टेबुकोनाजोल या अन्य स्वीकृत बीजोपचार पंजीकृत फफूंदनाशी से करें।



**जैव नियंत्रक दवाओं का ऐसे करें उपयोग**



खेत में जलभराव न होने दें, पौधों के बीच पर्याप्त दूरी व नालियों को खुला रखें। खरपतवारों को नियंत्रित करें ताकि फसलों के भीतर हवा का आवागमन बना रहे। संक्रमित पौधों या उनके हिस्सों को हटाकर नष्ट कर दें, क्योंकि ये आगामी फसलों को संक्रमित कर सकते हैं। जैव उत्पादों और रासायनिक फफूंदनाशियों को एक टंकी में तभी मिलाएं, जब उत्पाद के लेबल या कृषि विशेषज्ञों द्वारा इसकी अनुकूलता स्पष्ट रूप से बताई गई हो।

-डॉ. आर.एस. सेंगर, सरदार पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, मेरठ

**■ सही पहचान करें, तभी होगा असरदार इलाज**

पत्तियों पर सफेद चूर्ण पाउडरी मिल्ड्यू हो सकता है, जिससे अंगूर, गुलाब, मटर व कद्दूवर्गीय सब्जियों को नुकसान होता है। भूरे-काले धब्बे पत्ती धब्बा रोग का संकेत हो सकते हैं, जो मूंगफली-सूरजमुखी में आम समस्या है। पत्तियों पर लाल-भूरे फफोले रतुआ का संकेत हो सकते हैं, जो सोयाबीन व बीन्स को नुकसान पहुंचाता है। पत्ती के नीचे रुई जैसी परत (डाउनी मिल्ड्यू) से कद्दूवर्गीय सब्जियां व सरसों प्रभावित सकती है।

**■ तना और फल सड़ने लगें तो हो जाएं सतर्क**

मूंगफली व टमाटर में तने के आधार पर रुई जैसा दिखने वाला तना गलन रोग जलभराव में ज्यादा होता है। स्ट्रॉबेरी व शिमला मिर्च के फलों पर धूसर फफूंद फल सड़न रोग का संकेत है। रोकथाम के लिए बुआई से पहले ट्राइकोडर्मा से बीज व मिट्टी का उपचार करें। पंजीकृत रासायनिक फफूंदनाशी का प्रयोग विशेषज्ञों की सलाह से संबंधित फसल, रोग व उत्पाद के लेबल पर दर्ज निर्देशों के अनुसार करें।

**■ रोगरोधी किस्में चुनें, जैव एजेंट अपनाएं**

टमाटर, बैंगन व कपास की पत्तियों का पीला पड़कर मुरझाना फ्यूजेरियम विल्ट और पुराने पत्तों पर छल्लेदार धब्बे अर्ली ब्लाइट के लक्षण हो सकते हैं। रोकथाम के लिए रोगरोधी व प्रमाणित किस्में ही चुनें, स्वस्थ पौध सामग्री का उपयोग करें और संतुलित नाइट्रोजन उर्वरक दें। जैव एजेंट का उपयोग बीज, पौध, नर्सरी या मिट्टी उपचार के रूप में अनुशंसित विधि से ही करें और अनावश्यक छिड़काव करने से बचें।

नई रिसर्च

## जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ता रहेगा हरित आवरण

**जलवायु** परिवर्तन के बावजूद आने वाले दशकों में भारत और ज्यादा हरा-भरा बना रह सकता है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के नेतृत्व में किए गए संयुक्त अध्ययन में यह बात सामने आई है। जंगल, खेत और अन्य क्षेत्रों में हरियाली बढ़ेगी और पौधे हवा से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड सोखेंगे। सबसे ज्यादा हरियाली गंगा के मैदानी इलाकों, पूर्वोत्तर और पश्चिमी घाट में बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत में ज्यादा बदलाव नहीं दिखेगा। इसकी बड़ी वजह हवा में बढ़ता कार्बन डाइऑक्साइड स्तर और ज्यादा बारिश को बताया गया है, जो पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।



*अध्ययन के अनुसार, पौधों की कार्बन डाइऑक्साइड सोखने की क्षमता वर्ष 2014 के 830.1 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर सालाना से बढ़कर वर्ष 2100 तक 1304.8 ग्राम तक पहुंच सकती है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि बढ़ते तापमान में पौधे व मिट्टी कार्बन वापस भी छोड़ते हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को नुकसान पहुंचा सकता है।*

किचन गार्डन



## गमले में उगाएं ग्वार फली जैविक सब्जी का उठाएं लुत्फ

**अगर** आप घर पर ताजा, स्वादिष्ट और रसायन-मुक्त सब्जियां उगाना चाहते हैं, तो ग्वार फली एक बेहतरीन विकल्प है। इसकी खेती गमले, ग्रो-बैग या छोटी क्यारी में भी आसानी से की जा सकती है। ग्वार का पौधा कम देखभाल में अच्छी वृद्धि करता है और करीब 45-60 दिनों में फलियां देना शुरू कर देता है। सही बीज, उपयुक्त मिट्टी और नियमित देखभाल अपनाकर आप ताजा ग्वार की फलियों की अच्छी पैदावार ले सकते हैं।

■ **पौधे की अच्छी वृद्धि** के लिए हल्की, भुरभुरी और अच्छे जल निकास वाली मिट्टी चुनें। मिट्टी में गोबर की सड़ी खाद या वर्मी कम्पोस्ट मिलाएं और 8-10 इंच गहरे गमले का उपयोग करें।

**45-60 दिन में तैयार**

बुआई के लगभग 45 से 60 दिन बाद ग्वार की फलियां तैयार हो जाती हैं। फलियों को नरम और हरी अवस्था में ही तोड़ें। नियमित तुड़ाई से नई फलियां लगातार आती रहती हैं और लंबे समय तक ताजा, रसायन-मुक्त उपज मिलती है।

**1 से 1.5 इंच गहरा बोएं ग्वार के बीज**

- बीजों को 6-8 घंटे पानी में भिगोकर 1-1.5 इंच गहराई पर बोएं। पौधों के बीच 8-10 इंच की दूरी रखें ताकि उनकी अच्छी वृद्धि हो सके।
- बुआई के तुरंत बाद हल्की सिंचाई करें। इसके बाद सप्ताह में 2-3 बार हल्का पानी दें और मिट्टी में जलभराव न होने दें।
- पौधों को रोज 6 घंटे सीधी धूप चाहिए। समय पर खरपतवार हटाएं। 15 दिन में जैविक खाद और सप्ताह में एक बार नीम तेल का स्प्रे कर दें।

प्रयोगधर्मी किसान

मिसाल

नाम : नवीन कुमार

## गाजर की खेती से टैक्सी चालक बना लखपति किसान

***हरियाणा के झज्जर जिले के डावला गांव के किसान नवीन कुमार ने टैक्सी चलाने का काम छोड़कर गाजर की खेती शुरू की। आज वे 11 एकड़ में खेती कर लाखों रुपये कमा रहे हैं।***



**करीब** 10 साल पहले नवीन ने अपने भाई की सलाह पर एक एकड़ में गाजर की खेती शुरू की। पहली ही फसल से मिले शानदार उत्पादन और मुनाफे ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने धीरे-धीरे रकबा बढ़ाकर आज 11 एकड़ में आधुनिक तकनीक से गाजर की सफल खेती स्थापित कर ली है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर अब पूरे डावला गांव में लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में गाजर की खेती की जा रही है।

**■ जैविक तरीके से फसल की देखभाल**

अच्छी पैदावार के लिए नवीन खेत की गहरी जुताई व लेजर लेवलिंग करते हैं। फिर एक फुट चौड़े व 9-12 इंच ऊंचे बेड तैयार कर 15 अगस्त के बाद उपयुक्त तापमान (28-30 डिग्री सेल्सियस) पर लाल गाजर की उन्नत किस्म की बुआई करते हैं। शुरुआती खरपतवार नियंत्रण के बाद फसल की जैविक देखभाल की जाती है। करीब तीन महीने में फसल तैयार हो जाती है और नवंबर के अंत से खोदाई शुरू हो जाती है।

**■ तरबूज-खरबूजा से अतिरिक्त आय**

नवीन ने बताया कि उन्हें एक एकड़ से करीब 200 क्विंटल गाजर का उत्पादन मिल जाता है। खेती पर 15-20 हजार रुपये प्रति एकड़ खर्च आता है, जबकि फसल 80 हजार से 1 लाख रुपये तक बिक जाती है। वह सीधे ठेकेदारों को गाजर बेचते हैं, जिससे तय कीमत मिलती है। नवीन अन्य किसानों को बीज और खरीदार उपलब्ध कराने में भी मदद करते हैं। गाजर के बाद वह खरबूजा और तरबूज की खेती कर साल भर अच्छी आय प्राप्त करते हैं।

देश-दुनिया

# अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों व विनिमय कार्यक्रम वालों के लिए वीजा नियम सख्त

## पत्रकारों के लिए भी कड़े किए नियम...भारतीयों पर इसका पूरा असर पड़ने की संभावना

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने विदेशी छात्रों, विनिमय कार्यक्रम के तहत आने वाले लोगों और पत्रकारों के लिए वीजा नियमों को सख्त कर दिया है। इसके साथ ही दशकों पुरानी वह नीति खत्म हो गई है जिसके तहत वे बिना सरकारी निगरानी के देश में अनिश्चित काल तक रह सकते थे। इस कदम से बड़ी संख्या में भारतीयों पर असर पड़ने की भी संभावना है। इसके तहत एफ, जे और आई श्रेणी के गैर प्रवासी वीजा धारकों के लिए देश में रहने की एक निश्चित अवधि तय की गई है।

अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने एक बयान में कहा कि नए नियमों के तहत 'एफ' श्रेणी का वीजा छात्रों के लिए, 'जे' श्रेणी का वीजा विनिमय कार्यक्रम के तहत आने वाले लोगों के लिए और 'आई' श्रेणी का वीजा पत्रकारों के लिए नए नियम तय किए गए है। नियम के तहत 'एफ' श्रेणी के वीजा धारकों के लिए स्नातक के बाद देश छोड़ने, स्कूल बदलने या अपनी वीजा स्थिति में बदलाव करने के लिए मिलने वाली समय-सीमा को 60 दिनों से घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। फिलहाल छात्रों की पढ़ाई की अवधि के साथ स्नातक के बाद वैकल्पिक प्रायोगिक प्रशिक्षण (ओपीटी) के जरिये तीन साल तक की अवधि के लिए छात्र वीजा मान्य होते हैं। एजेंसी



**आई और जे वीजाधारकों के नियम**

नए नियम के तहत, मीडिया के सदस्यों के लिए 'आई' वीजा की अवधि अधिक से अधिक 240 दिन और चीनी नागरिकों के लिए 90 दिन होगी। मौजूदा नियमों के तहत पत्रकारों के वीजा के लिए कोई तय समय-सीमा नहीं है और यह कई वर्षों तक चल सकता है। डीएचएस ने कहा, गैर प्रवासी छात्रों (एफ श्रेणी के वीजा) और विनिमय कार्यक्रम के तहत (जे श्रेणी) वीजा धारकों को उनके खास कार्यक्रम की अवधि के लिए प्रवेश दिया जाएगा, लेकिन यह अवधि 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**आव्रजन प्रणाली का गलत फायदा उठाया जा रहा**

डीएचएस (गृह मंत्रालय) के मंत्री मार्कवेन मुलिन ने कहा, दशकों से विदेशी छात्रों को अमेरिका में अनिश्चित काल के लिए आने की इजाजत दी जाती रही है, जिससे हजारों लोग अमेरिका छोड़ने से बचने के लिए लगातार पाठ्यक्रमों में दाखिला लेकर हमारी आव्रजन प्रणाली का गलत फायदा उठाते रहे हैं। यह अंतिम नियम यह सुनिश्चित करता है कि विदेशी छात्र अपने मुख्य उद्देश्य यानी अपनी पढ़ाई पूरी करने और घर लौटने पर ध्यान दें। इससे पहले भी अमेरिका आव्रजन को लेकर सख्त नीति अपनाता रहा है।

**अकादमिक बदलावों पर सख्त पाबंदी भी**

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से लगभग 31 प्रतिशत छात्र भारत से हैं। जिन वीजा धारकों को अपना अकादमिक कार्यक्रम पूरा करने के लिए और समय चाहिए, उन्हें सीधे अमेरिका नागरिकता एवं आव्रजन सेवा के माध्यम से प्रवास की अवधि बढ़ाने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन करना होगा। डीएचएस ने कहा, इससे निगरानी की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कर्मचारी से हटकर संघीय अफसरों के पास चली जाती है और आवेदकों को बायोमेट्रिक, पृष्ठभूमि और धोखाधड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। यह नियम अकादमिक बदलावों पर सख्त पाबंदियां लगाता है।

# यूरोप में गर्मी...इस साल मारे गए करीब 10 हजार लोग

**लंदन।** यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक, तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, जून के अंत में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया।

जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। एजेंसी

**जून के अंत में तेज तापमान ने यूरोप के कुछ हिस्सों में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़े**



गर्मी से बचाव करते लोग।

- **भीषण गर्मी की आवृत्ति बढ़ी :** जलवायु परिवर्तन की वजह से भीषण गर्मी की आवृत्ति बढ़ रही है। यूरोएमओएमओ के आंकड़े कहते हैं, 28 जून को खत्म हुए सप्ताह में करीब 14,260 अधिक मौते हुईं। इनमें से 12,000 से अधिक मौतें 65 वर्ष और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की थीं। यह उस हफ्ते हुई कुल 84,583 मौतों में से था।
- **स्पेन में भीषण गर्मी से 937 मौतें :** स्पेन में भीषण गर्मी से करीब 937 लोगों की मौत हुई। बेल्जियम ने कहा, 18 जून से 1 जुलाई तक भीषण गर्मी 1,747 ज्यादा मौतें हुईं। नीदरलैंड में भी इस साल भीषण गर्मी से करीब 480 लोगों की मौत हुई है।

**ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सबसे गर्म रहे :** जर्मनी ने इस साल जुलाई की शुरुआत तक गर्मी से 6,830 मौतों की बात कही। इनमें से 6,470 लोगों की उम्र 65 वर्ष या उससे अधिक थी। ब्रिटेन में मई-जून में इंग्लैंड-वेल्स में गर्मी से करीब 2700 लोग मरे। फ्रांस में 22-28 जून के बीच इससे पूर्ववर्ती सप्ताह के मुकाबले 2,000 अधिक मौतें दर्ज की गईं।

## राष्ट्रीय चुनाव से पहले इस्राइली संसद भंग

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सत्ताधारी गठबंधन के आखिरी पलों में कई विधेयक पारित करने के बाद शुक्रवार तड़के इस्राइली संसद (नेसेट) भंग कर दी गई। नेसेट का ग्रीष्मावकाश के लिए शुक्रवार को सत्रावसान होने वाला था लेकिन अब 27 अक्तूबर को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के बाद ही अगला सत्र होगा। संसद को ऐसे समय भंग किया गया है जब नेतन्याहू अगले चुनाव से पहले अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस्राइल सात अक्तूबर के उस हमले की तीसरी बरसी के करीब भी पहुंच रहा है, जिसके कारण लगभग तीन साल से युद्ध चल रहा है। इस्राइल में जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि विपक्षी दलों को भारी समर्थन मिल रहा है। एजेंसी

## मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप सुनामी का अलर्ट

**प्यूर्टो माडेरो।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य चियापास के तटीय इलाके में शुक्रवार को 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र प्यूर्टो माडेरो शहर के पास जमीन से केवल 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके बाद कई झटके भी महसूस किए गए। इन झटकों की तीव्रता 6.1, 5.2 और 4.5 रही। इस भूकंप के कारण मेक्सिको, ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर सहित मध्य अमेरिका के कई हिस्से हिल गए। सोशल मीडिया पर आए दृश्यों में इमारतें तेजी से हिलतीं और दीवारों से सामान गिरता दिखा। इसके तुरंत बाद लोग इमारतों से बाहर निकल आए। एजेंसी

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बुलन्दशहर**

पत्रांक कृ०उ०म०स०/सफाई व्यवस्था / 2026 - 16 दिनांक- 15/07/2026

**सफाई ठेका की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति बुलन्दशहर के सम्पूर्ण परिसर एवं उप मण्डी स्थल औरंगाबाद के सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था ठेके पर कराये जाने हेतु अवशेष वित्तीय वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए दिनॉक 27.07.2026 के सांय 5:00 बजे तक ऑन लाईन ई-टैण्डर आमन्त्रित किये जाते हैं। टैण्डर फार्म रू0 295.00 का बैंक ड्राफ्ट / नकद ए०पी०एम०सी बुलन्दशहर के पक्ष में देय होगा। नवीन मण्डी स्थल बुलन्दशहर हेतु रू0 1.83 लाख एवं उप मण्डी स्थल, औरंगाबाद हेतु रू0 1.10 लाख मात्र की एफ०डी०आर०/एन०एस०सी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बुलन्दशहर के नाम बंधक कराकर जमानत राशि के रूप में मूल रूप में जमा करनी होगी। ऑन लाईन टैण्डर etender.up.nic.in वेबसाईट पर दिनांक - 27.07.2026 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। प्रतिभूति एवं अपलोड किये गये समस्त दस्तावेजों की हार्डकापी मण्डी समिति कार्यालय में उसी दिन सांय 5:00 बजे तक प्रत्येक दशा में जमा करनी होगी। निविदादाता को वित्तीय बिड में टैण्डर की दरें प्रतिमाह जी०एस०टी० सहित अंकित करनी होंगी। बिना कारण बताये टैण्डर निरस्त करने का अधिकार मण्डी समिति में निहित होगा। शेष नियम एवं शर्तों की जानकारी etender.up.nic.in वेबसाईट पर देखी / डाउनलोड की जा सकती हैं।

सचिव सभापति

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बुलन्दशहर

# कॉलेस्ट्रॉल घटाने वाली अपनी तरह की पहली दवा एफडीआई से मंजूर

## अब तक सिर्फ महंगे इंजेक्शन से होता था उपचार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (एफडीए) ने हृदय रोगियों के लिए पहली बार ऐसी गोली को मंजूरी दी है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को काफी हद तक कम कर सकती है। मर्क कंपनी की इस नई दवा का ब्रांड नाम लिपफेंड्र है। यह पहली ऐसी इंजेक्शन-रहित दवा है, जो पीसीएसके-9 नामक प्रोटीन को ब्लॉक करके काम करती है। अब तक यह उपचार केवल महंगे इंजेक्शन के जरिये ही उपलब्ध था। इससे कई को लाभ मिलेगा। एजेंसी

**अध्ययन के अच्छे नतीजे**

मर्क को एफडीए की मंजूरी दो बड़े क्लीनिकल ट्रायल के आधार पर मिली। पहले अध्ययन में 3,000 मरीज शामिल रहे। लिपफेंड्र लेने वाले मरीजों में 6 महीने बाद एलडीएल कोलेस्ट्रॉल 55% से अधिक कम हो गया। दूसरे अध्ययन में मरीजों में 59% तक इस कोलेस्ट्रॉल की कमी दर्ज की गई, जबकि प्लेसीबो (डमी दवा) लेने वालों में ऐसा असर नहीं देखा गया। एक साल तक दवा का प्रभाव लगभग बरकरार रहा।

**खाली पेट ही लेना होगा नई स्वीकृत दवा**

शोध के अनुसार लिपफेंड्र दवा सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं। इसे लेने के बाद चक्कर आने या दस्त होने की शिकायतें आई हैं। डॉक्टरों ने बताया कि इस दवा को खाली पेट लेना होगा। यह हृदयरोगियों के लिए फायदेमंद रहेगी।

**PUNE MUNCIPAL CORPORATION**
**CHIEF ENGINEER ROAD DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDERS (N.I.T) YEAR 2026-2027**

Tender Sale Date:- 18/07/2026 to Date:-27/07/2026 upto 2:30 PM
Bid Submission Start & End Date:- 18/07/2026 to Date:-27/07/2026 upto 2:30 PM
Technical Envelope Opening Date: 28/07/2026, 3:00 PM

| Tender No. | Name Of Work | Estimate Cost(Cr.) put to the Tender Excluding GST | NIT Mode | EMD Amount | Work Period | One Envelope/Two Envelope | New Work/ Retender Work | Concern Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/ROAD/ 2026/39 | Appointment of an Expert Consultant for carrying out. Pre-Tender and Post-Tender Activities for the development of a 24.00 m wide D.P. Road from Keshavnagar Bridge to Mundhwa (Survey Nos. 53, 52, 54 and 42) under the Public-Private Partnership (PPP) model through the Development Credit Note (DCN) mechanism, under the initiative for development of city D.P. roads and bridges with private participation. | 25 CR | B-2 | 500/- | 24 MONTH | Two Envelope (B-2) | New Work | Mr. Pravin Jagtap 7030200496 |

B) If sales or submission not been available on last day also & it is not ben submitted will be sole responsible of tender.
C) Online tender process information will be available at Road Department, Pune Muncipal Corporation.
D) As per office order No. 32, dated 22/04/2016 EMD deposite amount will be acceptable through Online Banking Only.
Tender rate for above Pre & Post tender activity works & appointment of consultant for (PMC) Project Management Consultancy to be filled on Company letter head as per financial bid in (Envelope 2) to be uploaded will be considered only.

XXX
SUPERITENDENT Engineer (Road)
Pune Muncipal Corporation

Advt No.3/390 Dt. 17.07.2026

**उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड**
लेन नं० 3 भवन नं० 23, शास्त्रीनगर हरिद्वार रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड 248001
Website : www.ukmssb.org, Email: ukmssbdun@gmail.com, Ph. 0135-2665366

विज्ञप्ति संख्या :– 32/2026 दिनांक: 17 जुलाई 2026

**चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) परीक्षा–2026**

**कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार सम्बन्धी सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या: उ0चि0से0च0बो0/परी0/06/2024–25/294, दिनांक: 09 अप्रैल 2026 के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार दिनांक **03 अगस्त 2026 (सोमवार)** से कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड में आयोजित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में तिथि एवं समय, साक्षात्कार स्थल एवं महत्त्वपूर्ण सूचनाएं प्रवेश पत्र के माध्यम से प्रसारित की जायेगी। अर्ह अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **25 जुलाई 2026** से चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.ukmssb.org** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

नोट– अंतिम रुप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 21 जुलाई, 2026 को प्रकाशित किये जायेंगे। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे समय–समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

सचिव

# जापान : शाही परिवार में पुरुष ही होगा उत्तराधिकारी

## संशोधन विधेयक पास, पुरुष संख्या घटने के बीच भावी संकट की आशंका

**टोक्यो।** जापान की संसद ने शुक्रवार को 19वीं सदी के शाही परिवार कानून (इंपीरियल हाउस लॉ) में एक ऐतिहासिक संशोधन विधेयक पारित किया। इस संशोधन में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल पुरुष उत्तराधिकारी ही सम्राट बन सकते हैं।

इस कानून के लागू होने से आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले से ही घट रहे जापान के शाही परिवार का भविष्य संकट में पड़ सकता है। इन बदलावों में भविष्य के उत्तराधिकारी पैदा करने के लिए दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेना और राजकुमारियों को आम लोगों से शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा बनाए रखने की इजाजत देना शामिल है। सम्राट नारुहितो की 24 साल की बेटी राजकुमारी आइको बहुत लोकप्रिय हैं और कई जापानी चाहते हैं कि वही उनकी उत्तराधिकारी बनें। हालांकि, महिला होने के कारण राजकुमारी आइको इसके लिए पात्र नहीं हैं। एजेंसी

### शाही परिवार के 16 वयस्कों में से सिर्फ पांच पुरुष



जापान के शाही परिवार में शाही बच्चों में लड़कों को अधिक अहमियत दी जाती है। हिसाहितो पिछले चार दशकों में पैदा होने वाले पहले ऐसे लड़के हैं। शाही परिवार के 16 वयस्कों में से सिर्फ पांच पुरुष हैं, वहां कोई बच्चे नहीं हैं। यह बात इसलिए अहम है क्योंकि पीएम सनाए तकाइची और अन्य रूढ़िवादी नेता इस बात पर जोर देते हैं कि पुरुषों की वंश-परंपरा ही सम्राट के अधिकार और वैधता का एकमात्र स्रोत है और यही आने वाले उपायों का आधार होगा। जापान में उत्तराधिकार के लिए सिर्फ पुरुषों को ही चुने जाने के नियम का मतलब है कि सम्राट के किशोर भतीजे और उत्तराधिकार की कतार में दूसरे नंबर पर मौजूद राजकुमार हिसाहितो ही संभवतः अगले उत्तराधिकारी बनेंगे।

# स्टारशिप की उड़ान आखिरी क्षणों में टली इंजन में गड़बड़ी से रोका गया प्रक्षेपण

## स्वचालित सुरक्षा प्रणाली ने ही निरस्त कर दी लॉन्चिंग



अंतिम क्षणों में रोक दी गई रॉकेट की लॉन्चिंग।

**स्टारबेस (टेक्सास)।** दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकिटों में शामिल स्पेसएक्स के स्टारशिप की बहुप्रतीक्षित परीक्षण उड़ान आखिरी क्षणों में टाल दी गई। इंजन प्रज्वलन के दौरान तकनीकी गड़बड़ी सामने आने पर स्वचालित सुरक्षा प्रणाली सक्रिय हो गई और प्रक्षेपण रोक दिया गया।

इस घटनाक्रम के बाद कंपनी के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई। स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क ने कहा है कि आवश्यक तकनीकी सुधार के बाद अगले सप्ताह फिर से प्रक्षेपण का प्रयास किया जाएगा। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण टेक्सास स्थित स्पेसएक्स के स्टारबेस लॉन्च परिसर से गुरुवार को होने वाली परीक्षण उड़ान निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी। लॉन्च विंडो खुलने के कुछ ही मिनट बाद कंपनी ने अपने आधिकारिक प्रसारण में घोषणा की कि तकनीकी कारणों से आज का मिशन स्थगित किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सभी रैप्टर इंजन अपेक्षित तरीके से शुरू नहीं हो सके, जिसके चलते स्वचालित लॉन्च निरस्तीकरण प्रणाली सक्रिय हो गई। एजेंसी

# मोस्ट वांटेड गैंगस्टर नीतीश कौशल की वरमोंट में गिरफ्तारी : एफबीआई

## हत्या, अपहरण, मादक पदार्थ तस्करी में शामिल होने का आरोप



नीतीश कौशल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने गैंगस्टर नीतीश कौशल को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर अमेरिका में हत्या, अपहरण और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। यह गिरफ्तारी उसे 'मोस्ट वांटेड' अपराधियों की सूची में शामिल किए जाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। एफबीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नीतीश कौशल को वरमोंट में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एफबीआई ने कहा कि भारतीय नागरिक कौशल ने भगवानपुरिया संगठित अपराध गिरोह के लिए हिंसा को अंजाम दिया, जिनमें अपहरण, मारपीट मामले भी शामिल थे। एजेंसी

### *भारत के पंजाब से शुरू हुआ अपराध समूह*

*एफबीआई ने कहा, जग्गू भगवानपुरिया समूह भारत के पंजाब राज्य में शुरू हुआ था और कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट व अन्य जगहों पर काम करता था। अमेरिकी जिला अदालत, लॉस एंजिलिस ने 25 जून को कौशल के खिलाफ संगठित अपराध और भ्रष्ट संगठनों से संबंधित कानून के तहत आपराधिक षडयंत्र रचने का आरोप लगाया गया था।*

## विदेश संक्षेप

### चीन में भूस्खलन से कई घर दबे, 1000 को सुरक्षित जगह भेजा



भूस्खलन से दबे घर।

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगछिंग शहर में शुक्रवार को हुए भीषण भूस्खलन में कई रिहायशी इमारतें मलबे में दब गईं। इस घटना के बाद 1,100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जबकि कई लोग मलबे में फंस गए। अब तक कम से कम 10 को मलबे से सुरक्षित निकाला गया है और तलाशी एवं बचाव अभियान जारी है। एजेंसी

### युगांडा में स्कूली बस दुर्घटनाग्रस्त, बीस बच्चों सहित 21 मौतें

**कंपाला।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 20 बच्चों सहित 21 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने एक्स पर कहा, पूर्वी युगांडा के कपचोरवा जिले में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह बस इलाके के सिपी झरने के एक शैक्षणिक टूर से लौट रही थी। घायल तीन वयस्क व कई बच्चे स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराए गए। चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया था। एजेंसी

# ब्रिटेन में एंडी बर्नहैम बने लेबर पार्टी के नए नेता, पीएम के लिए नामित

## नई कैबिनेट में कौन-कौन शामिल होंगे इस बारे में अभी कुछ भी तय नहीं किया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एंडी बर्नहैम को देश में शुक्रवार को सत्ताधारी लेबर पार्टी का नया नेता चुन लिया गया है। इसके साथ ही वे अगले सप्ताह 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पद संभालने के लिए नामित प्रधानमंत्री बन गए हैं। लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) की चेयर शबाना महमूद ने लंदन में पार्टी के एक विशेष सम्मेलन में यह घोषणा की। इस बीच, बर्नहैम ने कहा, उन्होंने अभी यह तय नहीं किया है कि उनकी कैबिनेट में कौन-कौन शामिल होगा।

हालांकि बर्नहैम ने कहा कि उनके वरिष्ठ मंत्रियों की टीम में लेबर पार्टी के सभी हिस्सों का प्रतिनिधित्व होगा। इससे पहले पार्टी की चेयरपरसन शबाना महमूद ने कहा, सिर्फ एक ही सांसद को नामांकित किया गया था... तो यह कोई बहुत रोमांचक मुकाबला नहीं था। यानी बर्नहैम का कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था। सोमवार को, निवर्तमान पीएम स्टार्मर के औपचारिक रूप से राजा को इस्तीफा सौंपने के बाद, किंग चार्ल्स-3 बर्नहैम को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे। बर्नहैम इस दौरान मंत्रिमंडल पर भी विचार करेंगे। एजेंसी



एंडी बर्नहैम

### *एक दशक में ब्रिटेन में सातवें प्रधानमंत्री होंगे*

*ब्रिटेन में राजनीतिक हलचल के बीच पिछले एक दशक में देश को उसका सातवां प्रधानमंत्री मिलने जा रहा है। लेबर पार्टी के दिग्गज नेता एंडी बर्नहैम शुक्रवार को पार्टी के नए मुखिया चुने जाएंगे, जो सोमवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर कीर स्टार्मर की जगह लेंगे। किंग ऑफ द नॉर्थ के नाम से लोकप्रिय बर्नहैम के सामने न सिर्फ देश की सत्ता संभालने की जिम्मेदारी होगी, बल्कि तेजी से उभर रही रिफॉर्म यूके पार्टी की चुनौती से निपटना भी उनकी सबसे बड़ी परीक्षा होगी।*

### सोमवार को बनेंगे औपचारिक प्रधानमंत्री

ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर के रूप में इस क्षेत्र के हितों की रक्षा करने के कारण एंडी बर्नहैम को किंग ऑफ द नॉर्थ का नाम मिला था। शुक्रवार को होने वाले एक विशेष सम्मेलन में लेबर पार्टी के सांसदों के भारी समर्थन से उन्हें नेता चुन लिया गया। यह आयोजन केवल एक औपचारिकता मात्र रहा। हालांकि सोमवार को औपचारिक रूप से देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी को उनकी कैबिनेट टीम और सरकार चलाने के उनके तौर-तरीकों के बारे में पता चलेगा।

## स्वर्ण सिंह और सादिक खान बने ब्रिटेन के नए पीयर

**लंदन।** भारतीय मूल के मनोचिकित्सक व शिक्षाविद प्रोफेसर स्वर्ण सिंह और लंदन के मेयर सादिक खान को पीयर का दर्जा दिया गया है यानी दोनों अब ब्रिटेन की संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य बनेंगे। यह एलान कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे से पहले किया गया। स्टार्मर ने गत माह लेबर पार्टी के नेता पद छोड़ने का एलान किया था।

- स्टार्मर सोमवार को राजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात कर औपचारिक रूप से इस्तीफा देंगे। इसके बाद एंडी बर्नहम नए प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। परंपरा के अनुसार, प्रधानमंत्री के पद छोड़ने पर इस्तीफे के वक्त सम्मान देने की प्रक्रिया के तहत सरकार राजनीतिक पीयर बनाने के लिए नाम राजा को भेजती है। डाउनिंग स्ट्रीट ने साफ किया कि 26 नए पीयरों की यह सर्वदलीय सूची स्टार्मर के इस्तीफे के एलान से पहले ही तैयार की जा चुकी थी। एजेंसी

***कंजर्वेटिव पार्टी से उच्च सदन के लिए नामित तीन सदस्यों में प्रो सिंह भी***

*कंजर्वेटिव पार्टी की ओर से नामित तीन लोगों में प्रोफेसर सिंह भी शामिल हैं। वह वारविक विवि में सामाजिक-सामुदायिक मनोरोग विज्ञान के प्रोफेसर व कोवेंट्री एंड वॉरिकशायर पार्टनरशिप एनएचएस ट्रस्ट में सलाहकार मनोचिकित्सक हैं। वह पूर्व समानता और मानवाधिकार आयोग के आयुक्त रहे हैं। सिंह (60) ने पार्टी में भेदभाव व इस्लामोफोबिया की जांच करने वाली स्वतंत्र जांच की अगुवाई की थी।*

# पीओके दमन के विरुद्ध पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास पर रैली, प्रदर्शन

## विश्व समुदाय से पीओके में मानवाधिकार हनन पर ध्यान देने की अपील

**ब्रैडफोर्ड।** ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर कश्मीरी प्रवासियों ने पाकिस्तान के खिलाफ रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया। संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पीओके में दमन की ओर ध्यान देने की अपील की।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। उन्होंने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर क्षेत्र में मानवाधिकार हनन के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने लोगों की हत्या, जबरन हिरासत, घरों पर छापेमारी और आम नागरिकों, महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ हिंसा की है। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की यात्रा और पर्यटन के बहिष्कार की अपील भी की। एजेंसी

### गिलगित-बाल्टिस्तान को अस्थायी राज्य का दर्जा देने की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान की तथाकथित विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर संघीय सरकार से पर्वतीय क्षेत्र को सांविधानिक-सियासी अधिकारों के साथ अस्थायी राज्य (सूबे) का दर्जा देने की मांग की है। विधानसभा सत्र के दौरान पेश विधेयक को सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सदस्यों का समर्थन मिला। इसमें कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान आदेश 2009 से चुनी हुई विधानसभा गठित हुई और स्व-शासन को बढ़ावा मिला। एजेंसी

### पीओके में अंशाति पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र ने लगाई लताड़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान की तथाकथित विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर संघीय सरकार से पर्वतीय क्षेत्र को सांविधानिक-सियासी अधिकारों के साथ अस्थायी राज्य (सूबे) का दर्जा देने की मांग की है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' में छपी खबर के मुताबिक, विधानसभा सत्र के दौरान विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सदस्यों का समर्थन मिला। इसमें कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान (सशक्तीकरण और स्व-शासन) आदेश 2009 से चुनी हुई विधानसभा गठित हुई और स्व-शासन को बढ़ावा मिला। एजेंसी

## एससीओ के सदस्य देशों ने सीमा की स्थिति पर साझा की सूचना

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान समेत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों के अधिकारियों ने शुक्रवार को सदस्य देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की स्थिति पर सूचनाओं और आकलनों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के सक्षम प्राधिकारियों के सीमा सेवाओं के प्रमुखों की 12वीं बैठक पाकिस्तान की अध्यक्षता में इस्लामाबाद में हुई थी। बैठक में बेलारूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिज गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान के सक्षम प्राधिकारियों की सीमा सेवाओं के प्रमुखों और प्रतिनिधियों तथा शंघाई सहयोग संगठन की क्षेत्रीय आतंकवाद-विरोधी संरचना की कार्यकारी समिति ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की स्थिति के साथ-साथ इसके विकास से जुड़े रुझानों और पूर्वानुमानों के संबंध में सूचनाओं और आकलनों का आदान-प्रदान किया। एजेंसी




Applicable T&C available at your nearest dealership. *Effective Price ₹ 9.57 Lakh for Grand Vitara Sigma variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 35 000, Maximum Exchange Bonus (-) of ₹ 55 000, Loyalty Bonus (-) of ₹ 20 000, Corporate Offer (-) of ₹ 10 000 from Ex. Showroom Price of Grand Vitara Sigma at ₹ 10.77 Lakh. #Effective Price of ₹ 11.12 Lakh for XL6 Zeta variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 20 000, Scrappage Offer (-) of ₹ 25 000 from Ex. Showroom Price of XL6 Zeta at ₹ 11.57 Lakh. Exchange bonus applicable on Grand Vitara Sigma variant for vehicles aged 0–6 years; benefit may vary basis vehicle age, condition, and offer terms. The actual effective price may vary based on a customer's eligibility and applicable offers available at the time of purchase. Vehicle image displayed is of Grand Vitara Alpha+ and XL6 Alpha+, variant specific features may vary. Offers are valid only on Grand Vitara Sigma variant & XL6 Zeta variant. Offer valid until stocks last. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue any offers without notice. Prices and savings mentioned are for select variants and may vary across cities/variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Features and accessories shown may not form part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. **Finance options available by selected finance partners. Finance is at the sole discretion of the financier.




**SHOWROOMS: NOIDA:** RENAULT **(SECTOR 2)** Ph: 7290041479, RENAULT **(SECTOR 63)** Ph: 7603976213. RENAULT **GHAZIABAD CITY** Ph: 9319994356. **DELHI: SOUTH DELHI:** RENAULT **BHIKAJI CAMA** Ph: 7428190235, RENAULT **MATHURA ROAD** Ph: 7428201764. **WEST DELHI:** RENAULT **MAYAPURI** Ph: 7290039351. **NORTH DELHI:** RENAULT **DELHI NORTH (AZADPUR)** Ph: 9289631442. **GURUGRAM:** RENAULT **GOLF COURSE EXTN.** Ph: 9311700637, RENAULT **SOHNA ROAD** Ph: 7428190234. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **PATPARGANJ** Ph: 7428881131. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **HAPUR** Ph: 8448890314. RENAULT **BULANDSHAHR** Ph: 8448890316. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651.